आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	26°C	11°C

इनसाइड न्यूज

एसटीएफ के बर्खास्त सिपाही की फर्म से भी हुई थी नशीले कफ...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

रविवार 30 नवंबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 50 | www.janexpresslive.com/epaper

ऑपरेशन सिंदूर: नागरिक-सैन्य सहयोग... 12

योगी ने खिचड़ी मेला को लेकर मीटिंग की

बोले, देशभर से श्रद्धालु आते हैं, 20 दिसंबर तक काम पूरा करें

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले से जुड़े सभी कार्य 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत प्राथमिकता होनी चाहिए। यह ध्यान रखा जाए कि श्रद्धालुओं को कहीं कोई दिक्कत न हो। सीएम योगी ने शनिवार पूर्वाह्न गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में खिचड़ी मेला की तैयारियों को लेकर महापौर और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले से न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश वरन बिहार, नेपाल से लगायत देश-दुनिया के सनातन मतावलंबियों की आस्था जुड़ी है। इसके दृष्टिगत मेले में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाये जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। दूरदर्शन व आकाशवाणी के जरिए मेले का सजीव प्रसारण किया जाएगा ताकि वे लोग भी मेले में वर्चुअल सहभागी हो सकें जो किंचित कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पा रहे हों।

खिचड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों का भी होगा संचलन

बैठक में सीएम योगी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खिचड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचलन किया जाएगा। इसके लिए रेलवे प्रशासन से संवाद कर अलग-अलग स्टेशनों से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचलन कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। स्पेशल ट्रेनों के संबंध में व्यापक प्रचार, प्रसार भी किया जाए। शहर के ठहराव वाले स्टेशनों से इलेक्ट्रिक सिटी बसों की सुविधा भी उपलब्ध कराई।

ठीक कर लें सड़कें, स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट रहे

बैठक में सीएम योगी ने निर्देश दिया कि नगर निगम, गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी है कि वे सभी सड़कों को भी समयबद्ध ढंग से ठीक करायें जिससे किसी को भी आवगमन में असुविधा न हो। सीएम योगी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को मेला के दौरान विशेष तौर पर अलर्ट रहना होगा। मेला परिसर में हेल्थ कैम्प भी लगाया जाए। अस्पतालों को भी एलर्ट मोड पर रखने की आवश्यकता होगी ताकि आकस्मिक जरूरत पर किसी तरह की परेशानी न हो।

रैन बसेरों में हों सभी जरूरी इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी ध्यान रखा जाए कि खिचड़ी मेले में आने वाला कोई भी श्रद्धालु खुले में न सोये, उसे निकट के रैन बसेरों में सम्मानपूर्वक आवासित कराया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी रैन बसेरों में पर्याप्त बिस्तर, कंबल तथा सफाई आदि की व्यवस्था बेहतर हो। सभी रैन बसेरों में जरूरी इंतजाम अभी से सुनिश्चित किए जाएं। श्रद्धालुओं के भोजन संबंधी सुविधा के लिए सीएम योगी ने कम्युनिटी किचन और भंडारों के आयोजन के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता भी जताई।

दुकानों की इलेक्ट्रिक सेफ्टी की हो जांच

मुख्यमंत्री ने कहा कि खिचड़ी मेले में बहुत सी अस्थायी दुकानें भी लगती हैं। इन सभी दुकानों की समय रहते इलेक्ट्रिक सेफ्टी जांच हो जानी चाहिए। मेले में लग रहे झूलों की सुरक्षा की समय रहते परख कर ली जाए। इसके साथ ही मेले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य वस्तुओं के नमूनों की जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखा जाए कि मेले में किसी भी प्रकार का मिलावटी खाद्य पदार्थ न बिकने पाए।

पर्याप्त अलाव जलवाने के हों इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि खिचड़ी मेला के समय शीतलहर का भी दौर रहता है। इस दौरान आमजन की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाने के पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए। अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था के लिए उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया।

यातायात प्रबंधन पर भी दें ध्यान

सीएम योगी ने कहा कि यातायात प्रबंधन के लिए पर्याप्त यातयात पुलिस और होमगार्ड्स की तैनाती के साथ लगातार सीसीटीवी मॉनिटरिंग की जाए। वाहनों की पार्किंग और डायवर्जन की तैयारी अभी से होनी चाहिए।

चुस्त दुरुस्त रहे सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण पर हो पूरा फोकस

सीएम योगी ने खिचड़ी मेला में सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस की पर्याप्त संख्या में तैनाती और महिला हेल्प डेस्क की स्थापना सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की कंट्रोल रूम से एकीकृत निगरानी करने के साथ ही पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस मेले के दौरान पीए सिस्टम के माध्यम से श्रद्धालुओं को लगातार जरूरी जानकारी भी देती रहे।

खिचड़ी मेला को लेकर विशेष तैयारी करे परिवहन विभाग

बैठक के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेला में आने के लिए श्रद्धालुओं को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक परिवहन की सुविधा मिलनी चाहिए। परिवहन विभाग इसके लिए अभी से बसों के इंतजाम की तैयारी शुरू कर दे। किन स्थानों से खिचड़ी मेला स्पेशल बसों का संचलन किया जाएगा, इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए।

गीडा स्थापना दिवस: यूपी बना कानून-व्यवस्था और निवेश का मॉडल स्टेट: योगी

- 1998 तक ठप थीं गतिविधियाँ, आज 45 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा ने बदली तस्वीर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर के गीडा के 36वें स्थापना दिवस समारोह में शनिवार को मुख्यमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि गीडा की स्थापना के साथ ही कई चुनौतियाँ सामने थीं। 1998 तक यहाँ कोई गतिविधि नहीं थी, आए दिन धरना-प्रदर्शन होते थे और हिंसा तक की नौबत आ जाती थी। उस समय सरकार ध्यान नहीं देती थी, जबकि गोरखपुर में इंसेफलाइटिस बच्चों के लिए कहर बनकर फैला हुआ था। सीएम ने कहा कि आज नया भारत बदल रहा है और उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद यूपी को 45 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव जमीन पर उतार दिए गए। यह सुरक्षित माहौल और सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है। गुंडागर्दी और माफिया पर की गई कार्रवाई का उदाहरण अब पूरा देश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होने दिया गया और सभी को उचित मुआवजा उपलब्ध कराया गया। आज यूपी देश को सबसे बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान कर रहा है 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे यूपी में हैं, सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, सबसे ज्यादा एयरपोर्ट और मेट्रो सिटी भी यहीं हैं।

माफियागिरी ने निवेश को किया चौपट

सीएम ने कहा कि विरासत पर गौरव के बिना कोई भी देश विकसित नहीं हो सकता। ये पूर्वी उत्तर प्रदेश आजादी के बाद से ही उपेक्षित था। माफियागिरी ने यहां के निवेश को चौपट कर दिया था। यहां के वातावरण को खराब कर दिया था। अब यहां केवल निवेश ही नहीं आता, अब देश और दुनिया का सबसे बड़ा उद्यमी भी गोरखपुर में निवेश के लिए आ रहा है। सरकार में आने के बाद सुरक्षा का माहौल, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी दी गई। इसी की देन है कि यहां पर निवेशक निवेश करके तेजी से आगे बढ़ रहा है। आठ वर्ष में यहां 500 से अधिक इकाइयां स्थापित हुई हैं। 40 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिले।

गीडा में आ रहीं बड़ी कंपनियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही प्लास्टिक पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री भी मिलेगी। गीडा से लेकर धुरियापार तक उद्योग ही उद्योग दिखेंगे। अंबुजा सीमेंट से लेकर कई बड़ी कंपनियां लगेंगी। आनेवाले समय में गीडा देश के विकसित औद्योगिक जब के रूप में अपनी एक पहचान बनाएगा। नाइलेट से एमओयू के बाद इंडस्ट्री की डिमांड के अनुसार युवाओं को तैयार किया जाएगा। स्थापना दिवस में प्रदर्शनी लगी है। इसमें 250 से अधिक स्टॉल लगे हैं।

चक्रवात दित्वाह से तबाही: दक्षिण भारत में बारिश और तूफान का कहर, उड़ानें रद्द, श्रीलंका में भी हाई अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चक्रवात दित्वाह तेजी से दक्षिण भारत की ओर बढ़ रहा है और इसके असर से तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी है।

एयर इंडिया ने यात्रियों को चेताया

एयर इंडिया ने ट्वीट कर कहा है कि चेन्नई और दक्षिण भारत के कुछ अन्य शहरों के लिए उड़ानों पर असर पड़ सकता है। यात्रियों को एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट स्टेटस जांचने की सलाह दी गई है। पुडुचेरी में प्रशासन ने लोगों से घर में रहने की अपील की है। जबकि स्कूल-कॉलेज अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं मछुआरों को समुद्र में न जाने का आदेश दिया गया है। चक्रवात के चलते 60 सदस्यीय बचाव दल मौके पर तैनात किया गया है। राज्य में सुबह से ही आसमान बादलों से ढका है और पिछले एक घंटे से लगातार तेज बारिश हो रही है।



तमिलनाडु में तेज बारिश, 28 रेस्क्यू टीम तैनात

इधर, तमिलनाडु के रमनाथपुरम और नागपट्टिनम में बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया। इस वजह से चेन्नई एयरपोर्ट पर 54 उड़ानें रद्द की गई है। वहीं रेलवे ने भी कई ट्रेनों का रूट और समय बदला है। किसानों ने बताया कि एक लाख एकड़ फसल पानी में डूबी है। वहीं सरकार ने 6000 राहत शिविर तैयार किए गए हैं और लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की है।

आंध्र प्रदेश में अगले चार दिन भारी बारिश की चेतावनी

आंध्र प्रदेश में 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक भारी बारिश और 70 किमी प्रति घंटे की तक की हवाओं का अलर्ट जारी है। मछुआरों को समुद्र में जाने की सख्त मनाही है।

चक्रवात का नाम क्यों 'दित्वाह'?

इस तूफान का नाम यमन ने सुझाया था। दित्वाह यमन के सोकोट्रा द्वीप पर स्थित दित्वाह लैगून (खारे पानी की झील) के नाम पर रखा गया है।

श्रीलंका में आपातकाल, 123 की मौत

चक्रवात दित्वाह श्रीलंका में भयानक तबाही के बाद भारत की ओर बढ़ा है। राष्ट्रपति दिसानायके ने आपातकाल लागू किया। अस्पताल, सेना और राहत एजेंसियों को तेजी से काम करने का आदेश। सरकारी आंकड़े के मुताबिक, अब तक 123 लोगों की मौत, 130 लापता हैं। वहीं भारत ने 27 टन राहत सामग्री और बचाव दल भेजे हैं। कोलंबो एयरपोर्ट पर फंसे भारतीयों की मदद के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन शुरू की गई है।

रौलाकोट ग्राम पंचायत की बड़ी पहल: अब बिना अनुमति नहीं बिकेगी ग्रामीणों की पुश्तैनी जमीन

- भू-माफियाओं पर लगेगी रोक, ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पारित किया प्रस्ताव, मजबूर ग्रामीणों की मदद भी करेगा गांव

जन एक्सप्रेस। टिहरी

जनपद के प्रतापनगर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही भूमि खरीद-फरोख्त और भू-माफियाओं की दखलंदाज़ी को रोकने के लिए ग्राम पंचायत रौलाकोट ने ऐतिहासिक फैसला लिया है। ग्राम प्रधान अरविंद प्रसाद नौटियाल की अध्यक्षता में हुई सार्वजनिक बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब गांव की सीमा के भीतर कोई भी भू-माफिया बिना ग्राम पंचायत की अनुमति के जमीन नहीं खरीद सकेगा।

भू-माफियाओं की अवैध गतिविधियों से परेशान ग्रामीण

बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि टिहरी झील के किनारे बसे कई गांवों की पुश्तैनी जमीनें भू-माफियाओं द्वारा ओने-पौने दामों पर खरीदी जा रही हैं। कुछ मामलों में सरकारी तंत्र के कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज तक कराए जाने की शिकायतें उठीं। ग्रामीणों का कहना है कि बाहरी लोगों द्वारा जेसीबी से पहाड़ियों की अवैध कटिंग करवाई जा रही है, जिससे लगातार भू-स्खलन का खतरा बढ़ रहा है और क्षेत्र का प्राकृतिक माहौल प्रभावित हो रहा है। ग्राम प्रधान अरविंद प्रसाद नौटियाल ने बैठक में स्पष्ट किया कि अब कोई भी ग्रामीण अपनी जमीन भू-माफियाओं को नहीं बेचेगा। यदि कोई व्यक्ति मजबूरी में जमीन बेचता है, तो खरीदार और विक्रेता दोनों को पंचायत को सूचना देनी अनिवार्य होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि किसी ग्रामीण को आर्थिक मजबूरी के कारण जमीन बेचनी पड़ रही है, तो गांव के लोग मिलकर उसकी मदद करेंगे, ताकि उसकी पुश्तैनी जमीन बचाई जा सके।

गांव की आत्मा को बचाना जरूरी: ग्राम प्रधान

ग्राम प्रधान नौटियाल ने कहा कि पंचायत के पास अधिकार है कि वह गांव की हर गतिविधि पर नजर रखे और गलत कार्यों का विरोध करे। उन्होंने कहा, भारत की आत्मा गांवों में बसती है। इसलिए हमारे गांव के माहौल, संस्कृति और जमीन को माफियाओं से बचाना बेहद जरूरी है।

बैठक में मौजूद रहे ग्रामीण

सार्वजनिक बैठक में ग्राम पंचायत सदस्य कविता देवी, सविता देवी, पूनम देवी, रेखा देवी, मकानी देवी, गुड्डी देवी, ममता देवी, समरवीर सिंह, उत्तम धनाई, श्रीराम, जगमोहन सिंह, बसंत लाल, मस्तराम, धीरज समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

लखनऊ में कार सवार का तांडव, कई गाड़ियों को मारी टक्कर, लोगों पर चढ़ाने की कोशिश; तीन लोग घायल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शनिवार शाम करीब 5 बजे बंथरा कस्बा में क्रेटा कार सवार ने जमकर तांडव मचाया। उसने पहले कार से कई वाहनों को टक्कर मारी। फिर कार घुमाकर लोगों पर चढ़ा दी। हादसे में एक शिक्षिका सहित तीन लोग घायल हो गए। उसके इस उत्पात से गुस्साए लोगों ने कार पर ईंट-पत्थर बरसाने के साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले कार सवार आरोपी गाड़ी छोड़कर भाग निकला। मामले में घायल शिक्षिका ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कार को कब्जे में लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा क्रेटा कार सवार बंथरा कस्बा पहुंचते ही ऑटो को रुकवाकर उसके चालक की धुनाई करने लगा। चालक को पिटता देख मौजूद लोगों ने बीच बचाव करने की कोशिश की। इस पर कार चालक उन पर भड़क गया। बीच बचाव करने पहुंचे लोगों से भी मारपीट करने लगा। इस पर वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। खुद को भीड़ से घिरता देख कार चालक ने अपनी कार स्टार्ट कर लोगों को रौंदकर भागने लगा। उसकी इस करतूत से गुस्साए लोगों ने कार पर ईंट-पत्थर चला दिए। लेकिन, इसके बाद भी कार चालक अपनी गाड़ी आगे पीछे करके लोगों पर चढ़ाने की कोशिश करने लगा। उधर, इस घटना में कार की चपेट में आकर सरोजनी नगर के गौरी निवासी स्कूटी सवार शिक्षिका दिव्या वर्मा के अलावा बंथरा निवासी सुशील गुप्ता (50) और गुड्डू (55) घायल हो गए। बाद में उन्हें आनन- फानन पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया।

श्रीमद्भगवद्गीता मानवता का शाश्वत ज्ञान बनकर पूरे विश्व को दिखा रहा दिशा: धामी

जन एक्सप्रेस। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता मानवता का शाश्वत ज्ञान है और यह जीवन की मार्गदर्शिका है। उत्तराखंड सरकार ने राज्य के विद्यालयों में गीता के श्लोकों का पाठ अनिवार्य किया है। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कुरूक्षेत्र, हरियाणा में अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो दिव्य उपदेश प्रदान किया, वही श्रीमद्भगवद्गीता के रूप में मानवता का शाश्वत ज्ञान बनकर पूरे विश्व को दिशा दिखा रहा है। इस भूमि से धर्म, कर्तव्य, सत्य, निष्काम कर्म और आत्मोन्नति का संदेश सम्पूर्ण मानव समाज में प्रवाहित हुआ। इस भव्य महोत्सव के माध्यम से गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने हरियाणा सरकार एवं स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन की कालजयी मार्गदर्शिका है। यह एक ऐसा दिव्य प्रकाशपुंज है, जिसमें

मनुष्य के आचरण, चिंतन, कर्तव्य, भक्ति, ज्ञान और जीवन व्यवहार का अद्वितीय संकलन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बचपन से ही गीता का अनुसरण करते हैं। पहले गीता के सार के कथनों के माध्यम से समझते थे, वे अपने प्रत्येक निर्णय, कर्म और जीवन के हर मोड़ पर गीता के उपदेशों को अपने मार्गदर्शक के रूप में रखते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए किया गया कार्य ही सबसे बड़ा धर्म है। यह संदेश उन्हें सदैव प्रेरणा देता है कि व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थ और अहंकार से ऊपर उठकर निष्काम भाव से समाज, राष्ट्र और संपूर्ण मानवता की सेवा करना ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक युग में भौतिकता की दौड़ में जब मानव जीवन जटिल और तनावपूर्ण हो गया है, ऐसे समय में गीता का संदेश और भी अधिक प्रासांगिक हो गया है। गीता के 18 अध्याय हमें किसी न किसी योग की शिक्षा अवश्य देते हैं। गीता में बताए गए सभी सूत्र जीवन को संतुलित, उद्देश्यपूर्ण और उच्चतम नैतिक आदर्शों के अनुरूप बनाने का शाश्वत मार्गदर्शन देते हैं। गीता की इसी सार्वभौमिकता के कारण आज विश्व के बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में गीता पर शोध हो रहे हैं। आज दुनियाभर में श्रीमद्भगवद्गीता को लीडरशिप, मैनेजमेंट और आत्मशांति के ग्रंथ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। गीता से हमें न केवल जीवन जीने का व्यावहारिक ज्ञान मिलता है, बल्कि जीवन की प्रत्येक चुनौती को अवसर में बदलने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड सरकार ने राज्य के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन गीता के श्लोकों के पाठ को अनिवार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। हमारे गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को आज न केवल पुनर्स्थापित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय चेतना का आधार भी बनाया जा रहा है। हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर गर्व है। आज हमारी सनातन संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में गर्व से लहरा रही है और भारत अपनी जड़ों से जुड़ते हुए पुनः विश्वगुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड संपूर्ण भारत के नागरिकों के लिए आस्था, विश्वास और संस्कृति का पवित्र केंद्र है। देवभूमि के सांस्कृतिक मूल्यों और मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने राज्य में जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कानून लागू किया है। उत्तराखंड में एक सख्त दंगारोधी कानून भी बनाया है। 10 हजार एकड़ से अधिक की सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। देश में सबसे पहले उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून लागू कर सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून की स्थापना की है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, अवधेशानन्द जी महाराज, कुमार ऋषि, जैन समाज, स्वामी लोकेश मुनि, बाबा भूपेन्द्र, कपिल पुरी जी महाराज एवं अनेक संतगण मौजूद थे।

पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत सीएमओ ने सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को जनजागरूकता के लिए रवाना किया गया।

जनपद के प्रत्येक ब्लॉक चिकित्सा इकाई में तीन-तीन सारथी वाहन एवं जनपद मुख्यालय में दो सारथी वाहन चार दिनों तक संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य जनमानस में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इच्छुक लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान करना है। डॉ द्विवेदी ने बताया कि बीती 21 नवम्बर से आगामी चार दिसम्बर तक पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में 21 से 27 नवम्बर तक आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया तथा परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इच्छुक लाभार्थियों की सूची बनाकर पंजीकरण किया गया। घर-घर भ्रमण के दौरान आशाओं ने स्थायी साधनों जैसे पुरुष नसबन्दी एवं महिला नसबन्दी के साथ-साथ अस्थायी साधनों जैसे कॉपर-टी, गर्भनिरोधक इंजेक्शन, गर्भनिरोधक गोली माला-एन एवं छाया, इमरजेंसी पिल्स तथा कंडोम अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। बताया कि पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा के द्वितीय चरण सेवा अदायगी चरण के अंतर्गत 28 नवम्बर से आगामी चार दिसम्बर तक नसबन्दी कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए जनपद में व्यापक तैयारियां की गई हैं और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, एमसीएच विंग खोह एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय में नसबन्दी शिविर आयोजित करने की कार्ययोजना जारी कर दी गई है। सभी ऑपरेशन थिएटरों को मानक के अनुरूप तैयार कर लिया गया है, जहां कैम्प शुरू हो चुके हैं। बताया कि बीती 28 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में दो पुरुष नसबन्दी तथा 33 महिला नसबन्दी कराई गई, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में 17 महिला नसबन्दी संपन्न कराई गई। साथ ही जनपद की सभी 198 चिकित्सा ईकाइयों में गर्भनिरोधक सामग्री उपलब्ध करा दी गई है, जो परामर्श के साथ लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही है। कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के साथ स्वस्थ एवं समृद्ध समाज का निर्माण करना भी है।

ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाया खेल कौशल

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

विकास खण्ड मऊ के दिव्यांग बच्चों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन न्याय पंचायत खपटिहा के महेवा मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान आयोजित फल दौड़, ट्राइसाइकिल दौड़, रस्साकशी, 50 एवं 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, कबड्डी तथा व्हीलचेयर दौड़ जैसे विभिन्न खेलों में दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय हटवा के आशीष ने प्रथम, कंपोजिट विद्यालय खपटिहा के करण ने द्वितीय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय चित्रवार के अभिषेक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग की 100 दौड़ में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बम्बुरी की स्नेहा ने प्रथम, कंपोजिट विद्यालय खपटिहा की प्रियंका ने द्वितीय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय हटवा की किरण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बरुआ की लक्ष्मी प्रथम, प्राथमिक विद्यालय मवाई खुर्द की लक्ष्मी द्वितीय व प्राथमिक विद्यालय गेरुहा की रानी तृतीय रहीं। छूकर पहचानो प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय हटवा के अजीत प्रथम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहिरी के आशीष द्वितीय एवं प्राथमिक विद्यालय सिकरो की ज्ञानमती तृतीय रहीं। व्हीलचेयर दौड़ में प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय भिटारी के आयु, द्वितीय स्थान प्राथमिक विद्यालय बरम बाबा पुरवा के प्रियांशु व तृतीय स्थान प्राथमिक विद्यालय औझार के अर्जुन सिंह ने प्राप्त किया। ट्राई साइकिल दौड़ में प्राथमिक विद्यालय छिवलहा की रोशनी ने प्रथम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हटवा की किरण ने द्वितीय एवं कंपोजिट विद्यालय शाखौहा की राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के विजेता दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी मऊ ओम प्रकाश यादव, ग्राम प्रधान भिटारी पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, एआरपी अखिलेश मिश्रा, शरदेंदु शुक्ला, नोडल संकुल शिक्षक खपटिहा पवन जायसवाल, कंपोजिट विद्यालय भिटारी के प्रधानाध्यापक फुंदीलाल, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रामयश, खेल अनुदेशक बरियारी कला राममूरत, इंटीनरेंट शिक्षक ध्यान सिंह, चंद्रकेश, रमाशंकर, बीआरसी सहायक राकेश आदि मौजूद रहे।

जनपद न्यायाधीश ने पौधरोपण कर वितरित किए पौधे, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष व उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अजय भनोट के निर्देशानुसार शनिवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश ने पौधे वितरित कर पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश ने कदम्ब वृक्ष लगाकर कादम्बरी बगिया की शुरुआत की। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति के प्रति जवाबदेही है कि वह उससे मिल रहे लाभ के लिये वृक्ष लगाकर ऋण चुकता करें। कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है, क्योंकि आज जो वायु मनुष्य को मिल रही है, वह हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए पेड़ों का ही परिणाम है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने पौधरोपण को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि एक वृक्ष दस पुत्रों के समान माना जाता है और इसी भावना को साकार करने के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे गोपालकृष्ण गुप्ता व वन दारोगा रामनरेश ने पौधों की देखभाल संबंधी सलाह देते हुए बताया कि पौधों को नियमित रूप से उचित मात्रा में पानी देना, अच्छी मिट्टी का उपयोग करना, पर्याप्त धूप सुनिश्चित करना तथा उचित खाद देना अत्यंत आवश्यक है।

इस मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, संस्था प्रभारी वीर सिंह, योगाचार्य संजय कुमार, परामर्शदाता दीपक कुमार आदि ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पौधरोपण किया और प्रकृति संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया।

पुलिस ने चार किलो गांजे के साथ ही इनोवा क्रिस्टा सहित दो तस्करों को दबोचा

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर

अपराध और अपरधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मौदहा पुलिस ने कम्हरिया सायर रोड से हरियाणा के ग्राम देवली थाना पलवल निवासी गांजा तस्कर 30 वर्षीय नीतू पुत्र बदना सहित हरियाणा के फरीदाबाद निवासी 40 वर्षीय सीमा पत्नी नरेश को चार किलो गांजे के साथ ही एक इनोवा क्रिस्टा सहित दबोचा। तस्करों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या-413/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। पुलिस ने तलाशी के दौरान सीमा के कब्जे से एक हार पीली धातु का बरामद किया गया, अभियुक्तों ने बताया कि हार को चार दिन पहले बाँदा बस स्टैंड के पास से महिला के गले से चुराया गया था।

मामले में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस को बढ़ाते हुये अभियुक्तों को अदालत में पेश किया गया, जबकि फरीदाबाद की हरियाणा निवासी 40 वर्षीय सीमा पत्नी नरेश को दबोचकर अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि गांजा तस्कर नीतू का आपराधिक इतिहास भी है। मु0अ0सं0 725/ 2021 धारा 356/379/411 आईपीसी थाना कालकाजी जनपद साउथ ईस्ट दिल्ली, जबकि गांजा तस्कर सीमा के खिलाफ मु0अ0सं0 116/2024 धारा-120 बी /379/411/413 भा.द.सं. थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर में मु0अ0सं0-322/2024 धारा-112(2)/303(2)/317(2)317(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर बलरामपुर मु0अ0सं0-327/2024 धारा-112(2)/303 (2) 317 (2)/317(4) बीएन एस थाना कोतवाली नगर बलरामपुर मु0अ0 सं0-217/2024 धारा-112(2) /304/ 317(2) बीएन एस थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर मु0अ0 सं0-768/2024 धारा-303 (2)/ 117 (2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा, वही तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में जांबाज एह आई मनोज पाण्डेय, एस आई मोहित कुमार, एस आई दिशांत खोखर, म0उ0नि0 कोमल, कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल विमल कुमार सहित कांस्टेबल आशुतोष कुमार शामिल रहे।

जैन संत का प्रवचन: मनुष्य योनि दुर्लभ है, इसका सदुपयोग करो

जन एक्सप्रेस | बांदा

जैन संत बाल ब्रह्मचारी शांतानंद महाराज ने शुक्रवार रात शहर के छोटी बाजार स्थित जैन चैत्यालय में अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य योनि दुर्लभ है और इसे प्राप्त करना पारसमणी के समान है।

उन्होंने बताया कि मनुष्य सर्वश्रेष्ठ होता है क्योंकि इसमें विवेक, ज्ञान, संयम, भावना, और मोक्ष मार्ग प्राप्त करने की क्षमता होती है। संत ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए सत्कर्म करना चाहिए, दया, धर्म, दान, मानवता, करुणा, और अहिंसा जैसे गुणों को अपने अंदर लाना चाहिए।

उन्होंने हिंसा से बचने की सलाह दी और कहा कि मूक जानवरों की पीड़ा को समझना चाहिए और उनकी आह से बचना चाहिए।

इस अवसर पर शुक्रवार रात्रि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें बच्चों, महिलाओं, और पुरुष वर्ग ने भाग लिया और नृत्य व नाटक के माध्यम से गुरु तरण स्वामी एवं धर्म पर प्रकाश डाला। सैकड़ो की तादाद में जैन अनुयाई उपस्थित रहे।

विधिक जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को मिली अपने अधिकारों की जानकारी

जन एक्सप्रेस/बांदा। शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से एक विधिक **कानूनी जागरूकता शिविर** का आयोजन संत कृपाल सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा डी0 आर0 पब्लिक इण्टर कॉलेज शहर में हुआ था। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक साक्षरता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना था।कार्यक्रम में विधिक अधिकारों,मौलिक कर्तव्यों तथा बाल संरक्षण से सम्बन्धित विषयों पर बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन चंद्रमौली भारद्वाज, मैनेजर श्रुति भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुनील कुमार त्रिपाठी, पीयूष द्विवेदी, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे। समस्त छात्र/छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मालती बासू ने दिव्यांग बच्चों को वितरित किये उपकरण

जन एक्सप्रेस/बांदा। जनपद में समेकित शिक्षा, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कन्या उ.प्रा. विद्यालय, पुलिस लाइन में एलिम्को कानपुर के सहयोग से उपकरण वितरण कैम्प आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा मालती बासू ने दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, टी.एल.एम. किट, बैसाखी, व्हील चेयर, ब्रेल किट और कान की मशीनें वितरित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के द्वारा दिव्यांग बच्चों को आधुनिक डिजिटल उपकरण दिए जा रहे हैं, जिससे उन्हें अपनी कठिनाइयों के निवारण में अत्यंत लाभ मिलेगा। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा कि अभिभावकों को अपने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन्हें धनात्मक सहयोग देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र राजेश कुमार, समस्त स्पेशल एजूकेटर्स व फिजियोथेरेपिस्ट, मनीष रैकवार सभासद पीली कोठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश प्रसाद गर्ग द्वारा किया गया।

जिला अधिवक्ता परिषद ने मनाया संविधान दिवस, बाबा साहब के योगदान पर की चर्चा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिला अधिवक्ता परिषद द्वारा शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता भारती के चित्र पर माल्यार्पण तथा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इसके बाद संविधान एवं संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने संविधान में वर्णित कानून के अनुरूप चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संरक्षक सूर्यबली त्रिपाठी ने सभी नागरिकों से संविधान में वर्णित अधिकारों और कर्तव्यों का गंभीरता से पालन करने की अपेक्षा की। काशी प्रांत के सदस्य हेमराज सिंह ने डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व और विचारों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ शताब्दी वर्ष में प्रस्तावित पंचमुखी विकास योजना पर चर्चा की और उसके क्रियान्वयन में सहयोग की अपील की। इस दौरान संघचालक कर्वी नगर आदर्श कुमार श्रीवास्तव, जिला अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष अखिलेश ओझा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभा का संचालन परिषद के महामंत्री राजेश प्रसाद मिश्र ने किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान कर किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, अधिवक्ता चंद्रमौलि मिश्र, अजय मौर्य, राजेश शुक्ल, रवि माथुर, रमेशचंद्र विश्वकर्मा, शुभम मिश्र, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

भाजपा की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शकुन्तला निषाद का नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने किया जबरदस्त स्वागत

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर

भाजपा की नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष और प्रखर नेत्री शकुंतला निषाद का नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा आशारानी कबीर ने अपने सहयोगियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने कहा कि जिला अध्यक्ष शकुन्तला निषाद की अध्यक्षता में पार्टी और हमीरपुर जिला विकास की ओर अग्रसर होगा। शकुन्तला निषाद पार्टी में सालों से सक्रिय रहने के साथ ही महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहीं हैं, वही शकुंतला निषाद के चयन को संगठनात्मक समन्वय और जनसंपर्क क्षमता को ध्यान में रखते हुए लिया गया निर्णय माना जा रहा है।

उनके नाम की घोषणा होते ही रमेड़ी फुलरानी स्थित उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। कार्यकर्ताओं और उनके सहयोगियों में जबरदस्त खुशी का माहौल देखने को मिला। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने नगर स्थित चौरादेवी मंदिर, सुमेरपुर के इटरा क्षेत्र स्थित बजरंगबली मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और आगामी कार्यकाल के लिए आशीर्वाद हासिल किया।

लापता युवक का शव कुएं में पड़ा मिला परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस | बांदा

पैलानी तहसील के जसपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में युवक का शव कुआं में मिलने से सनसनी फैल गई वहीं राजू उर्फ महेंद्र पुत्र देवनारायण सिंह निवासी रामपुर का बजरंगबली बाबा कुआं के पास शव मिला वहीं मृतक के दो लड़के व दो लड़कियां थी लड़कों का नाम छोटू उम्र 20 वर्ष बृजेश गौतम जिसकी शादी हो गई थी एक लड़की काजल है दूसरी लड़की की शादी हो गई है।

मृतक के नाम 30 बीघा जमीन है वहीं खेती-बाड़ी व मत्स्य पालन का व्यवसाय गांव के रामपुर के तालाब में करता था वही पत्नी नीलम ने बताया कि 25 तारीख को मेरे पति राजू 11: 00 बजे दिन मे घर से निकल गए और जब वह शाम को घर नहीं आए तो 5:00 बजे मैंने फोन लगाया तो फोन पर गाली गलौज सुनाई दिया और थोड़ी देर बाद मेरे पति का फोन स्विच ऑफ हो गया उसके बाद हमने ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिले वही मेरे लड़के वीरेश ने जसपुरा थाना में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की वही पुलिस अधीक्षक के यहां शिकायत किया लेकिन पुलिस द्वारा जिस व्यक्ति को पकड़ा गया उसी को छोड़ दिया पत्नी नीलम ने बताया कि गांव का अच्छन खान व उसका भाई रईस साथ मे मत्स्य पालन का व्यवसाय करते थे उन्होंने ही मेरे पति को मार डाला है और कुएं में फेंक दिया है मत्स्य पालन तालाब से दूरी कुएं की 20 मीटर की है जहां पर मेरे पति को मार के फेंक दिया है वहीं राजू के भाई दीपक व धनंजय ने हत्या का आरोप लगाया है कि मेरे भाई को मार दिया गया है वही एनडीआरएफ की टीम सुबह तालाब में ढूंढने गई थी कि मृतक के भतीजे धीरज ने देखा तो पुलिस को सूचना दी वही राजू के भाई दीपक ने बताया कि एक दिन पहले मैंने कुआं में देखा था लेकिन डेड बॉडी नहीं पड़ी थी मेरे भाई को घर पर बंधक बना कर मार डाला जब शोर गुल होने पर कुएं पर भाई को मेरे फेंक दिया गया है वही पुलिस ने मौके में पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज रही है वहीं पत्नी नीलम ने आरोप लगाया कि पुलिस जसपुरा की मिली हुई थी जिसके चलते मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी पुलिस ने रईस को पकड़ा और बाद छोड़ दिया मृतक 10 साल से मत्स्य पालन का व्यवसाय कर रहा था।

सड़क सुरक्षा मेला-2025 : जागरूकता से जीवन बचाने का शानदार अवसर

जन एक्सप्रेस/बांदा। पुलिस लाइन मैदान में 30 नवंबर दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक सड़क सुरक्षा मेला-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाना, यातायात नियमों का महत्व समझाना और सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन में विभिन्न आकर्षक और जागरूकता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता, गीत, संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला और On-the-Spot पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल हैं।

सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि वे इस महत्वपूर्ण और जनहितकारी आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने बच्चों को भी प्रतिभागिता हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रशस्ति पत्र/पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

आठवें वेतन आयोग से पेंशनर्स को लाभान्वित करने के सम्बन्ध में दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने शनिवार को आठवें वेतन आयोग में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी समस्याओं को सम्मिलित किए जाने के सम्बन्ध में प्रदर्शन किया। साथ ही इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।

संगठन के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि आठवें वेतन आयोग के विषय बिन्दुओं में पेंशनर्स की पेंशन सहित अन्य लाभों को सन्दर्भित न किए जाने से पेंशनर्स में क्षोभ व्याप्त हो रहा है। मांग की कि आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू होने की तिथि से पूर्व के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स की पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य लाभों को आठवें वेतन आयोग में सन्दर्भित कर लाभान्वित किया जाए। इस सम्बन्ध में संगठन के पदाधिकारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर कार्यवाहक अध्यक्ष जगबली सिंह, मंत्री मोतीलाल सिंह पटेल, गोकुलेश कुमार ओझा, हनुमान प्रसाद शुक्ला, छोटेलाल गुप्ता, सूर्यकान्त द्विवेदी, सन्तोष पाण्डेय, नंदगोपाल यादव, रामचरन सिंह, मान सिंह, राजकुमार वर्मा, मुन्नीलाल गुप्ता, अख्तर हुसैन, राजनेत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

डीआईजी ने मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस | बांदा

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस द्वारा पुलिस लाइन में दिन शनिवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर दीक्षा शर्मा और सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक की उपस्थिति में मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की गई।

बैठक में मण्डल के चारों जनपदों- बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के पुलिस पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान सभी को **साइबर अपराध** के तरीकों तथा उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि तुरंत इसकी शिकायत **1930** या स्थानीय थाने पर दर्ज कराएं। गोष्ठी में उपस्थित प्रत्येक पेंशनर द्वारा अपनी-अपनी समस्या व आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें डीआईजी ने व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इनमें प्रमुखतः-लंबित पेंशन प्रकरण, परिवार पेंशन से जुड़े विवाद, जीपीएफ/ग्रेच्युटी से संबंधित अद्यतन, चिकित्सीय प्रतिपूर्ति जैसे विषय मौजूद है जिनपर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। डीआईजी ने सभी संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस पेंशनर्स को उनकी वरिष्ठता व योगदान को ध्यान में रखते हुए सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बेलास यादव, पुलिस पेंशनर्स के पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 30 नवंबर, 2025

'ओडिशा में माओवाद को मार्च 2026 तक पूरे...

ओडिशा में माओवाद के खिलाफ लड़ाई को निर्णायक मोड़ देने के लिए सीमा सुरक्षा बल ने मार्च 2026 तक राज्य को माओवादी प्रभावित क्षेत्रों से पूरी तरह मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। भुवनेश्वर में बीएसएफ के आईजी शिव अधर श्रीवास्तव ने बताया कि यह लक्ष्य... पढ़ें पेज 12 पर...

स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट

- सोना के सेंटर में रंगीन लाइटों के बीच सौदे, वीडियो वायरल — ग्राहकों से पूरा उतारने के 100 रुपये एक्स्ट्रा
- कृष्णानगर का स्पा बना देह व्यापार का अड्डा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ के कृष्णानगर में चल रहे एक स्पा के अंदर देह व्यापार का संगठित रैकेट धड़ल्ले से चल रहा है। अंदर की वीडियो में चार-पाँच युवतियाँ रंगीन लाइटों में ग्राहकों को आकर्षित करती दिखीं। एक युवती कमरे में मोबाइल पर अपने मालिक से 'टिप्स' और एक्स्ट्रा चार्ज तय करती सुनाई दी। जन एक्सप्रेस की पड़ताल में ऐसा चौंकाने वाला सच सामने आया जिसने पुलिस और प्रशासन दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

लड़कियाँ लाइन में, कमरों में रेट तय

कथित स्पा के भीतर शूट किए गए वीडियो में चार-पाँच लड़कियाँ नेऑन और रंगीन लाइटों के बीच ग्राहकों के इंतज़ार में बैठी दिखती हैं। उनकी बॉडी लैंग्वेज और माहौल देखकर साफ पता चलता है कि यह कोई मसाज सेंटर नहीं, पूरी तरह देह व्यापार का अड्डा है। एक अन्य वीडियो में एक युवती कमरे में मोबाइल फोन पर अपने मालिक से कहती सुनाई देती है

पूरा उतारने का 100 एक्स्ट्रा लगेगा

टिप्स कितनी लेनी है, मालिक बताएंगे। यह बातचीत ही इस रैकेट की पोल खोलने के लिए काफी है।

संचालकों का बेखौफ लहजा चौंकाने वाला

स्पा सेंटर के बाहर लिखे कॉन्टैक्ट नंबर पर जब जन एक्सप्रेस ने कॉल किया, तो फोन एक युवती ने उठाया। सवाल पूछते ही उसका बेबाक और बेखौफ लहजा चौंकाने वाला था। न पुलिस का डर, न मीडिया की परवाह। आवाज़ और रवैये से ऐसा लगा मानो यह धंधा लंबे समय से किसी संरक्षण में सुरक्षित चल रहा हो। युवती के शब्दों से साफ था कि सब सेट है।

स्थानीय लोगों की पुष्टि— रातभर आती-जाती गाड़ियाँ

मौके के आसपास के लोगों ने बताया कि यह स्पा देर रात तक खुला रहता है। अक्सर महंगी गाड़ियाँ आती-जाती देखी गई हैं। लोग पहले भी संदेह जताते थे, लेकिन कार्रवाई कभी नहीं हुई।

कैमरे में कैद सौदेबाज़ी

पूरा उतारने का 100 रुपये एक्स्ट्रा टिप्स मालिक ने बताई है रंगीन लाइटों में बैठी 4-5 लड़कियाँ कमरे में बंद होकर 'टॉक टाइम' तय यह वीडियो साफ बताता है कि यह 'स्पा' सिर्फ नाम का है।

जन एक्सप्रेस की मांग

तुरंत छापा, एफआईआर और रैकेट का पर्दाफाश

जन एक्सप्रेस मांग करता है कि स्पा पर तत्काल छापेमारी हो, सोना सहित सभी संचालकों पर एफआईआर दर्ज हो, मोबाइल बातचीत और वीडियो की जांच हो, पूरे नेटवर्क और संरक्षण देने वालों पर भी कार्रवाई हो। कृष्णानगर में पुलिस की नाक के नीचे चल रहा यह गंदा कारोबार अब बंद होना चाहिए।

स्थानीय निवासी

यहाँ रात में गाड़ियों की लाइन लगती है। सब जानते हैं क्या होता है, पर पुलिस को जैसे कुछ दिखता ही नहीं। रंगीन लाइटों में बैठी युवतियाँ—स्पा के अंदर का दृश्य, जो खुद सच बयां करता है।

प्रशासन और पुलिस पर बड़े सवाल

क्या पुलिस को इसकी भनक नहीं थी? अगर थी तो कार्रवाई क्यों नहीं? क्या इस धंधे को किसी का संरक्षण प्राप्त है? बिना उचित लाइसेंस के स्पा कैसे संचालित हो रहा था? कृष्णानगर पुलिस की चुप्पी सबसे बड़ा सवाल बन चुकी है।

एसटीएफ के बर्खास्त सिपाही की फर्म से भी हुई थी नशीले कफ सिरप की सप्लाई, जांच में कई खुलासे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

कोडीनयुक्त फेन्सेडिल कफ सिरप की सप्लाई में एसटीएफ के बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह का नाम सामने आया है। एसटीएफ आलोक की तलाश में दबिश दे रही है। हालांकि, अभी तक वह उसे पकड़ नहीं सकी है। सूत्रों का कहना है कि जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया और मिर्जापुर समेत कई जिलों में एसटीएफ ने छापा मारा, लेकिन आलोक का सुराग नहीं लगा। पड़ताल में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए अमित सिंह टाटा के साथ मिलकर आलोक ने भी अपनी फर्म बनाई थी। आलोक की फर्म से भी नशीले कफ सिरप की सप्लाई की गई थी। उसकी फर्म से लाखों रुपये का लेनदेन हुआ है। इस मामले से जुड़ा का एक पन्ना शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पन्ने में स्पष्ट लिखा है कि अमित सिंह ने पूछताछ में आलोक का नाम बताया। अमित और आलोक ने विकास सिंह के माध्यम से शुभम जायसवाल और उसके पार्टनर वरुण सिंह, गौरव जायसवाल और विशाल मेहरोत्रा से बात की थी। सभी के कहने पर दोनों ने जनवरी 2024 में फर्म बनाई थी। फर्म का सारा लेनदेन शुभम, वरुण और उनका सीए देखता था।

धनबाद में लगाए थे पांच-पांच लाख रुपये

सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में अमित ने बताया है कि धनबाद में उसने और आलोक ने पांच-पांच लाख रुपये लगाए थे। इसके एवज में अमित और आलोक को करीब 22 लाख रुपये मिले थे। कफ सिरप की सप्लाई के लिए दोनों कई बार धनबाद भी गए थे। धनबाद का काम वरुण देखता था। आरोपियों ने नशे के इस कारोबार से लाखों रुपये कमाए हैं।

वाराणसी में भी खोली थी फर्म, नकद में करते थे लेनदेन

सूत्रों के मुताबिक गिरोह के कहने पर आलोक और अमित ने अपने-अपने नाम से वाराणसी में भी फर्म खोली थी। आलोक ने मां शारदा मेडिकल के नाम से फर्म बनाई थी। वाराणसी की फर्म में आरोपियों ने दो-तीन माह ही कोडीनयुक्त फेन्सेडिल कफ सिरप का व्यापार किया था। आरोपी सारा लेनदेन नकद में करते थे। वाराणसी में दोनों को करीब आठ लाख रुपये का मुनाफा हुआ था। अमित इन रुपयों को अपनी पत्नी के खाते में जमा कर देता था।

बाहुबली से नहीं हो सकी पूछताछ

मामले में पूर्वांचल के एक बाहुबली का नाम सामने आ रहा है। एक विधायक भी अमित के करीबी बताए जा रहे हैं। खास बात यह है कि एसटीएफ अभी तक बाहुबली से पूछताछ नहीं कर सकी है। माना जा रहा है कि आलोक के पकड़े जाने के बाद कई बड़े लोगों के नाम सामने आएंगे। कुछ सफेदपोश भी एसटीएफ की रडार पर हैं। एसटीएफ आलोक की संपत्ति के बारे में भी पता लगा रही है। आलोक भी बाहुबली का करीबी है।

चुनाव आयोग के हाथ खून से रंगे हैं

अखिलेश यादव बोले, ऐसा बंगाल के लोग कह रहे, एसआईआर के लिए जल्दी क्यों?

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बंगाल के लोगों के हवाले से कहा कि चुनाव आयोग के हाथ खून से रंगे हैं। कहा, एसआईआर में भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर गड़बड़ियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर के मुद्दे पर संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष किया जाएगा। अखिलेश शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान सपा अध्यक्ष ने मलिहाबाद लखनऊ के मृत बीएलओ विजय वर्मा की पत्नी संगीता को दो लाख रुपये का चेक भी दिया। संगीता ने रोते हुए अपने परिवार की पीड़ा सामने रखी। अखिलेश ने कहा कि एसआईआर का काम सावधानी और जिम्मेदारी का है। इसमें इतनी जल्दबाजी क्यों की जा रही है। भाजपा और चुनाव आयोग मिले हुए हैं। कहा, बीएलओ की मदद के लिए बतौर सहायक नगर पालिका के सफाई कर्मचारी रखे जा रहे हैं। बहुत जगह फॉर्म नहीं बंटे। संविधान के तहत जो अधिकार और आरक्षण मिला है, उसे छीनने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है कि जिनकी मौत हो जाए उन्हें ड्यूटी पर न दिखाया जाए। बिना ट्रेनिंग के एसआईआर संबंधी काम कराया जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि शुक्रवार की रात वे फतेहपुर में आत्महत्या करने वाले बीएलओ के परिवार से भी मिले। परिजन बता रहे थे कि उनके ऊपर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इनकी मदद कौन करेगा जिनकी जान गई है।

घोसी क्षेत्र में 20 हजार मतदाताओं के नाम कटे

अखिलेश ने कहा कि बताया जा रहा है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र घोसी के विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। एसआईआर के फार्म अधिकांश गांवों तक नहीं पहुंचाए गए हैं।

अखिलेश यादव ने सभी विपक्षी दलों से की थी अपील

एक दिन पहले अखिलेश यादव ने सभी विपक्षी दलों के साथ ही एनडीए के सहयोगी दलों से अपील की थी कि वे एकजुट हों और भाजपा के वोट काटने के षड्यंत्र का पर्दाफाश करें। जो दल भाजपा को अपना सहयोगी मान रहे हैं, सबसे पहले भाजपा उन्हीं का खात्मा करेगी। इसलिए हमारी प्रत्येक देशवासी से अपील है कि सारे काम छोड़कर एसआईआर की घपलेबाजी को रोकें। एसआईआर पर कहा था कि ये लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरूक हो, आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत, जमीन, मकान, राशन, जाति और आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यवर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी। यह देशवासियों के खिलाफ एक बहुत बड़ी साजिश है, जो अंग्रेजों की गुलामी से भी खराब स्थिति में ले जाएगी।

बिहार चुनाव में पीडीए हारा नहीं उसे हराया गया

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा से लोगों को होशियार रहने की जरूरत है। जो वादे करती है वह पूरे नहीं करती है। पीडीए के बढ़ते जनाधार को लेकर भाजपा को डर सता रहा है। भाजपा ने एसआईआर का काम शुरू कराया तो हमने जाति जनगणना की बात रखी, लेकिन भाजपा जानती है, इससे उसका नुकसान होगा। इस लिए नहीं कराया। बिहार चुनाव में पीडीए हारा नहीं उसे हराया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 6 बी.टेक छात्र-छात्राओं का प्लेनेटस्पार्क में चयन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के छह बी.टेक छात्र-छात्राओं का चयन प्लेनेटस्पार्क कंपनी में हुआ है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. मनुका खन्ना और संकाय अधिष्ठाता प्रो. एस. पी. सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि प्लेनेटस्पार्क की मल्टी-स्टेज चयन प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, कम्युनिकेशन टेस्ट, वीडियो रिज्यूमे सबमिशन और फाइनल इंटरव्यू शामिल थे। इन चरणों में छात्रों की कम्युनिकेशन स्किल्स, प्रॉब्लम-सॉल्विंग एबिलिटी और ओवरऑल पर्सनालिटी का मूल्यांकन किया गया। इन सभी चरणों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद विश्वविद्यालय के छह छात्र-छात्राओं— बी.टेक (सी.एस.ई.) से श्वेता तिवारी, अक्षत द्विवेदी, मोहम्मद शाकिब, हिमांशु; बी.टेक (ई.सी.ई.) से रत्नेश त्रिपाठी; तथा एम.सी.ए. से हिमांशु कुमार—का चयन बिज़नेस डेवलपमेंट काउंसलर के पद पर अधिकतम 6.5 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ है। चयनित छात्रों को संकाय अधिष्ठाता प्रो. एस. पी. सिंह और प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

छूटने न पाये किसी मतदाता का नाम: सपा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे एस आई आर विशेष मतदाता पुन निरीक्षण अभियान के तहत भाग संख्या 259 खैर नगर बालिका कन्या पाठशाला मेरठ पर आज बीएलओ के साथ क्षेत्रीय नागरिकों के गणना फॉर्म भरने का कार्य और जमा कराए गए हैं। इस अवसर पर बीएलओ ,पूर्व पार्षद दल नेता समाजवादी पार्टी अफजाल सैफी एवं पूर्व पार्षद प्रत्याशी हाजीआरिफ अंसारी ने क्षेत्र के छूटे मतदाताओं से कहा कि जिनके फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। वह जिलाधिकारी के आदेश अनुसार 30 नवंबर 2025 तक हर स्थिति में भाग संख्या 259 खैर नगर पर कल दोपहर 2 बजे तक जमा करने का कम करें तथा एस ए आर फॉर्म के साथ सामान्य निर्वाचन 2003 की मतदाता सूची का पृष्ठांकन अपने नाम वाले कॉलम के साथ फॉर्म के साथ लगाकर जमा करें एवं नए मतदाताओं के फॉर्म आगामी 9 जनवरी 2026 से भरने का कार्य कराया जाएगा तथा छूटे हुए मतदाता अपना फार्म कल तक अवश्य जमा करवाने की मेहरबानी करें। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेता और पदाधिकारी आम जनता के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं तथा प्रयास है कि किसी भी मतदाता का नाम छुटने न पाए।

आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली बांदा के छात्र ने विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में किया कमाल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- आयुष जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अव्वल, मंडल स्तर के लिए क्वालिफाई

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली बांदा ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र आयुष ने अपने उत्कृष्ट विज्ञान मॉडल के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीत के साथ आयुष को 5000 रूपये की धनराशि और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आयुष ने मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में स्थान सुरक्षित कर लिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांदा में आयोजित प्रतियोगिता में सीबीएससी, आईएससी और उत्तर प्रदेश बोर्ड के 44 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।विद्यालय के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विज्ञान के क्षेत्र में यह 52वीं उपलब्धि है, जो विद्यार्थियों की बढ़ती वैज्ञानिक समझ, विद्यालय के मजबूत शैक्षिक वातावरण और शिक्षकों के समर्पित निर्देशन को प्रमाणित करती है। समाज कल्याण उपनिदेशक जे राम ने छात्र आयुष को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी वैज्ञानिक सोच की ओर प्रेरित करेगी।

विकसित भारत 2047 हेतु उत्तर प्रदेश की निर्णायक भूमिका

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में 2047 का विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की गति हुई तेज़
- भविष्य उन्मुख, टिकाऊ व समावेशी नगरीय विकास रोडमैप पर विचार-विमर्श
- अधिकारियों, महापौरों और नगर निकाय प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एके शर्मा ने उत्तर प्रदेश के लिए एक व्यापक और प्रेरणादायक विज़न प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। प्रदेश में शहरी विकास के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैंकृचाहे वह मूलभूत सुविधाओं का उन्नयन हो, सुरक्षा व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, वायु प्रदूषण में सुधार, स्वच्छता का उत्कृष्ट मॉडल या नगरों की समग्र कार्यक्षमता का विकास। जब 2047 आएगा, उससे पहले ही उत्तर प्रदेश वह मार्ग प्रदर्शित करेगा जो भारत के सपने को साकार कर सकेगा। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ बनाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा नगरीय विकास रोडमैप तैयार करना है जो 2047 की आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़, टिकाऊ, समावेशी और भविष्य उन्मुख हो। शहरी नियोजन, आवास, अवसंरचना, मास्टर प्लानिंग, सुशासन और तकनीक आधारित प्रशासन को अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया, ताकि प्रदेश के नगर राष्ट्रीय विकास दृष्टि से जुड़ते हुए टपोपज ठींतंज में प्रमुख योगदान दे सकें।कार्यक्रम में स्मार्ट सिटी, हरित एवं पर्यावरण-संवेदी अवसंरचना, वॉटर मैनेजमेंट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, किफायती आवास, सुरक्षित परिवहन तथा ई-गवर्नेंस व जनसहभागिता मॉडल जैसे प्रमुख मुद्दों पर विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और अधिकारियों द्वारा विस्तृत चर्चा हुई।इस दौरान प्रदेश के नगरों को आधुनिक तकनीक, मजबूत आधारभूत संरचना तथा सतत विकास मॉडल की दिशा में आगे बढ़ाने का रोडमैप भी तैयार किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, निदेशक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, विशेषज्ञ व नीति निर्माता मौजूद रहे। लखनऊ और प्रयागराज के महापौर, विभिन्न नगरों के अध्यक्ष, अर्थशास्त्री, नगर निकायों के अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया।यह आयोजन विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विज़न को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

गांवों में नालियों एवं आंतरिक सड़कों का निर्माण प्राथमिकता पर किया जाय: केशव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों में पानी की निकासी हेतु नाली एवं पर्याप्त सड़कों का होना ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत आवश्यक है, कहीं कहीं वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या गम्भीर हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को असुविधा होती है। ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त आंतरिक गलियां उपलब्ध हो और भराव,जल प्लावन की स्थिति बिल्कुल भी न हो, इस हेतु उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए हैं।उन्होंने ग्रामों में जलभराव की समस्या के निदान हेतु नाली एवं नागरिक सुविधाओं हेतु आंतरिक सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के निर्देश देते हुए कहा है कि मनरेगा गाइड लाइन्स में निहित प्राविधानों के तहत यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जांय।ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि शासन द्वारा सभी जिला अधिकारियों,जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा को समय- समय पर जारी शासनादेशो दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मनरेगा एवं राज्य वित्त चतुर्थ राज्य वित्त,14वां वित्त आयोग की धनराशि को अभिसरण कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के अनुरूप कार्यस्थलों का चिन्हांकन करके आवश्यकतानुसार पक्का खड़न्जा ,नाली निर्माण कार्य कराये जांय।

सामग्री मद सीमित रहेगा

मनरेगा आपरेशनल गाइडलाइन व मास्टर सर्कुलर का उल्लेख करते हुए मनरेगा गाइडलाइन के अनुसार कार्य कराये जाने की अपेक्षा की गयी है । यह भी इंगित किया गया है कि मनरेगा में श्रम सामग्री अनुपात 60ः40 प्राविधानित होने के कारण सामग्री मद सीमित रहेगा। इस सामग्री मद में नागरिक सुविधाओं के लिए आंतरिक सड़कों एवं जल प्रवाह हेतु नालियों का बनाया जाना प्राथमिकता पर वांछनीय है।निर्देश दिए गए हैं कि गांव की नाली और आंतरिक सड़कों का आंकलन किया जाए कि सामग्री का ज्यादा से ज्यादा उपयोग इसी मद में हो और किसी भी दशा में ग्रामों में जल भराव न होने पाये या आंतरिक सड़कों का अभाव न होने पाये।

उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में पेंशनर्स ने निकाला कैंडिल मार्च

- प्रधानमंत्री को सम्बोधित सौंपा ज्ञापन,15 दिसम्बर को होगा राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के विचारणीय विषय में जनवरी 2026 के पूर्व के सेवानिवृत्त पेंशनर्स के पेंशन के पुनरीक्षण एवं महंगाई राहत तथा अन्य लाभ को शामिल किये जाने की मांग को लेकर आज उत्तर प्रदेश के जनपदों में पेंशनर्स ने आमसभा कर कैंडिल मार्च निकालकर स्थानीय प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने का काम किया है और ज्ञापन की प्रतियां केन्द्रीय वित्तमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा सम्बन्धितों को भेजा है। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के आवाहन पर हुये इस कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं शिक्षकों के सेवारत संगठन सहित दर्जनों विभागों से जुड़े पेंशनर्स ने बड़ी संख्या भागीदारी कर आंदोलन को धार दिया है। लखनऊ में यह कार्यक्रम बीएन सिंह प्रतिमा स्थल पर किया गया। आमसभा के पश्चात् गांधी प्रतिमा तक कैंडिल मार्च निकालकर सरकार को सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की गई और पुलिस कमिश्नर के माध्यम से प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश भर के जनपदों से विभिन्न श्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने दावा किया कि आज कार्यक्रम में प्रदेश भर में लगभग 50,000 पेंशनर्स ने भाग लिया। पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि वित्त विधेयक 2025 के माध्यम से बदलाव कर सेवानिवृत्त तिथि के आधार पर पेंशनर्स में भेद करने का अधिकार अपने हाथ में लिया था, और उसका क्रियान्वयन 8वें केन्द्रीय वेतन आयोग के विचारणीय विषय से सरकार रिपोर्ट लागू होने की प्रस्तावित तिथि 1 जनवरी 2026 से पूर्व के सेवानिवृत्त पेंशनर्स को बाहर का रास्ता दिखाकर किया है। 7वें वेतन आयोग के जिस क्लॉज में पुराने पेंशनर्स की पेंशन, पुनरीक्षण व अन्य लाभों पर सिफारिश का प्राविधान था, उस क्लॉज को ही हटा दिया गया है। उच्चतम् न्यायालय ने अपनी पूर्ण पीठ के फैसला 17 दिसंबर 1982 को पेंशन को लम्बित वेतन बताया है। जबकि सरकार इसे गैर अंशदायी एवं गैर वित्तीय फण्डेड बता रही है।

1 दिसंबर से शुरू होगी विद्युत बिल राहत योजना, ऊर्जा मंत्री ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज शक्तिभवन में 1 दिसंबर से लागू होने वाली विद्युत बिल राहत योजना 2025-26 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार, नियमित मॉनिटरिंग और ग्राउंड लेवल निरीक्षण के साथ लागू किया जाए। योजना अब तक की सबसे उदार एवं समावेशी विद्युत बिल राहत योजना है, जिसमें पंजीकृत उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत ब्याज माफी तथा मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ता 2 किलोवाट तक और दुकानदार उपभोक्ता 1 किलोवाट दोनों वर्गों को आसान किस्तों में भुगतान, औसत खपत के आधार पर बढ़े हुए बिलों में स्वतः कमी तथा बिजली चोरी से जुड़े पुराने मामलों में भी राहत प्रदान की जाएगी।

राष्ट्रीय अभिभावक सम्मेलन का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के कल्याण की समाज की सामूहिक जिम्मेदारी: थावरचंद गहलोत
- प्रदेश सरकार दिव्यांगजन शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास पर निरंतर कार्यरत: कश्यप

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में राष्ट्रीय संस्थान बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वावधान में 31वें राष्ट्रीय अभिभावक सम्मेलन 2025 का शुभारम्भ कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप तथा मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में शनिवार को हुआ । राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के समग्र कल्याण की जिम्मेदारी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकों को गार्जियनशिप संबंधी प्रक्रियाओं में सहयोग मिलना अत्यंत आवश्यक है ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। उन्होंने परिवार संगठन द्वारा पिछले 30 वर्षों में किए गए सराहनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए नीति-निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास के लिए हर संभव कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार की योजनाओं और नीतियाँ को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करते हुए, प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे बौद्धिक दिव्यांगजन को अवसर प्रदान कर समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएँ।कार्यक्रम के दौरान अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं, जिनमें पैरिवार की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का विमोचन और सौम्या उपाध्याय 'तताई' द्वारा लिखित पुस्तक ÷ हू न्यू द फॉरगेटन यू÷ का लोकार्पण किया गया। पैरिवार राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 प्रदान किए गए, जिनमें रोशनी सोसायटी हल्द्वानी, परिवार पलक्कड़ और मेसेनी पोंग पोंगें को सम्मानित किया गया। स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठ बौद्धिक दिव्यांग पैराअथलीटों को सम्मानित किया गया। शाम के सत्र में बौद्धिक दिव्यांगजन प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को प्रभावित किया ।दो दिवसीय सम्मेलन में 11 तकनीकी सत्र, 4 पैनल चर्चाएँ और एक सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएँगी। इस राष्ट्रीय अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य अभिभावकों, विशेषज्ञों, स्वयं-प्रतिनिधियों, विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थानों और नीति-निर्माताओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

इंटर कॉलेज के पास नाली सफाई में लापरवाही, टूटी पटिया और बेची गई सरिया

जन एक्सप्रेस | अमेठी

जिला मुख्यालय गौरीगंज कस्बे में इंटर कॉलेज के पास नाली सफाई के दौरान सफाईकर्मियों की घोर लापरवाही सामने आई है। नाली पर ढकने के लिए रखी गई पटिया को हटाते समय वह टूट गई, और टूटने के बाद उसमें लगी लोहे की सरिया को सफाईकर्मियों द्वारा कबाड़ी को बेच दिए जाने का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है। मामले को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराज़गी बढ़ गई है।स्थानीय नागरिकों के अनुसार न तो नाली पूरी तरह बनाई गई,और न ही उस पर पटियों का कार्य सही तरीके से किया गया।कई जगह नाली खुली पड़ी है।जिससे लगातार बदबू निकलती रहती है।एवं इलाके में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।लोग इसे गंभीर बीमारियों का सीधा निमंत्रण बता रहे हैं। गांव वालों का कहना है, कि मुद्दा सिर्फ सरिया बेचने का नहीं है, बल्कि असली सवाल यह है, कि ***जो पटिया टूट गई, उसकी भरपाई कौन करेगा?*** जहां-जहां पटिया रखी गई है,उनमें से कई सफाईकर्मियों की लापरवाही से कमजोर हो चुकी हैं।और कभी भी टूट सकती हैं। इससे किसी राहगीर, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के गिरने व चोटिल होने की आशंका बनी रहती है। लोगों ने यह भी शिकायत की,कि सफाई के नाम पर नाली से निकाला गया कचरा सड़क पर ही छोड़ दिया जाता है।

ऐसे में कोई अनहोनी होती है, तो जिम्मेदार कौन होगा? नगरपालिका की लापरवाही पर कई सवाल उठ रहे हैं, लेकिन अब तक किसी अधिकारी ने मौके का निरीक्षण भी नहीं किया। क्षेत्रवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि नाली की पूरी मरम्मत, मजबूत पटिया की स्थापना और नियमित सफाई तत्काल कराई जाए, ताकि लोगों को बदबू,गंदगी और दुर्घटनाओं के खतरे से राहत मिल सके।

स्द्धक्रसर्वे कर रही महिला क्रस्ह्र व लेखपाल को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, ग्राम प्रधान समेत दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। यूपी के रायबरेली जनपद के सलोन तहसील क्षेत्र के एक गांव में एसआईआर के फॉर्म भरने महिला बीएलओ व लेखपाल गांव पहुंचे, इसी बीच गांव के ग्राम प्रधान ने पहुंचकर दोनों कर्मचारियों से कहासुनी करने लगे। बात बढ़ी तो ग्राम प्रधान ने महिला बीएलओ व लेखपाल को दौड़ा-दौड़ाकर जमकर पीटा। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश पर ग्राम प्रधान समेत दो लोगों पर मुकदमा दर्ज करके उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। सलोन क्षेत्र के पूरे अहिरन मोहद्दीनगर मजरे पाल्हीपुर गांव में एसआईआर सर्वेक्षण के दौरान महिला बीएलओ आरती यादव पत्नी दीप सिंह और लेखपाल अविनाश भारती से ग्राम प्रधान दीपक यादव और इनके पिता कृष्णा यादव मौके पर पहुंचे। विभागीय कार्य को संपादित कर रहे दोनों कर्मचारियों से ग्राम प्रधान और उनके पिता के बीच कहासुनी होने लगी। बात बढ़ी तो पिता-पुत्र ने मिलकर लेखपाल व महिला बीएलओ के साथ अभद्रता करते उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। जान बचाकर भागे दोनों कर्मचारियों ने मामले की सूचना एसडीएम सलोन और कोतवाली पुलिस को दी।
कर्मचारियों के साथ हुई अभद्रता पर एसडीएम ने संख्त रूख अख्तियार करते हुए ग्राम प्रधान व उनके पिता पर मुकदमा दर्ज किए जाने के आदेश दिए।

हादसा : तेज रफ्तार ने ली एक नवयुवक की जान-एक युवक घायल

जन एक्सप्रेस | अमेठी

जनपद के जामो थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम हुए सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते हुई इस दुर्घटना में 18 वर्षीय सोनू की मौत हो गई,जबकि उसका साथी फुरकान गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक मकान की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि सोनू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया,जबकि फुरकान बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।हादसे के बाद आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी जामो पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने फुरकान की हालत नाजुक बताते हुए प्राथमिक उपचार किया।डॉक्टरों के अनुसार युवक को सिर व पैर में गंभीर चोटें आई हैं।आवश्यकता पड़ने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया जा सकता है। वहीं मृतक सोनू के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सोनू तिलोई के जायस क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन हादसे की खबर मिलते ही रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे। परिवार का कहना है कि सोनू घर से किसी काम के लिए निकला था, लेकिन किसे पता था कि यह उसका आखिरी सफर साबित होगा।स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क के इस हिस्से पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन रहता है,जिसके कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगवाए जाएं तथा ट्रैफिक निगरानी को सख्त किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। तेज रफ्तार एक बार फिर एक परिवार की खुशियां छीन ले गई और दूसरे परिवार को ग़म की गहरी चोट दे गई।

गायत्री महायज्ञ में पहुंचे वेद विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया सम्बोधित

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर नगर के छोटा परेड ग्राउंड में अखिल भारतीय गायत्री परिवार की ओर से आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शनिवार को वेद विश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या शामिल हुए। जिले में उनके पहुंचने पर गायत्री परिवार के सदस्या के साथ पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने गोंडा-बलरामपुर मार्ग बहदुरापुर में स्वागत किया। यहां से डॉ पंड्या छोटा परेड ग्राउंड पहुंचकर लोगों को संबोधित किया।
जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा आयोजित विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित होकर जन समूह को संबोधित करते हुए वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ चिनमय पंड्या ने कहा कि मानवता, संवेदनशीलता एवं करुणा ही सच्चा धर्म है। जिसका दिल बड़ा होता है वही भगवान होता है। उन्होंने महाभारत कॉल के मुग्दल एवं नेवले की प्रेरक कथा सुनाई। कहा कि जो व्यक्ति अपने हिस्से का भोजन भूखों में बांट देता है वही सच्चा, महान एवं देवतुल्य होता है। कर्म ही मनुष्य को देवता व राक्षस बनाते हैं। कहा कि रोटी मिल बांटकर खाएं, जीवन मिल बांटकर जियें। डॉ पांड्या ने टॉलस्टाय की नैतिक शिक्षा की कहानी के माध्यम से लोगों को बताया कि सच्ची सम्पत्ति दान, सेवा एवं सद्बुद्धि है। डॉ पंड्या का स्वागत करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि इतने महान व्यक्तित्व का आगमन हुआ है। सम्पूर्ण गायत्री परिवार समाज को नई दिशा देने व नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का कार्य कर रहा है। डॉ पंड्या ने मंच पर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, नगर पालिका चेयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू सहित कई लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गायत्री परिवार सदस्यों सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

एसआईआर के दृष्टिगत रविवार को भी खुलेंगे परिषदीय विद्यालय

अमेठी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनपद में बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य तेज़ी से जारी है।इसी क्रम में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर रविवार 30 नवंबर को जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय निर्वाचन कार्य के लिए खुले रहेंगे।छात्रों के लिए पूर्व की भांति अवकाश रहेगा।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग से नियुक्त बीएलओ विद्यालयों में रहकर गणना प्रपत्रों के संग्रह, डिजिटाइजेशन एवं अन्य आवश्यक निर्वाचन संबंधी कार्य संपादित करेंगे।संबंधित बीएलओ को निर्धारितसमय पर उपस्थित रहकर कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही शिक्षक शिक्षामित्र व अनुदेशक, बीएलओ की सहायता के लिए विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

उद्यान मंत्री के साथ डीएम-एसपी ने वर वधु को दिया आशीर्वाद, सीडीओ भी रहे मौजूद

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिले के सतांव स्थित गन्ना कांटा मैदान में भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 288 जोड़ों ने वैदिक विधि विधान से विवाह-सूत्र में बंधकर अपने जीवन की नई शुरुआत की। इसमें से 287 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज़ के अनुसार फेरे लिए एवं 01 मुस्लिम जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया। विवाह कार्यक्रम में बछरावां से 90, न0 प0 बछरावां से 02, हरचंदपुर 40, सतांव 40, महाराजगंज 45, खीरों 6, लालगंज 10, न0प0 लालगंज 01, शिवगढ़ 41, सरेनी 06,न0 प0 शिवगढ़ से 07 जोड़े शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यानमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नव जोड़े को आशीर्वाद दिया और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विवाह संबंधी सहयोग उपलब्ध कराना है, जिसके अंतर्गत शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कुल एक लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में सभी नवविवाहित जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित विवाह अनुदान एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीडीओ अंजुलता, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

51वीं बटालियन एनसीसी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित एनसीसी इकाई की ओर से शनिवार को एनसीसी दिवस के अवसर पर 51वीं यू पी बटालियन के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंजीकृत 35 में से 16 रक्त दानियों ने रक्तदान किया।
जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल, एडम ऑफिसर कर्नल अनुराग गंजवार व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय में आई क्यू ए सी समन्वयक प्रो0 श्रीप्रकाश मिश्र ने फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर में कैडेटों को प्रेरित करते हुए प्रो0 मिश्रा ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह एक ऐसा कार्य जो जीवन बचाने और हमारे समाज में स्थायी बदलाव लाने की शक्ति रखता है। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर जीवन बचाने के लिए जागरूकता फैलाना है। यह दुर्घटना पीड़ितों, सर्जरी के रोगियों और थैलेसीमिया, कैंसर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और स्वयंसेवी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करना भी इसके प्रमुख उद्देश्य हैं। संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर की डॉ आकांक्षा शुक्ला ने कहा कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है, बल्कि इसके द्वारा किसी के चेहरे पर मुस्कान लाया जा सकता है।
प्रत्येक स्वस्थ पुरुष को नियमित रक्तदान करना चाहिए। महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए बटालियन के अधिकारियों, महाविद्यालय परिवार, स्वास्थ्य विभाग व एन सी सी कैडेटों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल संचालन में विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान डॉ स्वदेश भट्ट, सूबेदार मेजर बिनय घोष, सूबेदार सुबिक गुरूंग, बीएचएम रजनीश, डॉ कृतिका तिवारी, राजर्षि त्रिपाठी, सीनियर कैडेट वीरेन्द्र कुमार व दीपिका सिंह, एच डी एफ सी बैंक के वेलफेयर प्रबंधक अजीत शर्मा, सर्वेश तिवारी, अभिषेक वाजपेयी, ब्लड बैंक के अशोक पाण्डेय, हिमांशु तिवारी, अंजली सिंह, अजीत श्रीवास्तव व लल्लू अहमद का सराहनीय योगदान रहा। रक्तदान शिविर में कुल 35 एन सी सी कैडेटों, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया लेकिन चिकित्सक की सलाह पर मात्र 16 रक्तदाता ही रक्तदान कर सके। रक्तदान करने वालो में कैडेट इश्तेखार अली, मुकेश कुमार, सनी पासवान, सनी द्विवेदी, मोहम्मद कलाम, हिमांशु मिश्र, राम भरत यादव, दिनेश गुप्त, शिवनाथ गुप्त, दीपक शुक्ल, एक्स कैडेट दीपिका सिंह, कृतिका मिश्रा, महाविद्यालय के छात्र जियाउल रज़ा, अखिलेश मिश्र, अजीत कुमार व एस एम बिनय घोष सम्मिलित हैं।

ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत जनजागरूकता-रेस्क्यू अभियान

रायबरेली। महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत ऑपरेशन मुक्ति अभियान का आयोजन विबग्योर पब्लिक इंटर कॉलेज में किया गया। डीएम के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में यह अभियान 21 से 30 नवम्बर तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह एवं बाल श्रम के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा आवश्यकतानुसार रेस्क्यू की कार्यवाही करना है। इस अवसर शिवशंकर पाल, शशि सिंह, मान सिंह कुशवाहा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सदस्य बाल कल्याण समिति मिलिंद द्विवेदी, संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल, कृष्ण शर्मा चाइल्ड लाइन, हब फार इम्पावरमेंट आफ वूमेन से डिस्ट्रिक मिशन कोआर्डिनेटर शेफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी द्वारा आमजन को बाल विवाह एवं बाल श्रम के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

धम्म चारिका पद यात्रा का सलोन में आगमन

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

शाक्यमुनि सम्यक सम्बुद्ध के आदेश चरथ भिक्खवे चारिकं बहुजन हिताय बहुजन सुखाय लोकानुकम्पाय को चरितार्थ करते हुए भिक्खु चन्दिमा थेरो के नेतृत्व में दिनांक 20/11/2025 से सारनाथ से चलकर दिनांक 14 दिसम्बर तक संकिसा को जाने वाली यात्रा सलोन की धरती पर आगमन हो गया है। इस धम्म चारिका यात्रा का स्वागत कार्यक्रम तेरहों सलोन होगा तथा रात्रि विश्राम किया जाएगा। अगले दिन यह धम्म चारिका यात्रा रायबरेली के लिए प्रस्थान करेगा।

गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं का डीएम ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

शनिवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन विभाग, पंचायत विभाग एवं संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के सभी गौआश्रय स्थलों पर रहने वाली गौवंशों की उचित देखभाल प्राथमिकता है, इसलिए हरा चारा, पानी, चिकित्सा सुविधा, ठंड से बचाव एवं स्वच्छता की स्थिति सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गौवंशों के लिए चारे की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी आश्रय स्थल पर चारे की कमी न होने पाए। साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, फॉगिंग एवं नियमित सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौआश्रय स्थलों की निगरानी और पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे व्यवस्थाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कैमरों की रिकॉर्डिंग नियमित रूप से चेक की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पशु चिकित्सालयों की बेहतर स्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से अस्पताल में उपस्थित रहें तथा मरीजों और पशुपालकों को समय पर उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि दवाइयों, टीकों एवं आवश्यक उपकरणों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रहे। यदि कहीं कमी हो तो विभाग तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने कहा कि गौआश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए और निरीक्षण की रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

गौरीगंज विधायक सहित अन्य आरोपी पकड़ से दूर

अमेठी। न्यायालय के आदेश के बाद भी नगर पालिका चेयरमैन प्रत्याशी के पति पर हमले के मामले में गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह सहित अन्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। एसपी को निर्देशित किए जाने के बाद भी अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी और शुक्रवार को उक्त आरोपी कोर्ट में भी हाजिर नहीं हुए। गौरीगंज पुलिस ने विधायक व अन्य आरोपियों के घर दबिश देने के बाद गिरफ्तारी नहीं हो पाने की रिपोर्ट अदालत को भेजी है। कोर्ट ने मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए टिप्पणी की कि ऐसा लगता है कि आरोपी जानबूझकर हाजिर नहीं हो रहे हैं। स्पेशल मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा (सुल्तानपुर) की अदालत ने दो आरोपियों के खिलाफ जमानती वारंट और विधायक सहित अन्य के खिलाफ दोबारा एनबीडब्ल्यू जारी करने का आदेश दिया है। मामले में अगली सुनवाई के लिए 22 दिसंबर की तारीख तय की गई है। गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह समेत अन्य के खिलाफ भाजपा से तत्कालीन नपा अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह पर 10 मई 2023 को हुए हमले के आरोप से जुड़े मामले में गौरीगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पूर्व प्रधानाचार्य काशी प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर के मथुरा बाजार में स्थापित राम शंकर भारतीय इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय काशी प्रसाद श्रीवास्तव के स्मृति तथा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय काशी प्रसाद श्रीवास्तव के सुपुत्र एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि स्वात्साषी राज्य चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेश चतुर्वेदी ने अटल जी के मूर्ति पर करके किया।
जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को राम शंकर भारतीय इंटर कॉलेज मथुरा बाजार में कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय काशी प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं निशुल्क दवा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कैलाश नाथ शुक्ला तथा राज्य चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों तथा छात्र छात्राओं का चिकित्सकीय परीक्षण परामर्श तथा दवा उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक कैलाश नाथ शुक्ला मथुरा बाजार जैसे पिछड़े क्षेत्र में ऐसे आयोजन को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अति पिछड़े क्षेत्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी क्षेत्र वासियों के लिए वरदान साबित होगा । विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ राजेश चतुर्वेदी ने आयोजन को सफल बताते हुए छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय निवासियों को चिकित्सा शिविर का लाभ उठाने की अपील किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं मोबाइल तथा अन्य संसाधनों से दूर रहकर शिक्षा प्रदान केंद्रित करने का सुझाव दिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मनीराम तिवारी ने विद्यालय के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा आए हुए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया । शिविर आयोजक डॉ राजीव रंजन ने आए हुए चिकित्सकों तथा अतिथियों आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय काशी प्रसाद श्रीवास्तव के इस विद्यालय के लिए किए गए योगदान पर भी प्रकाश डाला। चिकित्सकीय टीम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नजमा खान, डॉ सिद्धार्थ तिवारी एमबीबीएस एमडी मेडिसिन, डॉ सत्यदेव विश्वकर्मा एमबीबीएस जनरल फिजिशियन, डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव जनरल फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुलदीप की टीम के डब्लू कुमार पांडे, आसिफ इसरार नेत्र परीक्षक व मुकीम नेत्र परीक्षक अलावा फार्मासिस्ट मौजूद रहे। आयोजक मंडल मे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के सहयोगी रहे विद्यालय की पूर्व प्रबंधक शिव प्रसाद द्विवेदी, प्रबंधक अतुल द्विवेदी, प्रवक्ता महेंद्र कुमार, यदुनाथ वर्मा, श्याम मनोहर तिवारी तथा मुकेश कुमार सहित अन्य अध्यापक छात्र-छात्राएं तथा बड़ी सख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे जिन्होंने स्वास्थ्य कैंप का लाभ उठाया।

कांग्रेस नेता श्रीप्रकाश जायसवाल का निधन, आवास पर श्रद्धांजलि देने के लिये उमड़ी लोगों की भीड़

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में पूर्व सांसद और पूर्व कोयला मंत्री रह चुके श्री प्रकाश जायसवाल का निधन हो गया है। 81 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीप्रकाश जायसवाल का शुक्रवार रात को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। कानपुर में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से राजनीति में सक्रिय थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रहते हुये कानपुर के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया कई ट्रेने चलवाई। लाल बंगला पोखरपुर स्थित आवास पर देर रात तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें हृदय रोग संस्थान ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उनके निधन की पुष्टि की। हृदय रोग संस्थान के निदेशक डा. राकेश वर्मा ने बताया कि उन्हें जब अस्पताल लाया गया तो उनकी मृत्यु हो चुकी थी। काफी दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। उनका निधन कांग्रेस पार्टी और कानपुर की राजनीतिक जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। बता दें कि 1999, 2004 और 2009 में श्री प्रकाश जायसवाल ने कानपुर से कांग्रेस का परचम बुलंद किया और यहां से सांसद बनते हुए केंद्रीय मंत्री भी बने। उन्होंने 2011-2014 तक तीन वर्षों तक कोयला मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। वह कानपुर से लगातार तीन बार सांसद भी रहें। पूर्व मंत्री का पार्थिव शरीर लालबंगला पोखरपुर स्थित आवास पर लाया गया। निधन की खबर पाकर लोग उनके आवास पहुंचने लगे। श्रीप्रकाश जायसवाल का जन्म 25 सितंबर 1944 को कानपुर में हुआ था। स्कूली शिक्षा बीएनएसडी इंटर कॉलेज, कानपुर से पूरी की। 28 अप्रैल 1967 को उनका विवाह माया रानी जायसवाल से हुआ। उनके दो बेटे सिद्धार्थ जायसवाल और गौरव जायसवाल, एक बेटी और दो पोते हैं। सिद्धार्थ जायसवाल कनाडा में रहते हैं। मनमोहन सरकार ने 2004 में उन्हें गृह राज्य मंत्री बनाया था। 2009 में उन्हें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और कोयला तथा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन का दोहरा प्रभार सौंपा गया। भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी ने उन्हें हराया था। श्री प्रकाश जायसवाल के पार्थिव शरीर को आम जनमानस के दर्शन के लिए रविवार सुबह उनके आवास में दूसरे परिसर में रखा जायेगा। उनका अंतिम संस्कार 30 नवंबर को भैरवघाट में होगा। उनके निधन की सूचना मिलते ही शनिवार को अभिनेता रजा मुराद अंतिम दर्शन को पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, महापौर प्रमिला पांडेय, कानपुर बुंदेलखंड खण्ड अध्यक्ष प्रकाश पाल, भाजपा नगर अध्यक्ष शिवराम सिंह, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, हसन रूमी, भाजपा विधायक नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी आदि अन्य राजनेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अजय राय ने शोक जताया है। सभी के बीच बस एक ही बात अपने मंत्री काल में उन्होंने शहर को बहुत कुछ दिया। श्रम शक्ति ट्रेन, कई पुल उन्होंने शहरियों को दिलाई। अंत्येष्टि से पहले उनका पार्थिव शरीर तिलक हाल ले जाया जाएगा। इसके बाद अंतिम संस्कार होगा।

बिल्हौर में निशुल्क नेत्र शिविर-60 की जांच, 27 मरीजों का होगा मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर कस्बे के बापू गेस्ट हाउस में शनिवार को बिल्हौर विधायक मोहित सोनकर (राहुल बच्चा सोनकर) की पहल पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन हुआ। स्पेक्ट्रम आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 60 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 27 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। सभी चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा।

शिविर का शुभारंभ विधायक ने फीता काटकर किया। इसके बाद स्पेक्ट्रम आई हॉस्पिटल- काकादेव केअनुभवी चिकित्सकों की टीम ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं व आवश्यक परामर्श प्रदान किया।विधायक ने बताया कि चयनित 27 मरीजों को काकादेव स्थित हॉस्पिटल भेजा जाएगा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। मरीजों के लिए रहने, खाने, आने-जाने, दवाओं और चश्मे की समुचित व्यवस्था भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। जांच टीम में डॉ. अमित गुप्ता सहित अखिलेश कुमार, अंकुर अग्निहोत्री और दिव्यांशु पांडे ने सेवाएं दीं। शिविर में मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा, कुश अग्निहोत्री और आदेश तिवारी समेत कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

समापन पर विधायक ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के लोगों को उनके निकट ही बेहतर, सुलभ और गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने इसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्ध पहल बताया।

मैरी जीसस एजुकेशन सेंटर स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जीता दिल, छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मैरी जीसस एजुकेशन सेंटर स्कूल का वार्षिक उत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें नाटक, गीत और एकांकी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवन में शिक्षा के महत्व को उजागर किया गया।

कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा 12 क्लास के बच्चों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो बहुत सराहनीय रहा, और देर तक पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को फिल्म स्टार श्री रजा मुराद जी तथा एमएलसी श्री अरुण पाठक जी तथा विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। आज के हमारे मुख्य अतिथि मुंबई से आए श्री रजा मुराद जी ने जीवन में शिक्षा का महत्व बताया तथा अपने संबोधन में जीवन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सीढ़ी है, जिसके सहारे जीवन में सफलता की बुलंदियों को छुआ जा सकता है। बच्चों को एक लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान हमारे कानपुर के प्रिय एम एल सी श्री अरुण पाठक जी ने स्कूल के संचालन सभी टीचर्स बच्चों को आज के कार्यक्रम की बधाई प्रदान की तथा स्टेट लेवल पर खेल सभी बच्चों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती ओल्गा प्रसाद तथा उप प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता कुमार जी और स्कूल का छात्र आयुष पांडे ने किया। प्रबंधक श्री नोबल कुमार ने सभी अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई प्रधान की। इस सुंदर अवसर पर उपस्थित रहे। फिल्म स्टार मिस्टर रजा मुराद (चीफ गेस्ट), ओल्गा प्रसाद (प्रिंसिपल), श्रीमती अनीता कुमार (वाइस - प्रिंसिपल) मिस्टर नोबल कुमार (डायरेक्टर) मिस्टर दीपक जैन मिस्टर निखिल शुक्ला., मिस्टर अरुण पठल (एमएलसी) मिसेज कविता यादव, पादरी डायमंड यूसुफ, नेली मार्टिन, पादरी अभिषेक लायल, मिसेज पंकज मलिक,डीएच. अजीत सिंह, पादरी सत्येंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे।

बिल्हौर में बच्चों के टीकाकरण पर समीक्षा बैठक

एडीओ पंचायत व चिकित्सा अधिकारियों ने की चर्चा, प्रधानों से मांगा सहयोग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

विकास खंड कार्यालय स्थित डा.अम्बेडकर सभागार में बच्चों के टीकाकरण अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता भीम सेन सिंह ने की, जिसमें चिकित्सा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 5 से 7 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा कर उसे और प्रभावी बनाना था। इस दौरान अधिकारियों ने सभी प्रधानों से अभियान में सक्रिय सहयोग और जन-जागरूकता बढ़ाने की अपील की। चिकित्सा अधिकारियों ने पोलियो, चिकनपॉक्स और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण के महत्व तथा प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ग्रामीण स्तर पर अभियान की गति तेज करने के लिए रणनीतिक सुझाव भी साझा किए गए।बैठक में प्रमुख रूप से कौशल किशोर तिवारी, विजय कुमार और वीरेंद्र कटियार सहित दर्जनों ग्राम प्रधान, स्वास्थ्य कर्मी और चिकित्सा विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि टीकाकरण अभियान को हर गांव व मजरे तक पहुंचाया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा आवश्यक टीकों से वंचित न रहे।

धूम धाम से मनाया गया मंत्री जितिन प्रसाद का जन्मदिन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

भाजपा शासन में मंत्री पद पर हरकर देश और प्रदेश का विकास कर रहे मंत्री जितिन प्रसाद का जन्मदिन धूम धाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर जितिन प्रसाद के सबसे करीबी कहे जाने वाले ज्ञानेन्द्र शुक्ला ज्ञानू ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक काटा और एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई देते हुए मंत्री जितिन प्रसाद की लम्बी उम्र कामना की ज्ञानेन्द्र शुक्ला ज्ञान ने कहा कि जितिन प्रसाद ने प्रदेश में सड़को का जाल बिछा दिया दिया है। जब वह धौरहरा के सांसद थे तो उनहोने धैराहरा के एक छोटे छोटे गांव और उसके मजरे को मुख्य मार्ग से जोड़ने का प्रयास किया और उनकी सोच हमेश रही है कि गांव के मजरों को भी शहर जैसी सुविधाएं मिले इसके लिये वह हमेशा प्रयास करते रहे आज गांजर का हर गावं मुख्य मार्ग से जुड़ा हुआ है और आवागमन काफी सुविधा जनक हुआ है इसे आलावा जितिन प्रसाद ने गांव सीधे राजधानी को जोड़ते हुए रोडवेज बसों का भी संचालन करवाने का प्रयास किया जिसमें वह सफल रहे है। इस मौके पर गुडडू शुक्ला, आशीष मिश्रा, सूरज सिंह, अजय गुप्ता, सौरभ अवस्थी, राधेश्याम सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पोलो को होल्डिंग लगाकर दी गई बधाई

ज्ञानेन्द्र शुक्ला उर्फ ज्ञानू के नेतृत्व में पोलों पार होल्डिंग लगाकर उनको बधाई दी गई। क्षेत्र में लगी होल्डिंग लगाकर कार्यकर्ताओं एकत्र हुए और एक दूसरे को बधाई देते हुए कहा कि जितिन प्रसाद हमारे बीच नही है इस कारण कारण हम लोगो ने जितिन प्रसाद की होल्डिंग लगाकर केक काटा और उनका जन्मदिन मनाया है।

दो बूथ लेबल अधिकारी किये गये सम्मानित

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एस आई आर कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वालों में विकास खंड रेउसा के दो ग्राम रोजगार सेवकों ने बाजी मारी है।वर्तमान समय में एस आई आर कार्य प्रगति पर चल रहा है, बीएलओ घर घर जाकर मतदाता फार्म भरने में लगे हैं। इसी क्रम में 150 विधानसभा क्षेत्र सेवता में एस आई आर कार्य में बतौर बीएलओ लगाए गए ग्राम पंचायत गोलोक कोंडर भाग संख्या 160 के ग्राम रोजगार सेवक विनोद यादव व भाग संख्या 153 ग्राम पंचायत लालपुर के ग्राम रोजगार सेवक मनोज कुमार गुप्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा से पहले शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जाने पर जिलाधिकारी सीतापुर डा.राजगणपति आर द्वारा दोनों बीएलओ को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। दोनों ग्राम रोजगार सेवकों की इस उपलब्धि पर खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत, ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेशनाथ त्रिवेदी, नरेंद्र कुमार यादव,एडीओ पंचायत ओमेंद्र पाल,ग्राम रोजगार सेवक संघ रेउसा के अध्यक्ष शरद शुक्ल विक्रम लाल हिफाजतुल्ला रंजीत कुमार मौर्य चंद्रभाल रामप्रताप प्रदीप अवस्थी सहित अनेक ग्राम रोजगार सेवकों व ब्लॉक कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एक्सप्रेस खबरें...

ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। कटीली गांव के पास एक बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां एक युवक को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। बड़ागांव निवासी श्याम किशोर बंसल (28) गांव के ही अमरेंद्र (18) के साथ बाइक से महोली कस्बे में कपड़े लेने जा रहे थे। बड़ागांव मार्ग पर कटीली गांव के पास उनकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन समेत मौके से भाग गया। बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। लोगो की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां श्याम किशोर बंसल को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर जंग बहादुर पांडेय ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कारवाई की जाएगी

सोलर पम्प की बुकिग जारी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल दिनांक 26.11.2025 से 15.12.2025तक खुला रहेगा। बुकिंग करने हेतु कृषक का पंजीकरण विभागीय वेबसाईट पर होना अनिवार्य है द्य योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित तिथि के अन्दर आनलाइन बुकिंग कर सोलर पम्प का लाभ प्राप्त कर सकते है। आनलाइन बुकिंग के समय रु0 5000- टोकन मनी के रूप में आनलाइन जमा करना होगा । पोर्टल पर जनपदवार 0.2 एच0पी0 एवं 03 एच0पी0का लक्ष्य सम्लित रूप से प्रदर्शित होगा। कृषक अपनी आवश्यकतानुसार सोलर पम्प का चयन कर आगे बढ़ सकते हैं। 2 एच0पी0 हेतु 4 इन्च,3 एवं 5 एच0पी0हेतु 6 इन्च तथा 7.5 व 10 एच0पी0हेतु 8 इन्च की बोरिंग होना अनिवार्य है। बुकिंग के उपरान्त कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जाएगा।

सड़क हादसे में तीन घायल

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। लहरपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के कुल्ताजपुर के पास एक बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में बाइक ट्रक में फंसकर करीब 30 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में बाइक सवार दंपती के साथ उनका नौ माह का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। खुटार के भानपुर निवासी जगप्रीत (21) अपनी पत्नी सदनदीप कौर (19) और नौ माह के पुत्र गुरकीरत के साथ बाइक से बिसवां जा रहे थे। तभी लहरपुर से हरगांव मार्ग पर कुल्ताजपुर के पास हरगांव शुगर मिल जा रहे गन्ने से लदे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक से टकराकर बाइक करीब 30 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में बाइक सवार दंपती व मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से पिता-पुत्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।दुर्घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने ट्रक को घेर लिया। ट्रक चालक भीड़ बढ़ती देखकर मौके से भाग गया। सूचना पर भारी संख्या में सिख समुदाय के लोग अस्पताल पहुंच गए और घायलों की मदद की।

लगी आग से गाय झुलसी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जनपद के पिसावां थाना क्षेत्र में चैकनिया गांव में अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लग गई। चपेट में आकर एक गाय गंभीर रूप से झुलस गई। दूसरी गाय को बचा लिया गया। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से किसी तरह आग पर काबू पाया। चैकनिया गांव निवासी रामसागर के घर में बृहस्पतिवार देर रात अज्ञात कारणों से छप्पर में अचानक आग भड़क उठी।

परामर्श केंद्र का प्रयास, रिश्तों में पुनः विश्वास

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन सीतापुर में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान 03 जोड़े नूरी मोहम्मद पत्नी सैय्यद मोहम्मद निवासी ग्राम मेहदीशाह मजरा वजीर बाग थाना सहादतगंज लखनऊ, सिम्मी कुमारी पत्नी हरीओम तिवारी निवासी ग्राम चिनहटा थाना रामकोट, सोनी देवी पत्नी पंकज निवासी चन्दौरवा थाना कमलापुर ने आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा 03 जोड़ो की विदाई कराई गई।

काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ.नि.गीता सिंह, आरक्षी शिवा ढाका, काउंसलर-विकास वर्मा, शांता महावर आदि मौजूद रहे।

फर्जीवाड़ा-प्रधान सचिव ने डॉक्टर को बनाया मजदूर

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

पिसावां। जनपद में आये दिन सचिवो व प्रधानों के अजीबोगरीब कारनामे उजागर हो रहे है,सचिव प्रधानों से मिलीभगत कर फर्जीवाडे की सारी हदें पार रहे है जनपद में लगातार सचिवो के द्वारा प्रधान परिजनों व प्रधान के चहेतो के नाम नियमविरुद्ध ग्राम निधि की धनराशि का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया जा रहा है। बताते चले कि विकास खंड पिसावां की ग्राम पंचायत मुडासानी व ढकिया कलां में सचिवो ने जमकर शासनादेश की धज्जिया उड़ाई है। ग्राम पंचायत ढकिया कलां में सचिव ओमप्रकाश ने प्रधान परवीन प्रधान पुत्र मन्नान व प्रधान के चहेते तौसीब की नाम लाखों का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया है, बीते वित्तीय वर्षो में सचिव ने प्रधान के पुत्र मन्नान के नाम लगभग 300000 रूपये का नियमविरुद्ध भुगतान किया व प्रधान के चहेते तौसीब को भी मालामाल किया है जबकि प्रधान के पति मुन्ना की बात मॉने जाए तो तौसीब पेशे से डॉक्टर है जो मरीजो का इलाज कर धनोपार्जन करता है बावजूद इसके सचिव ने प्रधान से मिलीभगत कर तौसीब से बिना कार्य कराए ही ग्राम निधि से लाखो का भुगतान कर घोटाला किया है। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान से जानकारी का प्रयास किया गया तो उनके पति मुन्ना ने फोन उठाया व बताया



कि तौसीब डॉक्टरी करता है और मन्नान उनका पुत्र है जो भी भुगतान निकाला गया है वह सब सही है कुछ भी गलत नही हुआ है। अगर प्रधान पति की मॉने जाए तो ग्राम पंचायत में हुआ फर्जीवाड़ा जायज है और सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशो की कोई अहमियत नही है।

मुडासानी में भी तत्कालीन सचिव ने किया ग्राम निधि का बंटाधार

ग्राम पंचायत मुडासानी में भी तत्कालीन सचिव ने प्रधान से मिलीभगत कर सरकारी धन पर डाका डाला है। यह सचिव लंबे समय से फर्जीवाड़े के लिए चर्चाओं में रहा है और इसके कई मामले पहले भी उजागर हो चुके हैं।पूर्व में ग्राम पंचायत कुइयाखेड़ा में भी इसी सचिव ने प्रधान व उसके परिजनों के नाम फर्जी भुगतान कर हजारों लाखों रुपये हड़पे थे। अब मुडासानी में प्रधान और उसके पुत्र के नाम भारी भरकम रकम निकालकर सरकारी धन का खुला घोटाला किया गया है।पंचायती राज विभाग की खाऊ-कमाऊ नीति के चलते भ्रष्टाचार में संलिप्त सचिवों पर कार्रवाई न होने से ऐसे फर्जीवाड़े लगातार बढ़ रहे हैं।

चैकनिया में फर्जीवाड़ा कर निकाला गया सरकारी धन

ग्राम पंचायत चैकनियां में ग्राम प्रधान बचान सिंह व सचिव ने ग्राम निधि से अपने व अपने परिजनों के नाम भुगतान कर लाखो रूपये का बंदर बांट किया। ग्राम प्रधान के पुत्र अनुराग माता पन्ना देवी पत्नी सरोजनी भाई महेन्द्र व स्वंय के नाम भारी भरकम रकम का भुगतान किया गया। बीते वित्तीय वर्षो में प्रधान ने सचिव फर्जी वाड़ा करते हुए उक्त लोगो के नाम लाखों रूपये निकालकर सरकारी धन का बंदरबांट किया। इस बंदरबांट की तरफ जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है बंदर बांट होने की वजह से जिम्मेदार इस मामले को दबाने के प्रयास में लगे हुए है।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की जिला सीतापुर इकाई के कार्यकारिणी, पुनर्गठन तथा समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय महामंत्री रमेश शंकर पांडेय उपस्थित रहे। उन्होंने इस दौरान कहा कि यूनियन पत्रकारों को कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए हर समय तैयार रहती है लेकिन पत्रकारों को पत्रकार मिशन में रहकर कार्य करना चाहिए, छोटे-छोटे मामलों में धरना प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। पत्रकार और आम आदमी में काफी बड़ा अंतर है। श्री पांडेय ने आगे पत्रकारों को बताया कि हम लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जल्द मिलकर सभी पत्रकारों को पेंशन दिलाने के साथ-साथ बीमा दिलाने की मांग करेंगे। संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रगुप्त श्रीवास्तव एडवोकेट ने यूनियन के बारे में तमाम जानकारियां देते हुए बताया कि श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत उत्तर प्रदेश की सबसे पुरानी यूनियन है और इसका कार्य सराहनीय रहा है, पत्रकारों के हितों व रक्षा में पूरे तौर पर यूनियन सक्षम है और इसके तमाम प्रमाण उन्होंने पेश किए। उक्त बैठक में जिला कार्यकारिणी में बिसवां निवासी जिला अध्यक्ष के रूप में सिराज अहमद, उपाध्यक्ष रफीक अहमद अंसारी, मोहित जायसवाल, रामकिशोर यादव, सुनील गुप्ता, पंकज भारती, महामंत्री लक्ष्मीकांत वाजपेई, मंत्री पंकज कुमार मिश्रा, हरिशंकर गुप्ता, प्रचार मंत्री वहाजुद्दीन गौरी, कोषाध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव, संगठन मंत्री नवल किशोर मिश्रा, प्रांतीय परिषद के सदस्य चंद्रगुप्त श्रीवास्तव एडवोकेट, सदस्य कार्यकारिणी लहरपुर इंचार्ज कमलेश कुमार मेहरोत्रा, आरएन सिंह, समीर पुरी, खालिद अली, अनवर अली, नियाज हुसैन, जहरुद्दीन अंसारी, मो.फहीम, शेख अफजाल हुसैन, प्रदीप मिश्रा, अलमास अंसारी,शहाब वहीद अंसारी सर्व समिति से निर्वाचित हुए। उपरोक्त सभी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ भी ली। संरक्षक के रूप में केजी त्रिवेदी, ज्ञान प्रकाश प्रतीक निर्वाचित हुए। उपस्थित समस्त पत्रकारों ने अपनी-अपनी राय व्यक्त की। जिसको यूनियन के पदाधिकारियों ने गंभीरता से लिया।

मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह ने विद्यालय को गोद लेने की घोषणा की

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जनपद के सबसे प्राचीन विद्यालय उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर में आज विद्यालय का छात्र अलंकरण समारोह तथा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद पवन सिंह ने घोषणा करते हुए कहा कि मैं उजागर लाल इंटर कॉलेज को गोद लेता हूं अब छात्र-छात्राओं के भविष्य के समक्ष कोई भी समस्या आने नहीं दी जाएगी पढ़ने वाले छात्र छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त करें इसके लिए छात्र-छात्राओं की हर तरीके से मदद की जाएगी तथा विद्यालय के पास जो भी संसाधनों की कमी होगी उसे पूर्ण किया जाएगा सदस्य विधान परिषद के द्वारा की गई इस घोषणा का जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह प्राधिकृत नियंत्रक अशोक कुमार एडवोकेट मुकुल मिश्रा सेवानिवृत्ति प्रबंधक यूनियन बैंक सीतापुर वीरेंद्र नारायण श्रीवास्तव तथा विशेषता तिथि राम प्रकाश राम प्रताप सिंह चैहान अधिवक्ता हाई कोर्ट ने करतल धोनी से स्वागत स्वागत किया छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा ऑपरेशन सिंदूर तथा राधा कृष्ण नृत्य को काफी सराहना मिली इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों तथा शिक्षकों को भी अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों में श्री राम प्रताप सिंह चैहान अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता लखनऊ द्वारा अपने बाबा जी की स्मृति में इंटरमीडिएट हिंदी में सर्वोच्च प्राप्त करने वाले छात्र अंकुल कुमार 1100 रुपए नगर तथा उर्मिला सुरेश चैहान विशेष पुरस्कार अपनी माता-पिता जी की स्मृति में हाई स्कूल अंग्रेजी विषय में सर्वोच्च प्रश्न अंक प्राप्त करने वाले छात्र सुरेंद्र कुमार को?11 नगद पुरस्कार दिया गया इसके अलावा कक्षा 11 की छात्राएं सिमरनजीत सिंह तथा दिव्या कथा अंकुल कुमार को एडवोकेट मुकुल मिश्रा के द्वारा पुरस्कार दिया गया जबकि श्री वीरेंद्र नारायण श्रीवास्तव सेवानिवृत्ति प्रबंधक यूनियन बैंक के द्वारा हाई स्कूल के छात्र कमल कुमार तथा छात्राओं को संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरण किया गया जबकि योगेश चंद्र दीक्षित विभाग का अध्यक्ष सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज सीतापुर के द्वारा हाई स्कूल विज्ञान में सर्वोचन प्राप्त करने वाले प्रांजल श्रीवास्तव तथा इंटरमीडिएट विज्ञान में सर्वोच्च प्राप्त करने वाले अंकित कुमार को 11-1100 करने का पुरस्कार देगा सम्मानित किया गया इसी क्रम में से प्रियंका जाने की प्रभारी पतंजलि चिकित्सालय सीतापुर के द्वारा अपने माताजी के पिताजी के नाम से सामाजिक विज्ञान में सर्वोच्च प्राप्त करने वाले कमल कुमार को 1100 का नगर पुरस्कार दिया गया तथा अपने बाबा दादा की स्मृति में हाई स्कूल गणित में प्राप्त करने वाले आशीष कुमार को 1100 देकर के सम्मानित किया गया

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

लापता बच्चों पर बहस को अंजाम तक पहुंचाने की जरूरत

नवजात बच्चों की चोरी और तस्करी से जुड़े मामले में सबसे बड़ी अदालत ने कहा था कि अगर किसी नवजात बच्चे को अस्पताल से चुराया जाता है, तो उस अस्पताल का लाइसेंस रद कर देना चाहिए। नवजात शिशुओं की चोरी किसी भी समाज के लिए केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं पर भी आघात है। अस्पतालों में ऐसी घटनाओं का होना यह दर्शाता है कि सुरक्षा मानकों, कर्मचारियों की नैतिकता और प्रशासनिक निगरानी में गंभीर कमी है। जिन संस्थानों में इस तरह की लापरवाहियां सामने आती हैं।

देश में हर साल बड़ी संख्या में बच्चे लापता होते हैं। उच्चतम न्यायालय में हाल में इस गंभीर मसले पर सुनवाई के दौरा न्यायमूर्ति नागरत्ना ने मौखिक टिप्पणी की, %मैंने समाचार पत्र में पढ़ा है कि देश में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है।% उच्चतम अदालत ने टिप्पणी की कि गोद लेने की प्रक्रिया कठोर होने के कारण, इसका उल्लंघन होना स्वाभाविक है और लोग बच्चे पैदा करने के लिए अवैध तरीके अपनाते हैं। अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए छह सप्ताह का समय मांगा। मालूम हो कि अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से संचालित मिशन वात्सल्य पोर्टल पर प्रकाशन के लिए उनके नाम और संपर्क विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दे। अदालत ने इससे पहले केंद्र से लापता बच्चों का पता लगाने और ऐसे मामलों की जांच के लिए गृह मंत्रालय के तत्वावधान में एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल बनाने को कहा था। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लापता बच्चों का पता लगाने के काम में लगे पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी को रेखांकित किया था। अदालत ने कहा था कि पोर्टल पर प्रत्येक राज्य से एक समर्पित अधिकारी का नाम- फोन नंबर आदि हो सकता है जो सूचना प्रसारित करने के अलावा गुमशुदगी की शिकायतों का प्रभारी भी हो सकता है। पूर्व में एक एनजीओ ने अदालत का रुख किया था और अपहरण किए जा चुके या लापता बच्चों के अनसुलझे मामलों के अलावा भारत सरकार की तरफ से निगरानी किए जाने वाले खोया/ पाया पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई पर प्रकाश डाला था। बच्चों का गायब होना सचमुच चिंताजनक है। बच्चों के लापता होने के कई कारण हैं, जिनमें अपराध, तस्करी, हत्या और देह व्यापार आदि की आशंकाएं प्रबल हैं। इसमें प्रशासनिक लापरवाही एक बड़ा कारण हो सकती है, जिसमें सुधार की आवश्यकता हमेशा देखी जाएगी। भारत में गुमशुदा या लापता बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार, हर साल मानव तस्करी में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। विधि आयोग द्वारा न्यायिक नीति पर जारी संक्षिप्त पुस्तक में भी इस समस्या पर प्रकाश डाला गया है। इस क्षेत्र में सबसे पहले लापता बच्चों का सुराग लेने और तस्करी से जुड़े सभी संपर्कों के लिए कानूनी बदलाव की तुरंत आवश्यकता है। वर्ष 2013 और 2014 के बीच कम से कम 6,700 बच्चे लापता हुए। इनमें से 45 प्रतिशत बच्चे अवयस्क थे, जिन्हें वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया गया। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार, मानव तस्करी के पीछे अनेक कारण होते हैं। जबरन विवाह, बाल श्रम, घरेलू नौकर और लैंगिक शोषण इसके पीछे मुख्य कारण हैं। बच्चों की सुरक्षा किसी राष्ट्र के नैतिक मूल्यों से जुड़ी होती है। भारत को भी इस मोर्चे पर सुधार की जरूरत है। वर्ष 2024-25 में लगभग 45 हजार बच्चों को शोषण से बचाया गया है। इनमें से 90 प्रतिशत को बालश्रम में लगाया गया था। एनसीआरबी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 47 हजार से अधिक बच्चे लापता सूची में हैं। इनमें से 71.4 प्रतिशत नाबालिग लड़कियां हैं। अधिकांश लापता बच्चों को बाल-श्रम, भीख मांगने या यौन शोषण के लिए मजबूर किया जाता है।

एक्सप्रेस आलेख

भारत की कूटनीति संतुलनकारी अवश्य है, परन्तु महाशक्तियों के कठोर और प्रतिस्पर्धी रुख के बीच इसकी प्रभाव सीमा सीमित हो जाती है। फिर भी यह निर्विवाद है कि आज वैश्विक दक्षिण का ऐसा कोई और देश नहीं है जो भारत जैसी व्यापक, संतुलित, विश्वासयोग्य और दूरदर्शी भूमिका निभा सके। भारत ने जी-20 के मंच को नई ऊर्जा दी है, वैश्विक दक्षिण के हितों को उचित सम्मान दिलाया है, और वैश्विक शासन में समावेशिता की नई परिभाषा प्रस्तुत की है। अंततः, जी-20 की भविष्य की सफलता उसके सदस्यों की सामूहिकता की भावना, परस्पर विश्वास, और साझा उत्तरदायित्व को पुनर्जीवित करने पर निर्भर करेगी।

बदलती विश्व-व्यवस्था और जी-20 की चुनौती

प्रियंका सौरभ

यह विषय लंबे समय से वैश्विक विमर्श में अपेक्षित महत्व नहीं पाता रहा था। भारत ने इसके विरुद्ध कठोर और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही न्यायपूर्ण ऊर्जा परिवर्तन, जलवायु वित्त, सतत विकास, तकनीक की समान उपलब्धता और खाद्य-सुरक्षा जैसे विषयों पर भी भारत ने विकासशील देशों की सामूहिक आवाज़ को मजबूत किया।

बहुध्रुवीयता के बीच भारत की उभरती वैश्विक भूमिका। भू-राजनीतिक तनावों, आर्थिक अस्थिरता और नेतृत्व संकट से जूझते जी-20 में भारत का वैश्विक दक्षिण की आवाज़ के रूप में उदय।बदलती विश्व-व्यवस्था के दौर में जब महाशक्तियों के बीच तनातनी, आर्थिक अस्थिरता और वैश्विक नेतृत्व का खालीपन नई चुनौतियाँ खड़ी कर रहा है, ऐसे समय में ल-20 की भूमिका पहले से कहीं अधिक अहम हो गई है। बहुध्रुवीयता के उभरते युग में यह मंच अब सिर्फ आर्थिक सहयोग का समूह नहीं, बल्कि कूटनीतिक संतुलन और वैश्विक समाधान का केंद्र बन चुका है। इसी बदलते समीकरणों के बीच भारत वैश्विक दक्षिण की मज़बूत आवाज़ बनकर उभरा है–एक ऐसा देश जो बड़े देशों के शक्ति-संघर्ष के बीच से रास्ता निकालते हुए विकासशील दुनिया की प्राथमिकताओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर जगह दिला रहा है। जी-20 वैश्विक आर्थिक समन्वय का सबसे प्रभावी मंच है, परन्तु आज यह गहरे भू-राजनीतिक विभाजनों, महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा, आर्थिक असमानताओं और नेतृत्व संकट जैसी कई चुनौतियों से घिरा है। इससे समूह की प्रासंगिकता एवं क्षमता दोनों पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। ऐसे जटिल समय में भारत ने स्वयं को वैश्विक दक्षिण की सशक्त आवाज़ के रूप में स्थापित किया है–अफ्रीकी संघ की सदस्यता सुनिश्चित करने से लेकर समावेशी विकास, शांति-आधारित कूटनीति और दक्षिण-दक्षिण सहयोग के नए मॉडल प्रस्तुत करने तक। फिर भी वैश्विक शक्ति-संघर्ष भारत की प्रभाव क्षमता को सीमित करते हैं और जी-20 की कार्यकुशलता को प्रभावित करते हैं। विश्व-राजनीति वर्तमान समय में गहरे परिवर्तनों से गुजर रही है। महाशक्तियों के बीच अविश्वास, क्षेत्रीय युद्ध, आर्थिक संकट, तकनीकी वर्चस्व की होड़, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे और वैश्विक संस्थाओं में घटती प्रभावशीलता ने विश्व-व्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। ऐसे दौर में जी-20, जो विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने का सबसे महत्त्वपूर्ण मंच है, स्वयं को अभूतपूर्व चुनौतियों के बीच पाता है। समूह की प्रभावशीलता पर बढ़ते संदेह मात्र इसके कार्य-तंत्र से उत्पन्न नहीं हुए, बल्कि यह बदलती विश्व-स्थिति और बहुध्रुवीयता के असंतुलन का प्रत्यक्ष परिणाम है। जी-20 की सबसे गंभीर चुनौती गहराता हुआ भू-राजनीतिक विभाजन है। यूक्रेन क्षेत्र में चल रहा युद्ध, पश्चिम एशिया की अस्थिरता, प्रशांत क्षेत्र में टकराव, बड़े देशों के बीच तकनीकी एवं आर्थिक प्रतिस्पर्धा, तथा बढ़ते प्रतिबंधों ने समूह की सहमति-निर्माण क्षमता को कमजोर बनाया है। कई बार ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो जाती हैं कि साझा घोषणा-पत्र निकालना भी कठिन हो जाता है। उदाहरणस्वरूप, जोहान्सबर्ग बैठक में केवल अत्यंत सामान्य रूप से 'स्थायी एवं न्यायपूर्ण शांति' की अपील की गई, क्योंकि सदस्य देशों के दृष्टिकोण आपस में टकराते रहे। यह स्थिति दिखाती है कि वैश्विक मुद्दों पर सामूहिक स्वर तैयार करना कितना कठिन हो चुका है। महाशक्तियों के व्यक्तिगत हित कई बार समूह के सामूहिक हितों पर भारी पड़ जाते हैं। इससे उबंटू–अर्थात् मैं हूँ क्योंकि हम हैं–जैसी साझी जिम्मेदारी की मूल भावना क्षीण होती जा रही है। कुछ प्रमुख देशों द्वारा सम्मेलन से दूरी बनाना, या महत्वपूर्ण विमर्शों में भागीदारी में अनिच्छा दिखाना, समूह की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। इससे जी-20 उस भूमिका को नहीं निभा पाता जिसके लिए यह बनाया गया था–यानी वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक एवं समन्वित प्रयास। इसके साथ ही आर्थिक असमानता जी-20 के सामने एक और महत्वपूर्ण चुनौती है। विकसित और विकासशील देशों के बीच आय, तकनीक, स्वास्थ्य-सुविधाएँ, कौशल, ऊर्जा स्त्रोतों और जलवायु वित्त में बढ़ती खाई ने समूह के भीतर संतुलन को प्रभावित किया है। वैश्विक ऋण संकट, विकासशील देशों पर बढ़ता आर्थिक दबाव, मंदी का खतरा, और असमान व्यापार-संरचना मिलकर ऐसे परिदृश्य का निर्माण करते हैं जिसमें साझा नीति बनाना कठिन हो जाता है। ऐसे समय में समूह को जिस सशक्त नेतृत्व और सहयोग की आवश्यकता है, वह कई बार अनुपस्थित दिखाई देता है। इन जटिल परिस्थितियों के बीच भारत ने जी-20 में अत्यंत सकारात्मक, समावेशी और संतुलनकारी भूमिका निभाई है। भारत ने न केवल वैश्विक दक्षिण की चिंता और अपेक्षाओं को केंद्र में रखा, बल्कि ऐसे ठोस कदम भी उठाए जिनका दीर्घकालिक प्रभाव दिखाई देता है। भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाना रही। यह निर्णय न केवल ऐतिहासिक था, बल्कि उन विकासशील देशों की पुरानी मांग को भी पूरा करता था जिन्हें वैश्विक निर्णय-प्रक्रिया में बराबरी का स्थान नहीं मिलता रहा। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत वैश्विक व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने विकासशील देशों की वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित कई व्यावहारिक एवं मापनीय पहलों को आगे बढ़ाया। डिजिटल सार्वजनिक संरचना का मॉडल, स्वास्थ्य-सुरक्षा व्यवस्था, कौशल विकास, ग्रामीण एवं कृषि नवाचार, मत्स्य प्रबंधन, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण, आपदा प्रबंधन में सहयोग, और उपग्रह आँकड़ों का साझा उपयोग–ये सभी पहलें विकासशील देशों की आवश्यकताओं से सीधे जुड़ी हैं। विशेषकर अफ्रीका कौशल वृद्धि योजना जैसी पहलें लाखों युवाओं के लिए अवसरों का मार्ग खोलती हैं। भारत ने वैश्विक सुरक्षा से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया, विशेषकर आतंकवाद और नशीली दवाओं के गठजोड़ को। यह विषय लंबे समय से वैश्विक विमर्श में अपेक्षित महत्व नहीं पाता रहा था। भारत ने इसके विरुद्ध कठोर और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही न्यायपूर्ण ऊर्जा परिवर्तन, जलवायु वित्त, सतत विकास, तकनीक की समान उपलब्धता और खाद्य-सुरक्षा जैसे विषयों पर भी भारत ने विकासशील देशों की सामूहिक आवाज़ को मजबूत किया। हालाँकि भारत की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही है, फिर भी इसकी कुछ सीमाएँ स्पष्ट रूप से सामने आती हैं। महाशक्तियों के बीच चल रहे तीव्र संघर्षों के बीच भारत सभी पक्षों को एकजुट नहीं कर सका। प्रमुख देशों की अनुपस्थिति को भारत रोक नहीं पाया, न ही यह सुनिश्चित कर सका कि सभी देश साझा घोषणा-पत्र में कठोर रुख अपनाएँ। आतंकवाद पर अपेक्षित कठोर निंदा का शामिल न हो पाना भारत के लिए निराशाजनक था। इसी प्रकार भारत की कई विकास सम्बन्धी पहलें सभी देशों की समान रुचि और समर्थन प्राप्त नहीं कर पाईं, क्योंकि प्रत्येक देश की प्राथमिकताएँ भिन्न होती हैं।

आतंकवाद पर अपेक्षित कठोर निंदा का शामिल न हो पाना भारत के लिए निराशाजनक था। इसी प्रकार भारत की कई विकास सम्बन्धी पहलें सभी देशों की समान रुचि और समर्थन प्राप्त नहीं कर पाईं, क्योंकि प्रत्येक देश की प्राथमिकताएँ भिन्न होती हैं।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	दशमी 21:22 तक
नक्षत्रः	उत्तरभाद्रपदा 24:57
पक्षः	शुक्ल
वारः	रविवार
योगः	वज्र, 07:07
सूर्योदयः	06:54
सूर्यास्तः	17:17
चंद्रमाः	मीन राशि में
राहुकालः	15:59-17:17
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1947
मासः	मार्गशीर्ष
शुभ मुहूर्तः	11:45-12:27

जन एक्सप्रेस

ना लगाओ आग !

हर तरफ़ है शांति ।
ना लगाओ आग ।।
जो हैं असली मुद्दे ।
रहे क्यों उससे भाग ।।
बेमतलब, बेवजह ।
आप रहे कुरेद ।।
देखकर जनमानस ये ।
करता व्यक्त खेद ।।
छोड़कर तकरार अब ।
राह सही अपनाओ ।।
उब गए हैं लोग ।
अब ना भय दिखाओ ।।
हो सही सलाह ।
लाओ ये बदलाव ।।
होगा तभी दूर ।
दिखता जो अभाव ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

आंखों के सूखेपन को कम करने के लिए करें आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का प्रयोग

आज के समय में ज्यादातर लोग घंटों तक लैपटॉप और मोबाइल की स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन का इस्तेमाल करने के कारण बहुत से लोग आंखों के सूखेपन की समस्या से परेशान रहते हैं। इसके कारण लोगों को आंखों में जलन होने, खुजली होने, आंखों के ड्राई होने, आंखों में भारीपन होने, आंखों के लाइट से सेंसिटिव होने और आंखों में मिट्टी जैसा महसूस होने की समस्या हो सकती है। ऐसे में इस समस्या से राहत के लिए कुछ आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, अक्सर लोग आंखों के सूखेपन की समस्या से परेशान रहते हैं। इससे राहत के लिए और आंखों को पोषण देने के लिए कुछ आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इनसे आंखों की समस्याओं से बचाव करने और आंखों को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

आंखों के लिए गोटू कोलाः गोटू कोला एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक है। इसमें बहुत से औषधीय गुण होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से आंखों की ड्राइनेस को कम करने, रेडनेस को कम करने, आंखों के स्ट्रेस को कम करने, आंखों की परेशानियों को कम करने और आंखों को हाइड्रेट करने में मदद मिलती है।

आंखों के लिए त्रिफलाः औषधीय गुणों से भरपूर और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से बने त्रिफला का इस्तेमाल किया जा सकता है। त्रिफला में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। त्रिफला के पानी से आंखों को धोने से आंखों की सूजन और ड्राइनेस को कम करने, आंखों की जलन, खुजली और आंसूओं के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे आंखों को नेचुरल रूप से डिटॉक्स करने में मदद मिलती है।

आंखों के लिए द्राक्षाः आयुर्वेद के अनुसार, द्राक्षा यानी अंगूर में हाइड्रेटिंग और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं, साथ ही, इसमें विटामिन-ए और सी जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसका प्रयोग करने से आंखों की सूजन को कम करने, आंखों की ड्राइनेस को कम करने और आंखों की जलन को कम करने में मदद मिलती है।

निष्कर्षः आंखों की ड्राइनेस को कम करने, आंखों की जलन और खुजली जैसी समस्याओं से राहत के लिए गोटू कोला, द्राक्षा और त्रिफला जैसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इनका इस्तेमाल करने से आंखों को नेचुरल रूप से हाइड्रेट करने, आंखों की ड्राइनेस को कम करने और आंखों की समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

एक्सप्रेस विशेष

वंदे मातरम् है भारत की साकार अंतश्चेतना

गिरीश्वर मिश्र

आज जब एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को हम साकार करने को तैयार हो रहे हैं तो हमें यह भी सोचना होगा हम किस भारत की प्रतिमा के साथ चल रहे हैं। वह भारत कैसा होगा?

वैश्विक स्तर पर भारत सदियों से अनेक देशों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा है। यह तथ्य अनेक साक्ष्यों से बहुश प्रमाणित है कि प्राचीन भारत की भौतिक समृद्धि से प्रभावित हो खिंचे आए विदेशी आक्रान्ताओं ने भारत का अनेक प्रकार से शोषण और दोहन किया और अनैतिक ढंग से विभिन्न क्षेत्रों में और विभिन्न अवधि के लिए अपना अनधिकृत आधिपत्य जमाया। इस प्रक्रिया में भारतीय सांस्कृतिक परिदृश्य और जीवन पद्धति में अनेक परिवर्तन आए। इस श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में बर्तानवी (अंग्रेजी) उपनिवेश की लगभग दो सौ वर्षों की त्रासदी थी। यह इस अर्थ में विशेष अर्थ रखती है कि इस दौर में देश को न केवल भौतिक और आर्थिक क्षति पहुँची अपितु दुर्भाव के साथ उसमें मानसिक रूप से भी बदलाव भी लाया गया । शिक्षा के क्षेत्र में जो हस्तक्षेप किया गया उसके बड़े दूरगामी परिणाम हुए जिनसे हम आज तक नहीं उबर सके हैं। इस हस्तक्षेप के अंतर्गत भारतीय चिंतन, ज्ञान-परम्परा और भारतीय विश्व दृष्टि को अप्रासंगिक ठहरा कर उसे हाशिये पर डाल दिया गया। भारतीय प्रतिभा, कौशल और ज्ञान संपदा का समूचा अवदान कालबाह्य घोषित कर दिया गया। इस अहैतुक उपेक्षा का सीधा परिणाम यह हुआ कि हमारा आत्मबोध और हमारी पहचान पश्चिम के आलोक में परिभाषित की जाने लगी। पश्चिमी चिंतन वैज्ञानिक और आधुनिक कहलाते हुए मुख्यधारा बनकर हम सब पर थोप दिया गया। दूसरी तरफ़ भारतीय दृष्टि उस मुख्यधारा से विचलन के रूप में अग्राह्य और व्यर्थ मानी जाने जाने लगी। उसकी ओर सतत उपेक्षा और वितृष्णा की प्रवृत्ति ने एक ऐसा माहौल बनाया जो हमें सोच-विचार और अपनी निर्णय-क्षमता के लिए पर निर्भर कर दिया। हमने आचार-व्यवहार के लिए मानक भी उधार लेने शुरू कर दिए। हीनता और अपर्याप्तता की तीव्र अनुभूति से ग्रस्त हो कर बहुतों ने भारतीयता की अवधारणा को प्रश्नांकित कर डाला। फलत भारत की मौलिक अस्मिता संशयग्रस्त बनने के लिए अभिशप्त हो गई, इतनी कि जब देश स्वतंत्र हुआ तो नामकरण का निश्चय करते समय हमने भारत शब्द को अपर्याप्त मान लिया। अंतत भारतवर्ष के लिए इंडिया दैट इज भारत का नाम संविधान में दर्ज किया गया। घटनाक्रम कुछ ऐसा भी हुआ कि पश्चिमी जगत का आर्थिक और राजनैतिक वर्चस्व निरंतर बढ़ता चला गया। हम उसे अपनाते चले गए और उसी में ही गौरव बोध अनुभव करने की आदत डाल ली। दूसरी और हमारा देशज चिंतन जो स्वयं अपना निजी चिंतन था और हमारे अनुकूल था, हमसे दूर होता हुआ अपरिचित होता गया। महात्मा गांधी के हिन्द स्वराज के स्वर जो 1909 में उठे थे वे तेज़ी से मद्धिम पड़ने लगे। आर्थिक योजनाएं, शैक्षिक व्यवस्थाएं, सांस्कृतिक नीतियाँ सबकुछ महात्मा गांधी के स्वप्न के विपरीत दिशा में चलने वाला हो चला। परिणाम यह हुआ कि देश के स्वतंत्र होने के बाद भी देश के शैक्षिक आयोजन में गुलामों के लिए बनाया गया पुराना औपनिवेशिक ढाँचा ही बदस्तूर चलता रहा। यदा-कदा कुछ सतही बदलाव लाने का प्रयास जरूर हुआ पर वह आयोजन मुख्य रूप से पश्चिम से आयातित ढाँचा लेकर ही आगे बढ़ता रहा। इसका परिणाम शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में भारत के पिछड़ने के रूप में सामने आया। आज भारत विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश हो चुका है। साथ ही वह ऐसा देश भी है जिसमें युवा वर्ग की जनसंख्या का अनुपात विश्व में सबसे अधिक है। देश के लिए यह निश्चित रूप से लाभ की स्थति हो सकेगी बशर्ते हमारा युवा वर्ग योग्य और कुशल हो। यह चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश की कोटि में आने के लिए तत्पर और प्रयासरत है। इस पूरे परिदृश्य में भारत को समझना, उसे अंगीकार करना आज भी प्रमुख प्रश्न हो जाता है। भारत की अच्छी-बुरी अनेक छवियाँ प्रचलित हैं जो भिन्न भिन्न प्रयोजनों से समय-समय पर गढ़ी गई हैं।

पहला विभाजन तब हुआ जब पाकिस्तान बना था और दूसरा तब जब बांग्लादेश के निर्माण के साथ हुआ। देखें तो भूमि तो वही रही और वहीं रही जहाँ पहले थी परंतु उस भूमि का अर्थ, उपयोग, उससे संबंध और संलग्नता का आशय लगातार बदलता रहा। भारत जो कभी प्रकृति की गोद में समुद्र और हिमालय के बीच स्थित स्वत सिद्ध इकाई के रूप में स्वीकृत था परिभाषाओं की प्रतीक्षा करने लगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

फूल बाबू का 'लखनऊ मोड़' : क्या बीएसपी के लिए शुरू हो गया कठिन दौर?

■ अनीश अहमद उर्फ 'फूल बाबू' की अखिलेश से नज़दीकियाँ, क्या बरेली मंडल में बदलने वाला है राजनीतिक गणित?

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज़ है। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के प्रभावशाली नेताओं में गिने जाने वाले अनीश अहमद उर्फ़ फूल बाबू का अचानक लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलना सियासी गलियारों में नई चर्चाओं को हवा दे रहा है। यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं मानी जा रही, बल्कि संकेतों में छिपा राजनीतिक संदेश कहीं अधिक बड़ा दिख रहा है–और वह है अनीश अहमद का जल्द सपा में शामिल होना।बरेली मंडल में अनीश अहमद का नाम किसी परिचय का मोहताज़ नहीं। क्षेत्रीय समीकरणों, बहुजन समाज के वोट बैंक और स्थानीय संगठन पर उनकी पकड़ ने उन्हें बीएसपी का मजबूत चेहरा बनाया। वर्षों से वह पार्टी के लिए रणनीतिक भूमिका निभाते रहे हैं और टिकट वितरण से लेकर बूथ प्रबंधन तक उनके प्रभाव को स्वीकार किया जाता रहा है। ऐसे नेता का अगर पार्टी बदलने का संकेत दे देना भी अपने आप में बीएसपी के लिए एक बड़ा झटका माना जाएगा।

लखनऊ की मुलाकात–संयोग से ज्यादा, संकेत ज्यादा

मुलाकात का समय भी बेहद महत्वपूर्ण है। 2027 के विधानसभा चुनाव धीरे-धीरे समीकरण तय करने लगे हैं और सभी दल अपने-अपने क़िले मजबूत करने में जुटे हैं। ऐसे दौर में अनीश अहमद का सपा नेतृत्व से निकट होना यह दर्शाता है कि दल बदल की प्रक्रिया अब खुले तौर पर जमीन पर उतरने लगी है।

राजनीतिक जानकारों की मानें तो यह मुलाकात केवल शिष्टाचार नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत है।अखिलेश यादव के साथ उनकी तस्वीरें वायरल होते ही बीएसपी के भीतर बेचैनी बढ़ी है। बीएसपी का कैडर जानता है कि बरेली मंडल में अनीश की पकड़ टूटने का मतलब है कि संगठनात्मक जाल का एक बड़ा हिस्सा ढह जाएगा। वहीं सपा के लिए यह वह अवसर है जिसके सहारे वह मंडल में अपनी स्थिति को और मजबूत बना सकती है।

राजनीतिक भविष्य का संकेत?

यह मुलाकात निश्चित रूप से आने वाले महीनों में बड़ा राजनीतिक भूचाल ला सकती है। उत्तर प्रदेश में बीएसपी–सपा के बीच वोट खींचतान हमेशा रही है, लेकिन यह परिवर्तन बीएसपी के लिए सबसे गंभीर चरणों में से एक माना जा रहा है। अगर अनीश अहमद सपा में शामिल होते हैं, तो 2027 के चुनाव में बरेली मंडल का पूरा समीकरण बदल सकता है। राजनीति संकेतों और संदेशों का खेल है। और इस वक्त जो तस्वीर सामने है, वह साफ कहती हैं। उत्तर प्रदेश की सियासत में एक बड़ा पलायन, एक बड़ा गठजोड़ और एक बड़ा झटका आने वाला है। कौन जीतेगा, कौन हारेगा–यह भविष्य तय करेगा, लेकिन एक बात तय है–फूल बाबू की यह मुलाकात अब राजनीतिक तूफ़ान का रूप ले चुकी है।

बीएसपी पिछले कुछ वर्षों से लगातार अपने पुराने प्रभाव को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है।

कई पुराने चेहरे या तो सक्रिय राजनीति से दूर हो गए या अन्य दलों में शामिल हो गए। ऐसे में फूल बाबू जैसा नेता,

जो कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय हैं और जातीय समीकरणों को साधने में सक्षम हैं, अगर सपा का दामन थाम लेते हैं, तो बीएसपी की स्थिति और कमजोर हो सकती है।

साथ ही, अनीश अहमद के सपा में जाने से मुस्लिम वोट बैंक का भी एक बड़ा हिस्सा सपा की ओर और अधिक झुक सकता है।

बीएसपी के पास पहले ही यह चुनौती रही है कि वह इस वर्ग में अपनी पकड़ बनाए नहीं रख पा रही।

सपा के लिए यह क्यों बड़ा मौका?

अखिलेश यादव पहले ही मंडलवार नेताओं और प्रभावशाली चेहरों को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

अनीश अहमद की एंट्री सपा के लिए दोहरा लाभ दे सकती है–एक तरफ संगठन में ऊर्जावान नेतृत्व, और दूसरी ओर बीएसपी के वोट बैंक में सेंध।

इसके अलावा, फूल बाबू की स्थानीय लोकप्रियता सपा को जमीनी स्तर पर बड़ा फायदा दे सकती है।

लिटिल एंजेल्स स्कूल की दो दिवसीय 12वीं एथलेटिक मीट का सफल समापन

छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा, पेनंबरा हाउस ओवरऑल चैंपियन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

लिटिल एंजेल्स स्कूल द्वारा आयोजित दो दिवसीय 12वीं एथलेटिक मीट का समापन गांधी स्टेडियम में हुआ। 28 और 29 नवंबर को आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और जोश के साथ भाग लिया तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कार्यक्रम को सफल बनाया।प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बेस्ट एथलीट अवार्ड से सम्मानित किया गया। सीनियर बालक वर्ग में वानिद फरीद गुल, जूनियर बालक वर्ग में अक्षत सिंह रौतेला तथा सब-जूनियर बालक वर्ग में दक्ष पांडे को यह सम्मान दिया गया। वहीं सीनियर बालिका वर्ग में आकृति मिश्रा, जूनियर बालिका वर्ग में देवांशी कपूर और सब-जूनियर बालिका वर्ग में मेधावी शुक्ला बेस्ट एथलीट चुनी गईं।ओवरऑल चैंपियनशिप में पेनंबरा हाउस ने 219 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि 206 अंकों के साथ वलिटा हाउस दूसरे स्थान पर रहा।विभिन्न स्पर्धाओं में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 800 मीटर जूनियर बालक वर्ग में समर्थ ने पहला स्थान पाया, जबकि 600 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में नंदिनी ने बाजी मारी। 800 मीटर सीनियर बालक वर्ग में रुहान प्रथम रहे और 600 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में देवांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में सीनियर बालक वर्ग के वानिद और जूनियर बालिका वर्ग की श्रेया वैभवी ने शानदार छलांग लगाते हुए पहला स्थान हासिल किया।

गोला फेंक प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में अक्षत सिंह रौतेला तथा जूनियर बालिका वर्ग में वेदिका राकेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में सीनियर बालक वर्ग के अंश यादव और जूनियर बालक वर्ग के संकल्प विजेता रहे। रिले रेस में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। 4म100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में मरीना हाउस प्रथम और वलिटा हाउस द्वितीय रहे।

जूनियर बालिका वर्ग की 4म100 मीटर रिले में नेगरीटा हाउस ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि पेनंबरा हाउस दूसरे स्थान पर रहा। 4म200 मीटर सीनियर बालक वर्ग में नेगरीटा हाउस प्रथम और पेनंबरा हाउस द्वितीय स्थान पर रहा।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों की सराहना की तथा सफल आयोजन के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई दी। आयोजन में मसूद हसन खान, राजेश कुमार, प्रदीप राघव, बीना कुमारी, हरपाल सिंह, विशाल सक्सेना, शालिनी गोयल, जसमीत कौर, छवि जैसवार, प्रिंसिपल राजेश कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

उद्घोषणा का कार्य कवन गुन चावला एवं विनायक शुक्ला ने संभाला।

पहले दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ.संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, उप-प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना एवं हेडमिस्ट्रेस नीना मल्होत्रा द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद रंग- बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिताओं की औपचारिक शुरुआत की गई।

दो दिनों तक चले इस आयोजन में ट्रैक और

फील्ड की सभी प्रमुख स्पर्धाएं सफलतापूर्वक संपन्न की गईं।

एक्सप्रेस खबरें...

युवती को घर से जवरन ले गए आरोपी, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घर में घुसकर युवती को युवक जबरन घर से ले गया। आरोप है कि बाहर से दरवाजा वंद कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।नगर के मोहल्ला गनेशगंज पूर्वी पंजाबी कालौनी निवासी सरोज शर्मा ने वताया कि 28 नवंबर को सुवह करीव नौ बजे अपनी पुत्री आयशा शर्मा के साथ अकेली थी। उसी वक्त अमन खां,लालू खां व लालू खां व फरमूद और अमन खां की सगी बहन उसके घर में अचानक घुस आए और पुत्री आयशा के साथ उल्टी सीधी बात कर अपने साथ ले गए। महिला जब तक कुछ समझती तब तक आरोपी घर से बाहर निकल गए और घर का गेट बाहर से बंद कर दिया। महिला ने अपने परिवार के लोगों को फोन कर सूचना दी और बाहर से गेट खुलवाया। आरोप है कि अमन 25 नवम्बर 2024 में एक बार पुत्री को अगवा कर चुका है। जिसकी रिपोर्ट थाना पूरनपुर में दर्ज है। आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी अंकित शर्मा ने वताया 27 नवंबर को शाम करीब छह बजे भाई निखिल शर्मा को वाइफरकेशन से वापस आते हुये डगा पुल से करीब 500 मीटर पहले तेजी व लापरवाही से चलते हुए आए किसी अज्ञात वाहन ने भाई की वाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि वाइक पर बैठा उसका दोस्त ओम पाण्डेय भी घायल हो गया। मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। लेकिन पिताजी की मानसिक स्थिती ठीक ना होने के कारण उन्होने लिखित में पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था। और शव को घर ले गये थे। तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।जिनका रो रो कर बुराहाल है। पुलिस ने वताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बैंक खातो से निकाले रुपये, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी राकेश खंडेलवाल ने वताया कि 29.04.2025 को मोबाइल और मेल आईडी हैक कर ली। इससे उसके विभिन्न बैंक खातों से भारतीय स्टेट बैंक खाते से रात्रि में पर 500000-00 को एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर किया। 49995.00 का धन अन्य खाता बिलन्क कमर्स हस्तांतरण किया।जिसकी सूचना भारतीय स्टेट बैंक के कस्टमर केयर में सूचना दी। जिसका रजि नं0-661511121 तथा 661511636 है तथा 1930 पर सायवर काइम में प्राथमिक सूचना भी दर्ज करवा दी है। एचडीएफसी के खाता सं0-50100105734122 से दिनांक 29.04.25 को रू0 50000 00-50000.00 चार स्थानों पर बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार रिफण्ड, केडिट कार्ड टूमारोह डिलीवरी केडिट कार्ड डिस्पैच उल्लेख करते हुए फाडस्टर द्वारा ट्रान्सफर के माध्यम से धनराशि का अपहरण किया। जबकि मेरा एक्सेज बैंक में न तो खाता है न ही कोई क्रेडिट कार्ड लिया गया हैं। उक्त अवैध ट्रांजिक्सन की सूचना एचडीएफसी बैंक के कस्टमर केयर केन्द्र में दर्ज करादी जिसका रजि नं0-71707609 है, तथा इसकी सूचना 30.04.2025 को सायबर काइम में दर्ज कर दी। जिसकी सं-23104250064648 है। दिनांक 29.04.2025 को ही एक्सेसिज केडिट कार्ड नं0 5693 को बिल पेमेन्ट हेतु एचडीएफसी खाता को रजिस्टर्ड किया जिसमें रजिस्टर्ड मोबाइल पर एक्सेज बैंक के क्रेडिट कार्ड सं0-8480 को एचडीएफसी बैंक से भुगतान रजिस्टर्ड हेतु किया। क्रेडिट कार्ड एक्सेसिज बैंक द्वारा रू0 73310.76 का एक मेल दिनांक 13.05.2025 को प्राप्त हुआ।जिसमें मेरे एचडीएफसी खाते से भुगतान हेतु दि 25.05.2025 को बैंक को निर्देश दिया गया।जिसकी सूचना भी दि 15.05.2025 को एचडीएफसी बैंक में दे दी है। मोबाइल व मेल आईडी का उपयोग और कितनी जगह एवं किस उद्देश्य से किया गया है, अभी अज्ञात है कुल 2,49,995 रुपये की ठगी की गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सपा ने बैठक कर बीएलओ को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू के आवास पर विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी द्वारा नियुक्त बी.एल.ए. की अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के सभी वी.एल ए की उपस्थिति रही।बैठक के अंत में कार्यक्रम आयोजक राजकुमार राजू जी ने सभी उपस्थित साथियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा जल्द ही बड़े स्तर पर एक विस्तृत कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। बी.एल.ए. संगठन की रीढ़ हैं। बूथ स्तर पर हमारी ताकत बढ़ाने के लिए सभी साथियों ने जिस सकारात्मक ऊर्जा के साथ बैठक में भाग लिया, उससे साफ है कि 129 विधानसभा में समाजवादी पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। आने वाले दिनों में और भी बड़े आयोजन कर हम संगठन को और धार देंगे,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रभारी, पूर्व विधायक अरशद खान ने बी.एल.ए. को बूथ प्रबंधन, मतदाता सूची व संगठनात्मक जिम्मेदारी पर बात कि बी.एल.ए. को मजबूती देना संगठनात्मक लड़ाई का सबसे अहम कदम है। यदि बूथ सशक्त होंगे तो चुनावी रणनीति खुद-ब-खुद मजबूत हो जाएगी। आज सभी साथियों ने जिस गंभीरता और समर्पण के साथ भाग लिया, वह समाजवादी आंदोलन के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि आज की बैठक बेहद सार्थक रही। सभी बी.एल.ए. को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर बूथ पर समाजवादी विचारधारा की पैठ और मजबूत हो। हम सब मिलकर 129 विधानसभा को संगठनात्मक रूप से शीर्ष पर लेकर जाएंगे।सपा नेता ओम शर्मा ने कहा कि फ्रबी.एल.ए. की भूमिका आगामी चुनावी रणनीति में बेहद महत्वपूर्ण है। आज साथियों में जो उत्साह दिखा, वह संदेश देता है कि समाजवादी पार्टी बूथ स्तर से ही मजबूत संघर्ष के लिए तैयार है हम राजकुमार 'राजू' जी के नेतृत्व में पूरी निष्ठा से काम करेंगे। संचालन सतीश वर्मा ने किया। हरेराम् यादव, जावेद, पप्पू शाह,याकूब अंसारी,नसीरूद्दीन,आदर्श पाण्डेय,सतीश वर्मा, सद्दाम, शम्शाद,नाबीर अली मंसूरी,ठाकुर दास,शिवम यादव, अजीम मंसूरी,उस्मान शाह आदि उपस्तिथ रहे।

नगर पालिका ईओ आवास से सपा कार्यालय का सामान बाहर निकाला

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शनिवार को नकटादाना चौराहे स्थित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) आवास को लेकर शनिवार सुबह प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया। जून 2025 में कब्जा मुक्त कराए जा चुके इस भवन के कमरों को दोबारा खुलवाकर अंदर बंद समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यालय का पूरा सामान बाहर निकाल दिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रखा गया।शनिवार सुबह एसडीएम सदर, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, ईओ संजीव कुमार और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुँची। अधिकारियों ने आवास के ताले खुलवाए और पुलिस सुरक्षा में भीतर मौजूद सपा कार्यालय का सारा सामान बाहर निकलवाया। सपा कार्यकर्ताओं के पहुँचने की संभावना को देखते हुए पुलिस सतर्क रही, ताकि तनावपूर्ण स्थिति न हो।नगर पालिका का यह ईओ आवास वर्ष 2006 में सपा के जिला कार्यालय के रूप में आवंटित किया गया था। इसकी अवधि वर्ष 2020 में समाप्त हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद कार्यालय यहीं से संचालित होता रहा। जून 2025 में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए भवन को कब्जा मुक्त कराया था और कमरे में अपने ताले लगा दिए थे। उस समय सपा कार्यालय का सामान अंदर ही बंद रह गया था। शनिवार की कार्रवाई में प्रशासन ने कमरों को पुनः खुलवाया और भीतर मौजूद सभी सामग्री को बाहर निकालकर कब्जा मुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण बताया।

भवन अब पूरी तरह नगरपालिका के नियंत्रण में अधिकारियों के अनुसार अब यह भवन पूर्ण रूप से नगर पालिका के अधीन है और इसे नगरपालिका की आवश्यकता के अनुसार उपयोग में लाया जाएगा। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का बड़ा विरोध सामने नहीं आया और पुलिस बल ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखा। प्रशासन का कहना है कि निर्धारित आवंटन अवधि समाप्त होने के बाद राजनीतिक दल द्वारा भवन का उपयोग नियमों के विपरीत था, इसलिए कब्जा मुक्त कराना आवश्यक था।

सपा जिला अध्यक्ष ने प्रशासन पर लगाया मनमानी कार्रवाई और चोरी का आरोप

नगर पालिका ईओ आवास में प्रशासनिक कार्रवाई के बाद समाजवादी पार्टी ने इसे पूर्णतया गैरकानूनी और मनमानी बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शनिवार को सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने तत्काल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जिस भवन को प्रशासन ने शनिवार को खाली कराया, वह मामला पहले से ही सिविल जज (सीनियर डिवीजन) न्यायालय में विचाराधीन है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय में इस संबंध में सुनवाई जारी है और न्यायालय के आदेश पर कमीशन भी हो चुका है, जिसकी रिपोर्ट पत्रावली में शामिल है। रिपोर्ट में मुख्य द्वार पर सपा के ताले लगे होने की पुष्टि भी की गई है। इस मामले में स्थगन आदेश के लिए दायर प्रार्थना पत्र पर आगामी 4 दिसंबर को सुनवाई निर्धारित है, जिसमें नगर पालिका भी पक्षकार है।

'बिना न्यायालय आदेश के तोड़े गए ताले'

जिला अध्यक्ष श्री जग्गा ने कहा कि इतने स्पष्ट तथ्यों और न्यायालयीय प्रक्रिया के बावजूद शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे प्रशासन ने एसडीएम सदर, सिटी मजिस्ट्रेट एवं सीओ सिटी की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ ताले तोड़ दिए। उन्होंने इसे पूरी तरह अवैध कार्रवाई बताया। जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भवन में मौजूद कई महत्वपूर्ण सामग्री भी गायब है। इनमें पार्टी फंड के 11,000 नगद, महापुरुषों की तस्वीरें, पंखा, कुर्सियाँ, झंडे, पोस्टर और सदस्यता सूची जैसी वस्तुएँ शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों पर चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि यह राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित कार्रवाई है। उन्होंने जिले के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रसून द्विवेदी को जिलाधिकारी के नाम एक तहरीर सौंपकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई की माँग की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध मंडी पर कब चलेगा बाबा का बुल्डोजर, शासन प्रशासन के आदेश कचरे में

जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी

गौरीफंटा भारत नेपाल की सीमावर्ती इलाकों में बसे थारू जनजाति की बड़ी आबादी है जिन्हें केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा ग्रांट एक्ट की भूमि जोतने बोने के लिए तमाम नियम सर्तो को भी ध्यान में रखते हुए दी गई थी।लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया दी गई जमीन पर भू माफियाओं द्वारा कब्जा किया जाने लगा भोले भाले थारु जनजातियों को चंद पैसों का लालच देकर कुछ ने तो पक्का निर्माण करा लिया तो कुछ खाली पड़े खेत पर बिना दस्तावेज के कब्जा कर दुकाने आदि बनवा डाली इस पर अगर थारु जनजाति किसी कब्जेधारियों और निर्माण पर विरोध जताता है तो फर्जी मुकदमे में फसा कर कोर्ट कचहरी का चक्कर लगवाया जाता है।कुछ थारु जनजाति के लोगों ने पलिया उपजिलाधिकारी से प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है तो कुछ थारु लोगों ने तहसील समाधान दिवस में डीएम एसपी को लिखित शिकायत देकर बनगवा मंडी खाली करने के लिए नारे बाजी कर चुके हैं। लम्बे अरसे से यह मामला चलता आ रहा है उपजिलाधिकारी से लेकर जिले के अधिकारियों को भी लिखित शिकायत दे चुके हैं पर कार्रवाई न होना कही न कहीं सरकार के सिस्टम पर सवाल खड़ा कर रहा है।

जानकारों का कहना है कि सभी को मोटा पैसा मिल रहा है यहां तक जो पटवारी और कानूनगो है वह भी गलत रिपोर्ट दिखाकर सरकार को गुमराह कर थारु जनजाति की जमीन को चंद भू माफियाओं को बेच रहे हैं। बनगवा गांव के लोगो का भू माफियाओं ने कर रखा जीना हराम बनगवां गांव के लिए एकमात्र रास्ते पर भू माफियाओं ने कब्जा कर रखा है सड़कों पर खड़ी गाडी तो हो रहे निर्माण पर कभी वन विभाग कार्रवाई कर खत्म करता तो कभी पुलिस के जवान अवैध कब्जा हटाने का अभियान चलाते मगर जिसकी जेब जितनी गर्म उसका उतना ही काम होता। पूरी तरह से कब्जा न तो शासन की तरफ से हट रहा न ही प्रसाशान खाली करा पा रहा है। थारू जनजाति के लोग बढते भू माफियाओं के द्वारा हो रहे कब्जे दारों से खासा परेशान हैं और कार्रवाई की मांग जोर शोर से कर रहे हैं।

खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत पैला में किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बेहजम खीरी

खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत पैला में औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की गुणवत्ता परखी।वहीं गांव की साफ-सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई और सफाई कर्मचारी पर जमकर लताड़ लगाई।

बेहजम ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पैला में खंड विकास अधिकारी शरद कुमार ने विकास कार्यों का जायजा लिया वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय में बन रहे खेल मैदान सहित गांव की साफ-सफाई व्यवस्था को भी देखा।जिस पर ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार से गांव की साफ-सफाई व्यवस्था न होने पर सफाईकर्मी सुशील कुमार पर जमकर लताड़ लगाई।

ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री माडल कम्पोजिट आवासीय विद्यालय के निर्माणाधीन बिल्डिंग को भी देखकर गांव के विकास के लिए कई अन्य योजनाओं के विस्तार के लिए सहायक विकास अधिकारी शिवा शीष श्रीवास्तव को दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा पंचायत सहायक हाफिज खां सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बेटी ने ही पिता की जरिया को दानपत्र में लिखवाया, बुजुर्ग ने सीओ से की शिकायत

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

बुजुर्ग पिता का इलाज कराने के बहाने घर बुलाकर मकान और जमीन को अवैध तरीके से दानपात्र करवाने के लिए निघासन लेकर चली आई।जब बुजुर्ग को इस बात की भनक लगी तो परिजनों के साथ पहुंचे बुजुर्ग ने सीओ शिवम कुमार से मामले की शिकायत की।सिंगाही भेड़ौरा निवासी मंगरे ने बताया कि वह काफी दिनों से बीमार रहता है।सात पुत्रियों जिनकी शादी कर दी।इनमें एक बेटी संगीता जिसकी शादी हुलासीपुरवा से की।उसने इलाज करवाने के बहाने घर बुलाया और ऑटो पर बिठा लिया।निघासन लेकर चली आई।वहां डाक्टरी जांच होने का बहाना बताकर उसने दानपत्र लिखवाकर अंगूठा लगवा लिया। जबकि मकान और जमीन के अलावा कोई भी दूसरा ठिकाना नहीं है।जबकि खुद की मर्जी बगैर उसने धोखाधड़ी करके जमीन और मकान को दानपत्र में दर्ज करा दिया है।हालांकि बुजुर्ग दंपति ने मामले की शिकायत पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार से की है।

सीडीओ ने धान क्रय केंद्रों व सहकारी समितियों का किया औचक निरीक्षण

■ धान खरीद से लेकर उर्वरक वितरण तक व्यवस्था पर कसा शिकंजा

■ सीडीओ का फील्ड रिव्यू ड्राइव, कई कमियाँ पकड़ीं, अफसरों को फटकार

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

जिले में धान खरीद एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था की स्थिति जानने के उद्देश्य से सीडीओ अभिषेक कुमार ने शनिवार को व्यापक सत्यापन अभियान संचालित कराया। उन्होंने जनपदीय अधिकारियों की टीम लगाकर जिलेभर के धान क्रय केंद्रों और सहकारी समितियों का फील्ड वेरिफिकेशन कराया। इसी क्रम में सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति, राजापुर में स्थापित धान क्रय केंद्रों पर औचक पहुँचे। उन्होंने किसानों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जमीनी पड़ताल की और मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएँ जानीं।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने तौल मशीन व नमी मापक यंत्र की कार्यशीलता जांची। एक केंद्र पर डस्टर का मोटर खराब मिलने पर उन्होंने नाराज़गी जताते हुए उसे तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए। मंडी में मौजूद मितौली क्षेत्र से आए एक किसान से बातचीत के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मितौली क्रय केंद्र पर खरीद की गति धीमी है, जिसके कारण किसान मंडी में धान बेचने आया। इस पर सीडीओ ने मितौली क्रय केंद्र पर खरीद प्रक्रिया को तेज करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

लखपेड़ागंज समिति में स्टॉक होते हुए भी वितरण ठप, सीडीओ नाराज़, लगाई फटकार

इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार सीधे बी-पैक्स सहकारी समिति लखपेड़ागंज पहुंचे। यहां उन्होंने उर्वरक वितरण की वास्तविक स्थिति जानी और अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण में पाया कि समिति पर उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन ई-पास मशीन में स्टॉक फीड न होने के कारण वितरण प्रभावित हो रहा है। इस पर सीडीओ ने सहायक आयुक्त एवं निबंधक (सहकारिता) को तत्काल निर्देशित किया कि ई-पास मशीन में स्टॉक की फीडिंग करवाकर उर्वरक का नियमानुसार समय से वितरण सुनिश्चित कराया जाए।

समय पर केंद्र खोलें, तेज करें तौल और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित हो–सीडीओ

सीडीओ ने डिप्टी आरएमओ और एआरसीएस को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी धान क्रय केंद्र नियमित समय पर खुलें और अधिकारी स्वयं प्रतिदिन कम-से-कम पाँच केंद्रों का भ्रमण करें। सीडीओ ने तौल प्रक्रिया में आ रही सुस्ती पर भी सख्त रुख अपनाया। केंद्रों पर तौल बढ़ाने हेतु पर्याप्त कार्मिक लगाए जाएँ, ताकि तौल की गति बढ़ सके और किसानों को देरी न झेलनी पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंकों से समन्वय कर 48 घंटे के भीतर किसानों का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित कराया जाए। उधर, जनपदीय अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रमण में जो कमियाँ सामने आईं,उन्हें लेकर भी सीडीओ गंभीर दिखाई दिए।उन्होंने एआर कॉपरेटिव से तत्काल विस्तृत रिपोर्ट तलब की।

सिख समुदाय के सेवादारों पर हुए जानलेवा हमले की घटना ने सिख समाज में आक्रोश

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

निघासन कोतवाली क्षेत्र के लुधौरी गांव, में सिख समुदाय के सेवादारों पर हुए जानलेवा हमले की घटना ने सिख समाज में गहरी दहशत पैदा कर दी है। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें कुछ दबंगों को सेवादारों की पगड़ी उतारते और लोहे की रॉड तथा लात-डंडों से मारपीट करते देखा जा सकता है।

पिडित गोविंदपुर निवासी मनप्रीत सिंह (पुत्र सरवन सिंह) और गुरविंदर सिंह (पुत्र कश्मीर सिंह) संपूर्ण नगर थाना क्षेत्र में महंगापुर गांव से एक सिख रस्म के अनुसार श्री अखंड पाठ की पूजा कर घर लौट रहे थे। लुधौरी गांव में पहुँचते ही उन्होंने साइड (रास्ता) माँगा, जिस पर लगभग आधा दर्जन दबंगों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने जातिसूचक गालियों के साथ उनकी मोटरसाइकिल को जबरन रोक कर लोहे की रॉड, पत्थर और डंडों से मरना पीटना शुरू कर दिया, उनकी पगड़ी उतार दी और जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में पीड़ितों को गंभीर चोटें आईं हैं पीड़ित मनप्रीत सिंह और गुरविंदर सिंह ने निघासन कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर में उन्होंने अजय, विजय (पुत्र रामखेलावन यादव), अंकित, अखिलेश (पुत्र गुणानंद कुमार यादव), अनुज (पुत्र देवी), नंदन, शिवम (पुत्र राम श्री कश्यप), सोनू, शुभम (पुत्र गाना लेखराम) तथा 8-10 अज्ञात साथियों को आरोपी बताया है।

निघासन पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

समुदाय की प्रतिक्रिया

सिख समाज के प्रतिनिधियों ने इस हमले की निंदा करते हुए गुरुद्वारा में एक आपातकालीन बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हिंसा से न केवल व्यक्तिगत सम्मान बल्कि पूरे समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँची है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मिलकर शीघ्र न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

पुलिस ने कहा है कि सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, गवा

डीआरएम ने कोंच रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई/कोंच

झांसी मंडल के डीआरएम अनुरुद्ध कुमार शनिवार दोपहर कोंच रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने देश की सबसे छोटी 14 किलोमीटर लंबी ब्रॉड गेज लाइन पर चलने वाली शटल ट्रेन एवं रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। डीआरएम ने स्टेशन पर मौजूद सभी तकनीकी व्यवस्थाओं, निर्माणाधीन कार्यों, रेलवे लाइन, साफ-सफाई और विद्युत उपकरणों की बारीकी से जांच की। साथ ही उन्होंने यात्रियों को मिलने वाली आरक्षण सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिए। डीआरएम के आगमन को देखते हुए स्टेशन पर सभी तैयारियां एक दिन पहले ही पूरी कर ली गई थीं।

रेलवे स्टेशन कोंच का निरीक्षण करने आए मंडल रेल प्रबंधक झांसी अनुरुद्ध कुमार का यहां नगरपालिका अध्यक्ष व सभासदों के साथ व्यापार मंडल के तमाम प्रतिनिधियों ने स्वागत करते हुए रेलवे में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने, रेल सेवा विस्तार किए जाने और रेल सुविधाएं बढ़ाए जाने की मांगें उठाईं। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य सुनील लोहिया, अनिल कपूर, चंदू सोनी, कृष्ण कुमार गुप्ता देवगांव वाले, रामजी गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय लोहिया, सभासद सीमा, सुनीता, माधवेंद्र यादव, नरेश कुशवाहा, अनिल वर्मा, मनोज मोर, रविकांत कुशवाहा, बादाम सिंह कुशवाहा, देवेंद्र सिंह गुर्जर, राजेंद्र वेदी आदि ने अलग-अलग ज्ञापन देकर कहा, कोंच में सवा सौ साल पहले बरतानिया हुकूमत ने रेल लाइन डलवाई थी और पूरी शताब्दी गुजर जाने के बाद भी यह लाइन एक इंच भी नहीं आगे बढ़ सकी है। कोंच से जालौन होकर फफूंद तथा कोंच भिंड लाइन बढ़ाए जाने के संबंध में कई बार सर्वे हो चुका है लेकिन पता नहीं किन कारणों वश इसका विस्तार नहीं हो सका है जिसके चलते कोंच और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों को रेल यातायात का लाभ नहीं मिल पा रहा है। व्यापक जनहित में एट कोंच रेलवे लाइन को आगे बढ़ा कर फफूंद या भिंड से जोड़ा जाए। कोंच एट शटल ट्रेन से रोजाना यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्री सफर करते हैं लेकिन उनको एट जंक्शन पर रुकने वाली यात्री ट्रेनों से इसका मिलान नहीं होने के कारण लाभ नहीं मिल पा रहा है। आग्रह है कि एट स्टेशन पर रुकने वाली अन्य यात्री ट्रेनों का इस शटल ट्रेन का मिलान कराने वाली समय सारिणी बनाई जाए एवं पूर्व की भांति सातों दिन पांच फेरों की स्वीकृति प्रदान की जाए। इसके साथ ही आरक्षण प्रणाली को सरल और सुगम बनाने की मांग का ज्ञापन भी डीआरएम को दिया गया। डीआरएम ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। निरीक्षण करने के बाद डीआरएम शटल ट्रेन में ड्राइवर सीट पर बैठकर एट जंक्शन के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक पूनम, डिप्टी एसएस मंदाकिनी, दिलीप, सुमित तिवारी, अंशुल, विवेक, भूपेंद्र, सर्वेश, गार्ड सोहिल मंसूरी, जयपाल यादव, विवेक दुवे, पीडब्ल्यूआई ज्ञान सिंह आदि रहे।

स्कूल वैन में ट्रक ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे बच्चे

उरई। कोंच के एक स्कूली वैन को ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें बच्चे बाल-बाल बचे। विवेकानंद ग्लोबल स्कूल की यह वैन शनिवार दोपहर बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। टक्कर के बाद वैन में बैठे बच्चे घबराकर चीखने-चिल्लाने लगे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा लेकिन स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए पेट्रोल टैंक के पास ट्रक को घेरकर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया। इस घटना में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। बच्चों ने तुरंत अपने अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर मंडी चौकी इंचार्ज नीतिश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक चालक रवींद्र कुमार निवासी दशहरी इटौरा को हिरासत में ले लिया। ट्रक को जब्त कर चौकी ले जाया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रक तेज रफ्तार में था और ओवरलोड होने के कारण अनियंत्रित होकर स्कूली वैन से टकरा गया। अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दरोगा विशाल भड़ाना द्वारा लाठी चार्ज करने से सब्जी विक्रेताओं में आक्रोश, कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस । कालपी

कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर विशाल भड़ाना पर अपने हमराही सिपाही के साथ मिलकर बजरिया क्षेत्र में गरीब सब्जी विक्रेताओं पर लाठीचार्ज किए जाने का गंभीर आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है।स्थानीय नागरिकों और प्रभावित ठेला-फेरी वालों ने इस घटना को लेकर गहरी नाराज़गी जताते हुए जनपद जालौन के पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस विभाग की ओर से अभी तक इस मामले में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है और पूरी घटना स्थानीय लोगों के आरोपों पर आधारित बताई जा रही है। स्थानीय विक्रेताओं के अनुसार, घटना उस समय हुई जब रोज़ की तरह बजरिया में ठेले और फड़ लगाकर सब्जी बेचने का काम चल रहा था। इसी दौरान क्षेत्रीय पुलिस टीम, जिसमें सब इंस्पेक्टर विशाल भड़ाना और उनके हमराही सिपाही बाजार में पहुंचे। आरोप है कि पुलिस ने दुकानदारों को हटाने और व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर अचानक सख्त रवैया अपनाया और कथित तौर पर लाठीचार्ज जैसी कार्रवाई की। जिससे कई छोटे विक्रेता डरकर इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोगों ने दावा किया कि अव्यवस्था हटाने के बजाय यह कार्रवाई गरीबों पर अत्याचार के रूप में दिखाई दी। कई सब्जी बिक्रेताओं ने बताया कि उनके ठेले उलट गए, सामान बिखर गया और उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ा। एक महिला फेरी वाले ने शिकायत की कि ÷हम रोज़ दो-चार सौ रुपये कमाकर अपने बच्चों का पेट पालते हैं। हमसे अपराधियों जैसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है? घटना के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ने लगा। कई विक्रेताओं ने मिलकर इस पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का निर्णय लिया। उनका कहना है कि एक ओर सरकार गरीबों और रोज़ कमाने-खाने वालों के लिए योजनाएं चलाती है, वहीं दूसरी ओर अगर जमीनी स्तर पर पुलिस ऐसी कार्रवाइयां करती है तो यह आम जनता के साथ अन्याय है। विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि बाजार में भीड़ नियंत्रित करने के कई तरीके हो सकते थे, लेकिन बिना चेतावनी दिए लाठी चलाना किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि उनकी रोज़ी-रोटी ही उनकी पूँजी है और उसे नुकसान पहुंचाना सबसे बड़ा नुकसान है।।कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में गरीब और फुटपाथ विक्रेताओं के साथ इस तरह की घटना दोबारा न हो। बजरिया में कथित लाठीचार्ज की यह घटना एक बार फिर पुलिस-जनता संबंधों में संवेदनशीलता और संवाद की आवश्यकता की ओर संकेत करती है। गरीब सब्जी विक्रेताओं की आजीविका प्रभावित होना गंभीर मुद्दा है।

मौत का सामान बन गई मवेशियों को ठंड से बचाने के लिए जलाई गई आग

जन एक्सप्रेस । उरई

कैलिया थाना क्षेत्र के कमतरी गांव में शुक्रवार देर शाम एक पशु बाड़े में आग लगने से छह मवेशियों की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि मवेशियों को ठंड से बचाने के लिए आग जलाई गई थी जो उनकी मौत का सामान बन गई।

कमतरी गांव निवासी रिंकू परिहार पुत्र रामपाल का पशु बाड़ा घर के पास ही है। बताया गया कि मवेशियों को मच्छरों और ठंड से बचाने के लिए पशु बाड़े में धुआं किया गया था। इसी दौरान धुएं के बीच अंगारे भड़क गए और आग पूरे बाड़े में फैल गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा बाड़ा लपटों से घिर गया। पशु बाड़े के भीतर बंधी चार बकरियां और दो पड़े (भैंस के बच्चे) आग में फंस गए। आग की लपटें तेज होने के कारण उन्हें बाहर निकालना संभव नहीं हो पाया, लिहाजा जल कर उनकी मौत हो गई। घटना के समय रिंकू परिहार खेत पर था और घर पर अन्य परिजन भी मौजूद नहीं थे। पड़ोसियों ने धुआं उठता देख तुरंत मौके पर पहुंचकर बाल्टियों और ट्यूबबेल से पानी तथा मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद काफी देर में आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पशु बाड़े में बंधे सभी छह मवेशी जलकर मर चुके थे। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस और राजस्व विभाग को दी।

पेंशन पुनरीक्षण समेत विभिन्न मांगों को लेकर सेवानिवृत्त कर्मियों की आमसभा, निकाला कैंडल मार्च

जन एक्सप्रेस । उरई

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उरई के तत्वावधान में शनिवार को विकास भवन परिसर में जिले भर से पहुंचे सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आमसभा आयोजित की गई।

बैठक में केंद्र सरकार द्वारा गठित आठवें वेतन आयोग के टर्म ऑफ रेफरेंस में पेंशन पुनरीक्षण को शामिल न किए जाने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यदि पेंशनर्स की समस्याओं को नजर अंदाज किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव ने की। संचालन कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अंगद सिंह राजावत ने किया। महिला पदाधिकारियों प्रभा शुक्ला, राजकुमारी कुशवाहा, सुनीता बेम्बाल, स्नेहलता मिश्रा ने कहा कि बुजुर्ग पेंशनर्स की आर्थिक सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

वेतन आयोग से पेंशन से जुड़े मुद्दों को बाहर रखना करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनधारकों के हितों पर कुठाराघात है। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अंगद सिंह राजावत, जिलामंत्री रमेश्वर दयाल कुशवाहा एवं अमित कुमार यादव ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेशभर में पेंशन बचाओ आंदोलन की शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत उरई सहित सभी जिलों में कैंडल मार्च निकालकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारियों के माध्यम से भेजा जा रहा है। जिलाध्यक्ष हरगोविंद श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार ने **अटल पेंशन स्कीम** को कंट्रीब्यूटरी बताकर पेंशनर्स का भविष्य असुरक्षित कर दिया है। सवाल उठाया गया कि जब कर्मचारियों ने अपने सेवा काल में पेंशन फंड जमा किया है तो फिर सरकार 5 करोड़ पेंशनर्स को पेंशन देने में आनाकानी क्यों कर रही है। साथ ही उन्होंने आये हुए लोगो का आभार व्यक्त किया। सभा के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने विकास भवन से कलेक्ट्रेट तक शांतिपूर्ण जुलूस निकाला और पेंशन पुनरीक्षण को आठवें वेतन आयोग में शामिल करने की मांग वाला ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री को सौंपा। इस मौके पर हरीराम ओमरे (अपर जिलामंत्री), रामसिंह अहिरवार, रविंद्र कुमार द्विवेदी, जयराम कुशवाहा, बृजराज सिंह परिहार, लीलावती, किशोरी दीक्षित, आशुतोष मिश्रा, मुन्नालाल सविता, प्रभाकर श्रीवास्तव, उमेश चंद्र दीक्षित, अनिल माहेस्वरी, बद्रीप्रसाद अहिरवार, हरनारायण अनुरागी आदि लोग मौजूद रहे।

सड़क निर्माण को लेकर हंगामा, जांच में गुणवत्ता मानक सही पाए गए

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़

रुद्रपुरा गांव में बनी सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर 26 तारीख को एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने एसडीएम माधौगढ़ राकेश सोनी से शिकायत की थी। शिकायत के दौरान ग्रामीणों और एसडीएम के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। ग्रामीणों का आरोप था कि एसडीएम ने उनकी शिकायत लेना ही नहीं चाहा और दरवाज़ा बंद कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा तो जिलाधिकारी राजेश पांडेय ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए। आदेश के बाद अपर जिलाधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मौके पर पहुंचे और सड़क की गुणवत्ता का परीक्षण किया। जांच रिपोर्ट में सड़क मानकों के अनुरूप पाई गई। अधिकारियों के अनुसार सड़क पर अभी सिर्फ प्रथम कोट डाला गया था और सील कोट का कार्य शेष था। अधूरी परत को देखकर ही ग्रामीणों ने खराब निर्माण का संदेह जताया और विवाद खड़ा हो गया। उधर, एसडीएम राकेश सोनी ने कहा कि यह पूरा विवाद उनके खिलाफ सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा था।

उन्होंने कहा ***मैंने पहले भी गांवों की अनेक सामूहिक शिकायतें सुनी हैं, तब कोई विवाद नहीं हुआ। हाल ही में मौरंग से भरे ट्रकों पर कार्रवाई की थी, उसी कारण मेरे खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की गई। अवैध कार्यों को रोकने की कीमत मुझे इस रूप में चुकानी पड़ी।***

बिजली बिल राहत योजना के तहत विद्युत कर्मियों ने रैली निकालकर उपभोक्ताओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस/हरपालपुर। शनिवार को विद्युत उपकेंद्र पलिया के कर्मचारियों ने हरपालपुर कस्बे समेत क्षेत्र के टिकार, बेडीजोर तथा दहेलिया गांव में रैली निकालकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया। कर्मचारियों ने राहत योजना के तहत मिलने वाली छूट के संबंध में उपभोक्ताओं बारीकी से समझाया। पलिया विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संजीव कुमार चंद्र ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना 2025-26 आगामी 1 दिसंबर 2025 से लागू होगी। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल के मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी और संपूर्ण बकाया भुगतान ब्याज मुक्त रहेगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत, उपभोक्ताओं को पहली बार बिल के मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पिछले सभी बकाया बिलों का भुगतान ब्याज मुक्त रहेगा, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिलेगा। उपभोक्ताओं को पिछले विद्युत बकाया चुकाने के लिए आसान मासिक किस्तों की सुविधा भी दी जाएगी। वे 750 रुपए या 500 रुपए की मासिक किस्तों में अपना बकाया जमा कर सकेंगे।

साइबर फ्रॉड कर क़ई खाता धारकों के बैंक खातों से निकाल ली गयी धनराशि, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरपालपुर। अरवल थाना क्षेत्र निवासी कई लोगों का पैसा बिना अंगूठा लगाए निकालने का मामला सामने आया हैं। पुलिस ने पूरे मामले में साइबर फ्रॉड की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की हैं। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी मुकेश ने थाने पर तहरीर देकर बताया हैं कि उसका खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नेकपुर नेवादा में है। उनके खाते से 6 और 21 नवंबर को कुल 34,500 रुपये, गांव निवासी रामतीर्थ के खाते से 6 और 21 नवंबर को ही 27,500 रुपये, ग्राम चदऊबेचे निवासी देशराज का बैंक ऑफ इंडिया हरपालपुर में खाता है। 23 नवंबर को उनके खाते से 4,900 रुपये, ग्राम खिम्मापुरवा निवासी रामसरन का खाता यूनियन बैंक आफ इंडिया नेकपुर नेवादा बैंक में है। 14 और 21 नवंबर को उनके खाते से 2400 रुपये, ग्राम देवकली निवासी राधेश्याम के खाते से 20 नवंबर को 2000 रुपये, ग्राम नंदना निवासी जगपाल का खाता बेहटा मुड़िया में है। उनके खाते से नौ और दस नवंबर को 12,200 रुपये, ग्राम श्रीमऊ निवासी मोहम्मद सरफुद्दीन का खाता एसबीआई भदार में है। उनके खाते से 25 नवंबर को 22,000 रुपये, ग्राम कबीराखेड़ा निवासी रेनू का खाता एसबीआई भदार में है। उनके खाते से 6 और 9 नवंबर को 10,600 रुपये, ग्राम चदऊबक्खा निवासी श्यामवीर का खाता एसबीआई भदार में है।

उनके खाते से नौ नवंबर को 10,000 रुपये, ग्राम कटरी छोछपुर निवासी रामलखन का खाता एसबीआई भदार में है। उनके खाते से 20 नवंबर को 9,000 रुपये, ग्राम बागपुरवा निवासी रामनरेश का खाता एसबीआई भदार में है। उनके खाते से 10 नवंबर को 20,000 रुपये, ग्राम शिवालापुरवा निवासी श्यामसुंदर का खाता एसबीआई भदार में है। उनके खाते से छह और 23 नवंबर को 10,400 रुपये, ग्राम चदऊबेचे निवासी ललिता का खाता एसबीआई भदार में है। उनके खाते से 10 व 14 नवंबर को 34,800 रुपये, ग्राम कुम्हारनपुरवा निवासी वीरवाला का खाता इंडियन बैंक पलिया में है। उनके खाते से 28 अगस्त को 6800 रुपये निकल गए। पुलिस ने साइबर अपराध की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू की हैं।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने एसआईआर फार्म भरने के लिए मतदाताओं को किया जागरूक

जनएक्सप्रेस/हरपालपुर। हरपालपुर ।शनिवार को क्षेत्र के पलिया गांव में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान एसआईआर फॉर्म भरने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया हैं। जानकारी के अनुसार भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री ने शनिवार को पलिया गांव पहुंचकर मतदाताओं को फॉर्म भरने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया हैं ।उन्होंने ग्रामीणों को फॉर्म भरने की विधि समझाई और बीएलओ के मार्गदर्शन में मौके पर ही फॉर्म भरवाए गए हैं। प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए बीएलओ टू को भी भाजपा की ओर से अतिरिक्त सहयोग के लिए तैनात किया गया था ।अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि जिन महिलाओं का नाम 2003 की वोटर सूची में दर्ज नहीं है, वे अपने मायके की वोटर लिस्ट से आवश्यक विवरण प्राप्त कर फॉर्म भर सकती हैं। फॉर्म पर दिए गए क्यूआर स्कैनर के उपयोग से मतदाता का पूरा विवरण तुरंत सामने आ जाता है, जिससे सत्यापन प्रक्रिया सरल हो गई है। जिन ग्रामीणों के फॉर्म अभी तक नहीं भरे गए थे, उन्हें विशेष रूप से बुलाकर सही तरीके से फॉर्म भरवाए गए। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को सूचित किया कि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 सितंबर निर्धारित है, और सभी पात्र मतदाताओं को समय रहते फॉर्म भरने का आग्रह किया। इस मौके पर अतुल तिवारी, विकास श्रीवास्तव, बबलू सिंह, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, अश्वनी कुमार, रामू श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, सुदर्शन आदि मौजूद रहे।

आईएएस संतोष वर्मा पर कार्यवाई की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरपालपुर। मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करने वाले बयान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कस्बे के लोगों ने इस पर भारी नाराजगी जताई है। शनिवार को क्षेत्र के साभ्रात लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज सौंपा है।

अधिवक्ता व पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आईएएस संतोष वर्मा का दिया गया बयान नारी सम्मान, सुरक्षा एवं अस्तित्व पर कटाक्ष करता है।जिससे समाज में गहरा रोष व्याप्त है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इस बयान ने समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई है और यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि संबंधित अधिकारी के ओर से किए गए कृत्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। दोष सिद्ध होने पर कानूनी व विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भविष्य में ऐसे बयानों पर रोक लगे ताकि किसी भी समुदाय की गरिमा आहत न हो। इस मौके पर विनोद पांडेय, मुन्नूलाल अग्निहोत्री, लल्ला अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे हैं।

क्रिकेट टूर्नामेंट में कीर्तियापुर की टीम ने चौंसार की टीम को 12 रनों से दी शिकस्त

जनएक्सप्रेस/हरपालपुर। हरपालपुर क्षेत्र के पलिया गांव स्थित खेल मैदान पर चल रहे जय मां क्रिकेट टूर्नामेंट में किर्तियापुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौंसार गांव की टीम को 12 रनों से शिकस्त देकर जीत दर्ज कराई।

शनिवार का मैच किर्तियापुर व चौंसार के बीच खेला गया। चौंसार गांव की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया तथा बैटिंग करने उतरी किर्तियापुर गांव टीम निर्धारित 12 ओवर में 107 रन बना सकी। किर्तियापुर की तरफ से गेंदबाजी में अनुज ने 3 विकेट लिए। 107 रनों का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी को उतरी चौंसार की टीम 11 ओवर में 95 रन बनाकर आल आउट हो गयी। किर्तियापुर ने यह मैच 12 रन से जीत लिया।चौंसार की ओर से गेंदबाजी में रामानंद 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनुज मिश्रा को दिया गया। इस मौके पर अरविंद मिश्रा, आशु अंकुल सिंह, विकास श्रीवास्तव, बबलू सिंह, धीरज सिंह, मनोज गुप्ता, सनोज सिंह, प्रवीण अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

टोरेंट पावर ने सफलतापूर्वक आयोजित किया रक्तदान शिविर

जन एक्सप्रेस । आगरा

रक्त समुदाय/समाज कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए, टोरेन्ट पावर ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) के तहत को अपने कार्यालय में बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अभियान में सभी विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दी, जो टोरेन्ट ग्रुप की सामाजिक जिम्मेदारी की संस्कृति को दर्शाता है। शिविर में 202 यूनिट रक्त एकत्र किया गया और जीवन रक्षक चिकित्सा उपचारों के लिये साझेदार ब्लड़ बैंकों को सौंपा गया। यह महत्वपूर्ण योगदान अस्पतालों को बढ़ती रक्त मांग, विशेषकर गंभीर रोगियों और आपातकालीन स्थितियों को पूरा करने में मदद करेगा। कर्मचारियों ने इस नेक कार्य पर योगदान देने पर अत्यन्त हर्ष एवं संतोष व्यक्त किया। टोरेन्ट पावर के प्रवक्ता नें बताया कि हमें कर्मचारियों पर गर्व है, जिनकी भागीदारी से इस शिविर को उल्लेखनीय सफलता मिली। रक्तदान शिविर के साथ-साथ अपने कर्मचारियों को CPR (Cardiopulmonary Resuscitation Training) एवं BLS (Basic Life Support) की ट्रेनिंग भी दी गयी। ऐसे प्रयास न केवल स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सहयोग देते है, बल्कि करूणा और स्वयंसेवा की संस्कृति को भी प्रेरित करते है। टोरेन्ट पावर वर्ष भर स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामुदायिक विकास पर केन्द्रित कई सी0एस0 आर0 और कर्मचारी-भागीदारी कार्यक्रमों का संचालन करता है तथा टोरेन्ट पावर लिमिटेड शहर में 24X7 सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने हेतु संकल्पित है।

योगी सरकार की खेल नीति का कमाल: आगरा के गुरु-शिष्य ने कोलंबो में जीता गोल्ड-सिल्वर

जन एक्सप्रेस । आगरा

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की खेल और युवा कल्याण नीति अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर परिणाम दे रही है। इसी का प्रमाण है श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में आगरा जनपद के इटौरा स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है। हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया।

वर्ल्ड चैंपियनशिप में लहराया यूपी का परचम

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर, गुरु और शिष्य की जोड़ी ने देश के लिए गौरव के पल लाए। शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं हरीश और रमन

योगी सरकार प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। सरकार की खेल नीतियों के कारण दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हरीश चंद्र ने सीनियर 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीतने के साथ ही डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था, जबकि रमन कुमार ने सब-जूनियर 56 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीता था। यह सफलता यह दर्शाती है कि सरकारी संस्थानों में भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोलंबो में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। सर्वोदय विद्यालय इटौरा के छात्र और शिक्षक ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जो प्रदर्शन किया है, वह आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। योगी सरकार हमेशा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रू.10 लाख से बनेगी अत्याधुनिक लैब

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय इटौरा लगातार खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अग्रणी रहा है। विभाग अब इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए सुविधाओं को और मजबूत कर रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी घासीराम प्रजापति ने बताया कि जल्द ही विद्यालय में अत्याधुनिक पावर लिफ्टिंग लैब बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि भी दी गई है। यह राशि लैब में पावर लिफ्टिंग के अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने में खर्च होगी। उन्होंने कहा इससे विद्यालय में अन्य विद्यार्थियों को भी सही प्रशिक्षण के साथ आगे आने का मौका मिलेगा।

ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला सही मंच

समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक एवं योजनाधिकारी जे. राम ने कहा कि इस जीत से भविष्य में विद्यालय से और भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के चैंपियन निकलने की उम्मीद और मजबूत हुई है। हरीश चंद्र और रमन कुमार की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार की नीतियां ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सही मंच और संसाधन उपलब्ध करा रही हैं, ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेर सकें।

श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह एवं बाल लीलाओं की कथा सुन भक्त हुए भाव-विभोर

जन एक्सप्रेस । आगरा

बरौली अहीर। क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा की धूम देखने को मिल रही है कहीं कथा में भगवान कृष्ण -कन्हैया अपने बाल लीलाओं से भक्तों को भाव-विभोर कर रहे हैं तो कहीं कथा ब्यास अपने मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण-रूक्मणी विवाह का प्रंसग सुनाकर भक्तों को भक्तिमय कर रहे हैं। प्रेम के ही बस में है भगवान यदि प्रेम है तो भगवान के दर्शन और कृपा दोनों प्राप्त किया जा सकता है यह कहना है कहरई स्थिति सेंटर पार्क राम रघु एग्जाटिका मारूति सिटी रोड पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के कथा ब्यास चन्द्र कान्त जी महराज का। श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पंडित देवेन्द्र रावत ने श्रीमद्भागवत पुराण की आरती उतार कर संयुक्त रूप से किया। कथा की शुरुआत करते हुए चन्द्र कान्त जी महराज ने कहा कि भगवान प्रेम मय है प्रेम का भाव जगाने के लिए ही पृथ्वी पर अवतरित हुए थे। इस लिए इन्हें प्रेमानंद भी कहा जाता है। गोपियां भगवान के प्रेम में स्वयं को भी भूल गयी थी । उद्धव के समझाने पर भी वे सब कुछ प्रेम को ही मानती थी। चन्द्र कान्त जी महराज ने शनिवार को रुक्मणि विवाह और कंस वध गोपियों के बिरह, रासलीला आदि का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। कथा व्यास ने कहा, कंस के अत्याचार से जब पृथ्वी त्राहि-त्राहि करने लगी, तब पृथ्वी वासी भगवान से गुहार ल

डीएम संतोष कुमार शर्मा ने तीसरे दिन भी फोन पर सुनीं मतदाताओं की समस्याएं

एक घंटे में पांच विधानसभाओं से 20 कॉल, एसआईआर प्रक्रिया पर दूर की शंकाएं

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को लगातार तीसरे दिन सुबह 11 बजे से 12 बजे तक फोन पर मतदाताओं की समस्याएँ सुनीं। एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देने और शंकाओं का समाधान करने के उद्देश्य से जारी इस विशेष पहल में जिलाधिकारी ने जनपद की पाँच विधानसभाओं के कुल 20 मतदाताओं से प्राप्त फोन कॉल सुने और उनकी शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश शिकायतें गणना प्रपत्र उपलब्ध न होने, 2003 की मतदाता सूची में नाम न मिलने, नए मतदाता पंजीकरण, तथा फॉर्म भरने की प्रक्रिया से संबंधित रहीं। कई मतदाताओं ने ऑनलाइन एसआईआर फॉर्म भरने के तरीके के बारे में जानकारी चाही, जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें विस्तार से प्रक्रिया समझाई। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने बताया कि प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित ईआरओ को अग्रसारित कर दिया गया है और 24 घंटे के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं की शंकाएँ दूर कर उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना तथा एसआईआर प्रक्रिया में आने वाली सामान्य समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान करना है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अवगत कराया कि 2003 की मतदाता सूची सभी बीएलओ एवं सहयोगी कर्मियों को उपलब्ध करा दी गई है। मतदाता चाहें तो उनसे संपर्क कर सूची की प्रति ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से भी मतदाता सूची डाउनलोड की जा सकती है। जिलाधिकारी प्रतिदिन अपने मोबाइल नंबर 8423675896 पर सुबह 11 से 12 बजे तक मतदाताओं और बीएलओ की समस्याएँ सुनते हैं। उनका प्रयास है कि किसी भी नागरिक को एसआईआर फॉर्म भरने में कोई कठिनाई न आए, इसलिए वे सीधे मतदाताओं से जुड़कर उनकी सहायता कर रहे हैं।

बाइक फिसलकर गिरने से सपा नेता की मौत

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

थाना इलाके के शंकरपुर गांव निवासी रमेश कुमार पाठक जिला महासचिव समाजवादी पार्टी प्रतापगढ़ शनिवार सुबह करीब 8 बजे अपनी मोटरबाइक से गांव में ही वृद्ध महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए घर से जा रहे थे जैसे ही पक्की सडक पर कुछ दूर चले थे कि उनकी मोटरबाइक के नीचे अचानक पत्थर का टुकड़ा आ गया जिससे उनकी बाइक अनियन्त्रित हो गई और वह सडक पर गिर पड़े। लोंगो का मानना है कि सिर में चोट लगने के कारण उनको मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है।सपा नेता की मौत की जानकारी पर इन्द्रदेव तिवारी, राजन यादव, रमेश यादव, सईद अहमद, मैशाद अहमद, युवा नेता राजीव यादव ने शोक संवेदना प्रकट की।

महिला किन्नर ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली महिला किन्नर ने थाने पर पति, ससुर व जेठ समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला किन्नर ने कोहड़ौर थाने पर तहरीर देते हुए कहा है कि उसका विवाह थाना इलाके के ही एक गांव के युवक के साथ कुछ वर्ष पहले हुआ था। दोनों हिन्दू रीति रिवाज से शादी कर बतौर पति पत्नी साथ रहे। कचेहरी में दोनों के बीच एक वैवाहिक अनुबन्ध पत्र भी लिखाया गया था।

अब किन्नर ने अपने पति, ससुर, जेठ व जेठानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। किन्नर ने कोहड़ौर थाने पर तहरीर देते हुए बताया है कि ससुराल वाले उससे दहेज के साथ ही धन की मांग करते रहते हैं साथ ही जेठ पर छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया है। दहेज के रूप में दस लाख रुपये न दे पाने की स्थिति में उसका लगातार उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करने के साथ ही कई दिनों तक बिना खाना दिए कमरे में बन्द रखा गया। बात न मानने पर साजिशन उसके विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर पति उसे छोड़कर चला गया। आरोप है कि इस दौरान उसकी सोने की चैन, कंगन, मंगलसूत्र, झुमका बाली, नथनी, पायल सभी अपने साथ ले गया। किन्नर का आरोप है कि पति पत्नी की तरह साथ रहने के दौरान उसका पति उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया था जिसे अब लोगों को दिखाकर उसकी छवि खराब कर रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोहड़ौर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ कोहड़ौर धनन्जय राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

बारातियों से भरी अर्टिगा ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर शनिवार देर शाम बारातियों से भरी एक अर्टिगा कार ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर। दोनों युवकों की मौके पर मौत। मृतक दोनों युवक सुल्तानपुर जिले के रहने वाले थे।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम सुल्तानपुर की तरफ से आ रही बारातियों से भरी एक अर्टिगा कार ने सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद एसओ कोहड़ौर पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे। दोनों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ौर भेजवाया। जहां पर डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अर्टिगा कार व बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। दुर्घटना के बाद कार में सवार बराती व ड्राइवर मौके से गायब हो गये। खबर लिखे जाने तक दोनों की पहचान नही हो सकी हालांकि कोहड़ौर पुलिस दोनों युवकों के परिजनों से सम्पर्क का लगातार प्रयास करती रही।

धोखाधड़ी में में दो महिलाओं समेत छह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

जन एक्सप्रेस | देवरिया

साक्ष्य छिपाकर जमीन की रजिस्ट्री करने के बाद आपत्ति करने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी में प्राथमिकी दर्ज की है। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के मंडी रोड वार्ड नंबर 14 मीरा बाई नगर की रहने वाली बबीता देवी पत्नी दिलीप जायसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि थाना क्षेत्र के परसौनी गांव के रहने वाले कुछ लोग साक्ष्य छिपाकर जमीन बैनामा कर दिए। जमीन रजिस्ट्री करने के बाद फिर वही लोग आपत्ति दाखिल कर दिए, इसके चलते उनका 11 लाख रुपये फंस गया है। आरोप है कि जब उन्होंने इस बारे में पूछताछ की तो गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इस मामले में पुलिस ने परसौनी गांव के धर्मेंद्र, मुन्ना, संजय, माधुरी व मदारीपट्टी के रहने वाले पूनम प्रसाद व जितेंद्र प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है।

प्राथमिक विद्यालयों में आज एसआईआर का लगेगा विशेष कैम्प, आकर अवश्य भरें मतदाता गणना प्रपत्र

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में रविवार को यानी आज सभी प्राथमिक विद्यालय खुले रहेंगे। जहां पर बीएलओ, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, रोजगार सेवक, सफाई कर्मी आदि कर्मचारी मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेगें। जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र भर चुके हैं वे उसे तत्काल अपने सम्बन्धित बीएलओ को उपलब्ध करा दें और जिनका गणना प्रपत्र नहीं भरा गया है या भरने में कठिनाई हो रही है उनके फार्म कैम्प में ही मौके पर भरे जायेगें।

डीएम शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि जिन मतदाताओं का किसी भी कारण से फार्म अभी तक शेष है वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम बूथ पर पहुँचे ताकि वहीं उनका फार्म भरा जा सके। बता दें कि शनिवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के दौरान प्राथमिक विद्यालय फतनपुर व इण्टर मीडिएट कालेज गौरा का औचक निरीक्षण कर मतदाताओं के एसआईआर फार्म भराये जाने के वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। प्राथमिक विद्यालय फतनपुर में एसआईआर के कार्य की प्रगति ठीक पायी गयी और मौके पर उपस्थित तहसीलदार को निर्देशित किया कि जमा फार्मो का डिजिटलाइजेशन कराया जाये। इण्टरमीडिएट कालेज गौरा में फार्म भरने की प्रगति धीमी पायी गयी संज्ञान में आया कि मतदाता अत्यधिक है जिस पर तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त टीम लगाकर एसआईआर के कार्यो में तेजी लाये।

डीएम ने निरीक्षण के दौरान एसआईआर कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यो में तेजी लाये और यदि किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो तत्काल अवगत कराये जिससे समस्त बूथों पर शत प्रतिशत कार्य समय से पूर्ण किया जा सके। डीएम ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर आज छुट्टी के दिन रविवार को विशेष कैम्प लगाया जाएगा।

बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट व गाली-गलौज का आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले की जेठवारा थाना पुलिस ने बिजली का बिल वसूली करने गये अवर अभियंता व निविदा कर्मचारी के साथ मारपीट व गाली-गलौज कर विद्युत बिल वसूली में बाधा डालने के आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आरोपी को थाना इलाके के पूरे तोरई मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि बीते अगस्त माह में अवर अभियंता ने जेठवारा थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि विद्युत बिल वसूली करते समय पूरे तोरई गांव के नवल किशोर और शानू गौतम ने वसूली कार्य में बाधा डालते हुये गाली गलौज करने लगे जब निविदा कर्मचारी विनोद कुमार ने विरोध किया तो भाग गए। थोड़ी दूरी पर दो अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर निविदा कर्मचारी पर लोहे की रॉड व सरिया से हमला किया, जिसमें उनका बायाँ हाथ फ्रैक्चर हो गया तथा सिर में गंभीर चोट आई। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। उसी क्रम में एसआई राजीव वर्मा व एसआई रेयाज अहमद के साथ पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त आदर्श गौतम उर्फ शानू को गांव पूरेतोरई मोड़ के समीप गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि बिजली कर्मचारी मेरे घर वसूली के दौरान बकाया राशि जमा न करने पर कनेक्शन काटने की धमकी दिये थे। जिसके बाद मै अपने भाई के साथ बिजली घर कटरा गुलाब सिंह जा रहा था कि मार्केट में ही बिजली कर्मचारी मिल गये थे। जहां हम दोनो भाइयों का बिजली कर्मचारियों के साथ हुई धक्का मुक्की में एक कर्मचारी गिर पड़ा था मैने व मेरे भाई ने किसी को जान बूझकर मारा पीटा नही था। बाद में जेई ने मेरे व मेरे परिवार के नवल किशोर के खिलाफ मुकदमा लिखा दिया था। जिसके बाद से मैं गिरफ्तारी के डर से छुप रहा था। फिलहाल जेठवारा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सोशल मीडिया पर अपलोड की अश्लील पोस्ट, प्राथमिकी दर्ज

जन एक्सप्रेस | देवरिया

थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला और उसकी बहन का अश्लील पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करना दो लोगों पर भारी पड़ गया। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 19 नवंबर को इंटरनेट मीडिया से मेरी और मेरी बहन की फोटो से छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था। इस काम को अंजाम देने वालों में गोपालगंज जिले का रहने वाला एक युवक और मेरे गांव की एक महिला शामिल है। इस मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने गोपालगंज जिले के कटेया थाना क्षेत्र के समोगर गांव के रहने वाले विकास जायसवाल और महिला ज्ञांती देवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

हत्या के प्रयास का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा गया जेल

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले की हथिगवां थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को थाना इलाके के मौर्या तिराहे के पास से पकड़ा। मालूम हो कि बीते सितंबर माह में हथिगवां थाना क्षेत्र के बरना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में शिवा सरोज, सत्यम सरोज, राम प्रताप सरोज और मनीष सरोज ने एक व्यक्ति पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था।

जिसमें सत्यम और राम प्रताप ने पीड़ित को पकड़ रखा था, जबकि शिवा और मनीष ने उसके सिर पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे पीड़ित बेहोश होकर गिर पड़ा। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के भतीजे को भी मारा-पीटा गया। हल्ला गुहार सुनकर ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस सरगर्मी से आरोपियों की तलाश कर रही थी। उसी क्रम में एसआई अजय कुमार व उनकी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शिवा सरोज को थाना इलाके के मौर्या तिराहे के पास से शनिवार को गिरफ्तार किया गया।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये अधिक से अधिक करें दान : डीएम

भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों की सहायता को डीएम ने की अपील

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र ने बताया है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस सात दिसम्बर को पूरे भरत में मनाया जायेगा जिसकी पृष्ठभूमि देश के सेवारत जवानों उनके परिवारों तथा भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिवारों के आर्थिक कष्टों के निवारणार्थ उपयोगी की जाती है। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की तरफ से सात दिसम्बर को आयोजित होने वाले सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य व्यक्तियों, उद्योगपतियों और जनपदवासियों से अधिक से अधिक दान देने की अपील की गयी है। गौरतलब हो कि कई सालों से प्रत्येक वर्ष सात दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाये जाने की परम्परा चली आ रही है।

यदि दिवस बलिदानियों के परिवारों और वर्दी धारियों के सम्मान में मनाया जाता है। दिव्यांग सैनिकों, बलिदानियों की पत्नियों, उनके आश्रितों की देखभाल व सम्मान दिये जाने के लिये प्रतिवर्ष धनराशि एकत्रित की जाती है। इस दिन जल, थल, वायु सेना के जवानों की ओर से दी गयी सेवाओं को याद किया जाता है। सभी जनपदवासियों, गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व शिक्षण संस्थानों एवं उद्योगपतियों से दान स्वरूप दी गयी धनराशि नकद, चेक/बैंक ड्राफ्ट व क्यूआरकोड से संग्रहित धनराशि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सैनिक झण्डा दिवस निधि के खाते में जमा किया जाता है। पूरे देश से संग्रहित धनराशि पर सीधे रक्षा मंत्रालय की निगरानी होती है। संग्रहित धनराशि का अधिकांश हिस्सा मुख्यालय भेजा जाता है। इस धनराशि के जरिये बलिदानियों के आश्रितों, घायलों और जरूरत मंद सैनिकों, पूर्व सैनिकों को आकस्मिक मदद दी जाती है। प्रदेश में राज्यपाल के जरिये धनराशि की निकासी कर सहातार्थ खर्च किया जाता है।

जेल गए पाकिस्तानी के परिवार का भी हो रहा एसआईआर

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। पिपरा कनक। क्षेत्र के गांव गगलवा चैनपट्टी से गिरफ्तार कर जेल भेज गये पाकिस्तानी नागरिक के परिवार के अन्य सदस्यों का नाम वर्ष 2003 के मतदाता सूची में होने के कारण उनका एसईआर फार्म बीएलओ द्वारा भरा जा रहा है।क्योंकि उसके परिवार के सदस्य का कहना है कि वह आजादी से पूर्व से यहां निवास करते आ रहे हैं। 12 जून 2025 को खुफिया विभाग के सूचना पर पाकिस्तानी नागरिक सेराजुलहक को गिरफ्तार कर पटहेरवा पुलिस ने जेल भेजा था। पुलिस का कहना था कि यह लंबे समय से गगलवा चैनपट्टी गांव में छिप कर रहता था। वर्तमान में उसकी पत्नी सोगरा खातून, पुत्र सबिरुलहक, नसीबुलहक, बहुएं अफरोज खातून व कनीज फतामा का नाम 2003 के मतदाता सूची में शामिल है।

जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में शनिवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद एवं समिति के सभी सदस्य मौके पर उपस्थित रहे। बैठक में सीडीओ ने नगर में जैव अपशिष्ट के निस्तारण हेतु जैव अपशिष्ट की मानिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी डा. राजेश कुमार गुप्ता को विस्तृत रिपोर्ट के साथ सूचना भेजने को निदेर्शित किया गया।

नगर पालिका के ठोस अपशिष्ट ई वेस्ट एवं प्लास्टिक निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं सूचना प्रभागीय कार्यालय को प्रेषित करने को कहा गया। पर्यावरण समिति सदस्य के सुझाव पर सड़क के दोनों पटारियों पर कटीली झाड़ियों को साफ करने एवं रास्ते को सुगम बनाने के लिए सुझाव दिया गया और मुख्य विकास अधिकारी ने पर्यावरण समिति सदस्य को पांच से सात स्थलों का चुनाव कर प्रभागीय निदेशक को अवगत कराने को निर्देशित किया। इसी प्रकार पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति के अन्य विन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने समीक्षा बैठक में किया एसआईआर में सहयोग का आवाहन

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बसपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्ष मिलकर मतदाता सूची में लोगों का नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें, कोई पात्र मतदाता एसआईआर प्रकिया में छूटने न पाये। बसपा बहन सुश्री मायावती के दिशा निर्देश में 2027 में मजबूत सरकार बनायेगी। यह विचार बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने शनिवार को बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के पालिटेक्निक चौराहे के निकट स्वर्गीय रामचन्द्र चौधरी इण्टर कालेज मरवटिया के परिसर में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक के दौरान बड़ी संख्या में अनेक राजनीतिक दलों को छोड़ बसपा की सदस्यता ग्रहण किया।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने समीक्षा बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा की सरकार से ऊब चुकी है। वह बदलाव का मन बना चुकी है क्योंकि बसपा की सरकार में जाति, धर्म से ऊपर उठकर सर्व समाज का विकास हुआ और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा। उन्होने पार्टी पदाधिकारियों का आवाहन करते हुये कहा कि जिस प्रकार से मान्यवर कांशीराम के निर्वाण दिवस पर 9 अक्टूबर को लाखों की संख्या में लोग लखनऊ पहुंचे उसी तरह से 6 दिसम्बर को बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास कराये। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता मुख्य मण्डल प्रभारी इन्दलराम ने किया। विशिष्ट अतिथि मुख्य मण्डल प्रभारी, धर्मदेव प्रियदर्शी, सीताराम शास्त्री, राम सूरत चौधरी, वीरेन्द्र चौहान, अब्दुल जब्बार, राम सुरेश चौहान, यशवन्त निगम, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी लवकुश पटेल ने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुये संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बसपा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम ने बताया कि बूथ स्तर पर एसआईआर प्रक्रिया को पूरा कराने में पार्टी कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटे हुये हैं। कार्यक्रम में अभय पटेल सिल्लो, राम सहाय चौधरी, शहाबुद्दीन, राम मिलन, अमन गौतम, अभिनेश चौधरी, सुभाष चन्द्र वर्मा, रघुराज वर्मा, इन्द्रजीत तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार शुक्ल, राधेश्याम शुक्ल, करिया गुप्ता, शिवाजी पाण्डेय, शीतल चौधरी, अंकुर चौधरी, प्रमोद चौधरी, बब्बू चौधरी, शबरे आलम, जुनेद अहमद, साबिर अली, इरशाद अहमद के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण किया। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से कल्पनाथ बाबू, राम सूरत चौधरी, जब्बार अली, के.सी. मौर्य, कृपाशंकर गौतम, संजय धूसिया, राम सागर, महेन्द्र कुमार, राम नेवास गौतम, आशुतोष सिंह, जुगुल किशोर चौधरी, दीपक कुमार, विष्णु आनन्द, अलीम अहमद, अरविन्द कुमार, जे.पी. गौतम, महेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, रंजीत कुमार गौतम, अतर सिंह गौतम, रामकरन गौतम, अनुराग गौतम, प्रिन्स कुमार निगम, रामचन्द्र, अखिलेश कुमार, राम सरोज, रामचेत निराला, के.पी. राठौर, एडवोकेट अनूप कुमार, अनिल आजाद, आदित्य राना, राजेश कुमार राव, भूपेन्द्र कुमार, देशराज गौतम, राजीव कुमार राव, सलमान, प्रदीप कुमार गौतम, रामफेर गौतम, नवी सरवर, प्रभाकर पाल, दिलीप बौद्ध, शिवम आजाद, ब्रजेश राव, शिवकुमार, राजकुमार के साथ ही अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

याचिका समिति की बैठक में जनहित मामलों पर गहन समीक्षा, विभागों को कड़े निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

विधान परिषद की याचिका समिति की महत्वपूर्ण बैठक सर्किट हाउस, वाराणसी में कार्यकारी सभापति अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिले के अधिकारियों ने बैठक की शुरुआत में सभापति और समिति सदस्यों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृतिचिह्न देकर स्वागत किया।

बैठक में नमामि गंगे, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायती राज, ऊर्जा, ग्राम विकास, नगर निगम और आवास-विकास विभागों से जुड़े जनहित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। नमामि गंगे इकाई से ग्राम अहिलिया में हैंडपंप और नलकूप बोरिंग की स्थिति की जानकारी ली गई। लोक निर्माण विभाग से पुलिया निर्माण संबंधी लंबित याचिका पर एक माह के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। खेतासराय-खुटहन तथा जौनपुर-खुटहन मार्ग पर कार्य मानक के अनुरूप और समयबद्ध पूरा करने के आदेश दिए गए।

विद्युत विभाग के अधिकारियों से निषाद बस्ती और दुधौरा गांव में विद्युत आपूर्ति, विद्युतीकरण तथा सौभाग्य योजना के तहत किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी मांगी गई। ओटीएस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार ब्लॉक और तहसील स्तर पर करने के निर्देश दिए गए।

जल जीवन मिशन के अभियंता से पेयजल टंकियों के निर्माण की प्रगति जानी गई। समिति ने सभी विभागों को बेहतर अंतरविभागीय समन्वय बनाकर लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभापति ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं से जुड़ी याचिकाओं पर गंभीरता से कार्रवाई कर त्वरित समाधान कराया जाए।

अंत में जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने समिति के निर्देशों का पूर्ण पालन कराने का आश्वासन देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में आशुतोष सिन्हा, सौरभ सिंह, आशीष कुमार सिंह, मुकुल यादव, एएसपी नगर आयुष श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कफ सिरप कांड पर सियासत तेज धनंजय सिंह बोले CBI जांच ही उजागर करेगी सच

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

कोडीन कफ सिरप की तस्करी के मामले में आरोपी अमित सिंह टाटा की गिरफ्तारी के बाद जिले से लेकर राजधानी तक गरमाहट साफ महसूस की जा रही है पुलिस की कार्रवाई के बीच यह पूरा प्रकरण अब राजनीतिक रंग भी पकड़ चुका है। तरह-तरह के आरोप और बयानबाज़ी के बीच पूर्व सांसद धनंजय सिंह का फेसबुक संदेश शनिवार को खूब सुर्खियों में रहा। धनंजय सिंह ने कहा कि कफ सिरप मामले को लेकर उनके राजनीतिक विरोधियों ने पत्रकारों को गुमराह कर झूठ फैलाने की कोशिश की है। उनका आरोप है कि यह पूरा प्रकरण काशी/वाराणसी क्षेत्र से जुड़ा है और इसी आधार पर कांग्रेस सहित कुछ दलों के नेता प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की साज़िश में जुटे हैं। उन्होंने साफ कहा कि राज्य सरकार इस मामले की विभिन्न एजेंसियों से गहन जांच करा रही है और सत्य जल्द सामने आएगा मगर यह मामला अंतर्राज्यीय होने के कारण, उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से ष्ठक्क्ष्ठ जांच की मांग की है ताकि वास्तविक दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके और अनर्गल आरोपों व झूठी खबरों पर रोक लगे।

धनंजय सिंह ने यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिख रहे हैं जिसमें वह बताएंगे कि कैसे कुछ लोग भ्रामक खबरें चलवाकर राज्य सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

कफ सिरप तस्करी का यह मामला पिछले कई दिनों से सुर्खियों में है। पुलिस जांच जारी है, बयानबाज़ी तेज है और सियासत लगातार गरमा रही है। एक ओर विपक्ष सरकार पर सवाल उठा रहा है, तो दूसरी ओर ह्वह्यद्बद्बठ्ठद् ष्ड्डद्बश्च इस प्रकरण को ÷झूठा नैरेटिव बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश बता रहा है।

फिलहाल, सच क्या है यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन इतना तय है कि कफ सिरप कांड ने जौनपुर से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक राजनीति में हलचल मचा दी है और आने वाले दिनों में यह मामला और भी तूल पकड़ सकता है।

विंध्याचल में तीर्थ पुरोहित के बेटे पर लगाया फायरिंग का आरोप

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। विंध्याचल थाना अंतर्गत कोतवाली रोड निवासी यश पाठक ने तीर्थ पुरोहित अवनीश मिश्रा के बेटे अंकितेष मिश्रा पर जान से मारने की नियत से फायरिंग का आरोप लगाया है। बृहस्पतिवार की रात हुई घटना के मामले में पुलिस यश पाठक की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर जांच में जुट गई है। बृहस्पतिवार की रात अष्टभुजा पहाड़ी स्थित गेरुआ तालाब के समीप यश और उसके चाचा आशुतोष पाठक टहल रहे थे।

पिकप के टक्कर से क्रासिंग का बूम टूटा, कई घण्टे यातायात हुआ प्रभावित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद क्षेत्र के केराकत मार्ग पर शनिवार को बन्द हो रहे बूम को एक मनबढ़ पिकप चालक ने टक्कर मार दिया।टक्कर से नूम फाउंडेशन सहित उखड़ गया।जिसके चलते मौके पर जाम की स्थिति रही। कई घण्टे यातायात प्रभावित रहा।

ऊक्त रेलवे क्रासिंग से हजारों वाहन प्रतिदिन आते जाते हैं। दोपहर लगभग सवा 11 बजे जौनपुर से आ रही पिकप ने बन्द हो रहे बूम को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी को बूम टूट कर फाउंडेशन सहित उखड़ गया। चालक पिकप लेकर भाग गया।बूम टूटने से क्रासिंग पर दोनो तरफ से वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्कूल के बच्चे इसमें काफी हलकान हुए। लगभग आधे घण्टे बाद आरपीएफ चौकी प्रभारी प्रभुनारायण सिंह ने क्रासिंग पर वाहनों को थोड़ा थोड़ा करके पार कराया। घटना के बाद फिलहाल स्लाइड बूम के सहारे वाहनों तथा ट्रेनों मालगाड़ियों को पास कराया जा रहा है।

चौकी प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि पिकप का पता लग चुका है। चालक पर मुकदमा दर्ज कर उसकी खोजबीन की जा रही है।

स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पिकप के टक्कर से टूटे बूम के कारण कई घण्टे से बूम के फाउंडेशन को बनवाया जा रहा है। फिलहाल स्लाइड बूम के जरिये आरपीएफ के जवान ट्रेनों, मालगाड़ियों तथा नागरिक वाहनों को निकलवा रहे है।

कक्षा में सभी मासूम बच्चों को थप्पड़ मारते हुए मैडम का विडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

बदलापुर थाना क्षेत्र भलुआहीं में स्थित पब्लिक स्कूल में अचानक एक स्कूल की मैडम क्लास के सभी बच्चों को एक के बाद एक लगातार थप्पड़ जड़ती हुई नजर आई हैं। यह विडियों बदलापुर थाना क्षेत्र के भलुआही में स्थित एक स्कूल का बताया जा रहा है। मैडम की इस करतूत की विडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह स्कूल की मैडम बच्चों के क्लास रूम में पहुंची और बिना किसी कारण के वहां मौजूद मासूम बच्चियों और बच्चों से क्रोधित होकर थप्पड़ मारते हुए कहने लगी कि क्या सारी जिम्मेदारी मेरी ही है। इस वायरल विडियों में मैडम की बात सुनकर लगता है कि वह घर का गुस्सा मासूम बच्चों पर निकाल रही हैं।

हालांकि, इस बात की जानकारी जब बच्चों ने परिजनों को बताया तो उन्होंने मैडम की इस करतूत पर बच्चों के साथ ऐसा व्यव्हार करने पर नारागी जताई है। बढती ठंड के बीच एक के बाद एक सभी बच्चों को बिना कारण के थप्पड़ मारना चर्चा का विषय बना हुआ है।

जरूरतमंद को आप पार्टी के नेता समाजसेवी अतुल तिवारी ने किया रक्तदान

रक्तदान का मतलब जीवनदानः समाजसेवी अतुल तिवारी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद क्षेत्र के निवासी आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला मीडिया प्रभारी व अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान) ने बताया कि दिनांक 29 नवंबर शनिवार के दिन उनके नंबर पर एक व्यक्ति ने कॉल किया और अपना नाम आजाद खरवार बताते हुए बोला कि हमारी भाभी जी जिनका नाम बबीता खरवार है वह उजाला हॉस्पिटल जो की वाजिदपुर तिराहे के पास स्थित है वहां पर एडमिट है जिन्हें ब्लड की अत्यंत आवश्यकता है इसके पश्चात तत्काल समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी ने अस्पताल पहुंचकर जरूरतमंद को रक्तदान के माध्यम से ब्लड उपलब्ध करवाय। इस मौके पर उजाला अस्पताल में ही बने उजाला ब्लड बैंक के मैनेजर राहुल राज सिंह का भी सहयोग मिला।

समाजसेवी अतुल तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा इसी पिछले एक वर्ष के अंदर ही 9 यूनिट ब्लड देकर जरूरतमंदो की मदद किए हैं जिसमें 3 बार उन्होंने अपना स्वतः रक्तदान किया और बाकि कार्ड के माध्यम से ब्लड उपलब्ध कराकर रक्तदान किया। अभी लगभग 3 महीने पहले ही उन्होंने अपना रक्तदान किया था और आज उन्होंने अपने मामा समाजसेवी हर्ष देव उपाध्याय के द्वारा रक्त उतरवाकर जरूरतमंद को रक्तदान किया और आश्वासन दिया की जरूरत पड़ने पर और भी ब्लड का प्रबंध उनके द्वारा किया जाएगा। समाजसेवी श्री अतुल ने यह अभी कहा कि ऐसा पुनीत कार्य समाजसेवा करने की प्रेरणा उन्हें उनके माता-पिता व परिवार से ही मिला है और इसलिए हमेशा वह जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद करते रहते हैं और आगे भी करते रहेंगे।

दरोगा के पैर से मारने व सिपाही के पैसा लेने का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

लालगंज थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी में दरोगा के एक व्यक्ति को पैर से मारने और सिपाही के पैसा लेने का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में एसएसपी ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वीडियो में सिपाही पैसा लेते दिखाई दे रहा है। दूसरे वीडियो में दरोगा भी पैसा लेते दिख रहा है। तीसरे वीडियो में दरोगा किसी को पैर से मारते दिखाई दे रहा है। वीडियो में कोई चीख रहा है। माफी मांग रहा है। दरोगा धमकी दे रहा है। मामले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी ने एसएसपी सोमेन बर्मा को ज्ञापन देकर चौकी प्रभारी और सिपाही की ओर से विपक्षी से पैसे लेने का आरोप लगाया है। एसएसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि मामले में सीओ गायत्री यादव को 48 घंटे में जांच कर रिपोर्ट मांगी है।

वीडियो की सत्यता की पुष्टि होने और रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, किशोर समेत दो की मौत

12 लोग घायल

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

मिर्जापुर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के मिर्जापुर- सोनभद्र मुख्य मार्ग पर भांवा बाजार के समीप शुक्रवार की देर रात ट्रैक्टर- ट्राली में पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर में सवार चालक के साथ एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 12 लोग घायल हो गए।

मड़िहान थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी पप्पू कोल अपनी भतीजी के पुत्र प्राप्ति पर सोनभद्र जनपद के घोरावल थाना क्षेत्र के सोतील गांव में परिवार और रिश्तेदारों को ट्रैक्टर ट्राली से लेकर शुक्रवार की सुबह घर से निकले थे। वापसी के दौरान देर रात जैसे ही भांवा बाजार के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क किनारे ट्रैक्टर पलट गया। वहीं ट्राली में बैठे 12 लोग चोटिल हो गए। बाजार वासियों की सूचना पर पहुंची राजगढ़ पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने 55 वर्षीय चालक शंकर कोल को मृत घोषित कर दिया। वहीं 15 वर्षीय संदीप की शनिवार की सुबह सात बजे के करीब इलाज के दौरान लोढ़ी अस्पताल में मौत हो गई।

राजगढ़ थाना अध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने बताया कि ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली में सवार मासूम के साथ चालक की मौत हो गई है। शव का पंचनामा कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दो महिला वारंटी दबोचीं शाहगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के निर्देशन में शाहगंज थाना पुलिस ने शुक्रवार को दो महिला वारंटियों को उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। दोनों लंबे समय से मुकदमों में अदालत द्वारा जारी वारंट पर फरार चल रही थीं। पुलिस टीम ने सुबह कार्रवाई करते हुए पहले राजापुर सहावे निवासी संगीता पत्नी नन्हकू राजभर को हिरासत में लिया। संगीता के खिलाफ वर्ष 2023 में दर्ज मुकदमा संख्या 090/2023 में धारा 323, 427, 452, 504 और 506 आईपीसी के तहत वारंट जारी था।

दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने डोमनपुर की निवासी बिंध्या देवी पत्नी रामअवतार को गिरफ्तार किया। बिंध्या के विरुद्ध वर्ष 2011 के मुकदमा संख्या 0913/2011, स्टेट बनाम कुलदीप उर्फ मोनू में धारा 363, 504 और 506 भादवि के तहत न्यायालय द्वारा वारंट जारी था। दोनों अभियुक्ताओं को थाना पुलिस ने आवश्यक पूँछताछ के बाद विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायालय भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

इस संयुक्त कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक के.के. सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राम विचार, कांस्टेबल कृपानंद प्रजापति तथा महिला कांस्टेबल आरती गोंड शामिल रहीं। पुलिस का कहना है कि फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और जल्द ही शेष वांछित आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

जाली आधार कार्ड और पासपोर्ट बनवाने पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर प्राथमिकी दर्ज

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

फर्जी तरीके से आधार कार्ड और पासपोर्ट बनवाने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को छानबे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और मौजूदा प्रमुख के पति अवधराज सिंह उर्फ पप्पू सिंह पर जालसाजी और धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अकोढ़ी गांव निवासी मधुसूदन सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि जयपुरिया अपहरण कांड में मुख्तार अंसारी के सहयोगी औ पूर्व ब्लाक प्रमुख अवध राज सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से अलग-अलग पते पर दो आधार कार्ड, लाइसेंस और पासपोर्ट बनवाया है। बताया कि पप्पू सिंह पर कई मुकदमे दर्ज हैं। उसने जो पासपोर्ट बनवाया है। उसमें वाराणसी का पता दिया गया है। दो आधार कार्ड में वाराणसी के पांडेयपुर और दूसरा मिर्जापुर के अकोढ़ी गांव का पता है। शस्त्र लाइसेंस प्रयागराज के पते पर है। फर्जी पासपोर्ट के आधार पर कई बार विदेश जा चुका है। मामले में मधुसूदन सिंह की तहरीर पर विंध्याचल थाने में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अवधराज सिंह पर धोखाधड़ी और जालसाजी की प्राथमिकी दर्ज हुई है।

प्रमुख के परिवार में शादी के दौरान गोली चलने से हुई थी मौत

कटरा कोतवाली क्षेत्र के सरजू उद्यान मैरिज लॉन में 21 नवंबर 2021 को पप्पू सिंह के परिवार की शादी में गोली चलने के दौरान आशीष गुप्ता की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें कई शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त हुए थे। दो महीने पहले पप्पू सिंह के पुत्र पर भी मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ था।

> मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फर्जी आधार कार्ड और पासपोर्ट आदि का मामला प्रयागराज और वाराणसी का है। मामले की जांच के लिए टीम को प्रयागराज और वाराणसी भेजकर जांच कराया जाएगा।
>
> **सोमेन बर्मा, एसएसपी**

खड़े कंटेनर से टकराई कार, अध्यापक पिता समेत चार की मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

कीमोथेरेपी के लिए अध्यापक पिता श्यामकृष्ण को लेकर जा रहे चिकित्सक पुत्र डॉ अनुराग कृष्ण यादव (42) की स्विफ्ट कार कछवां थाना क्षेत्र के कटका हाईवे के पास सोमवार सुबह चालक- खलासी को टक्कर मारने के बाद खड़ी कंटेनर में पीछे से जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। पिता-पुत्र और कंटेनर चालक की मौके पर मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल खलासी की अस्पताल ले जाने पर मौत हो गई। पुलिस ने कार सवार पिता-पुत्र के बाद कंटेनर चालक व खलासी की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र के तौलकपुर खरगपुर निवासी श्याम कृष्ण यादव (70) सेवानिवृत्त अध्यापक हैं। कैंसर से पीड़ित हैं। वह अपने होम्योपैथिक चिकित्सक पुत्र डॉ अनुराग यादव (42) के साथ इलाज कराने वाराणसी कैंसर अस्पताल जा रहे थे। कछवां थाना क्षेत्र के कटका हाईवे के पास दो कंटनेर खड़े थे। दोनों कंटेनर के बीच एक कंटेनर की जगह बची थी। पीछे वाले कंटेनर के चालक 25 वर्षीय सरोज महतो निवासी सहिबार बुर्ज थाना रोसड़ा समस्तीपुर बिहार अपने खलासी 20 वर्षीय अजीत उपाध्याय उर्फ भोलू निवासी हरदत्ता थाना औरंगाबाद बिहार के साथ खाना खाकर दाहिनी ओर से बांयी ओर खड़े कंटेनर की ओर आ रहा था। तभी आ रही कार ने दोनों को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर आगे कंटेनर में जा टकराई। आधे से अधिक कार कंटेनर में जा घुसी।

हादसे में कार सवार पिता-पुत्र और कंटेनर चालक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही कार सवार के परिजन आ गए।

किसी तरह से शवों को कार से बाहर निकाला गया। क्रेन की मदद से गाड़ियों को हटवाया गया। एएसपी सिटी नितेश सिंह और सीओ सदर अमर बहादुर मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

पिता की कीमोथेरेपी कराने जा रहे थे अनुराग

कछवां। सेवानिवृत्त अध्यापक श्याम कृष्ण के दो बेटे अनुराग कृष्ण और अभिनव कृष्ण हैं।

अनुराग होम्योपैथिक डॉक्टर और अभिनव सीबीआई मुंबई में तैनात हैं। एक बेटी शिप्रा यादव जो पूर्व जिला पंचायत सदस्य मऊआईमा प्रयागराज है। शिप्रा के पति अभिषेक यादव वर्तमान जिला पंचायत सदस्य हैं। अनुराग की दो बेटियां आराध्या (10) और आबू (7) है।

जिला पंचायत सदस्य अभिषेक ने बताया कि ससुर श्याम कृष्ण को दो वर्ष पहले कैंसर हुआ था। अनुराग सुबह करीब छह बजे वाराणसी के टाटा अस्पताल में कीमोथेरेपी कराने ले जा रहे थे।

कुछ देर बाद हादसे की सूचना मिली। कैंसर पीड़ित होने के बावजूद भी इस उम्र में पीसीएस के बच्चों को मोबाइल फोन से कोचिंग पढ़ाते थे।

लोक अदालत के प्रचार वाहन को जिला जज, एसपी और एडीएम ने दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

आज प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्योत्सना यादव की देखरेख में जनपद न्यायालय कन्नौज से जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झा द्वारा आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर परिवार न्यायालय, एम0ए0सी0टी0 कोर्ट, पुलिस कार्यालय, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, सी0एम0ओ0, नगरपालिका सदर जिला अस्पताल, से होते हुये पाल चौराहा, तहसील सदर, ग्राम न्यायालय तिर्वा, तहसील तिर्वा, एवं बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, तहसील छिबरामऊ के गाँवों के साथ ही साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जनपद न्यायालय कन्नौज से रवाना किया गया। इस मौके पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना परितोष अधिकरण, बाह्य न्यायालय छिबरामऊ अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, द्वारा भी प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया, जिससे प्रत्येक तहसील के गाँवों एवं सुदुर क्षेत्रों में लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से लोंगों को जागरूक किया जा रहा है।

प्रभारी सचिव ज्योत्सना यादव द्वारा लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में पत्रकारों के साथ बैठक आहूत कर 13 दिसम्बर 2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अधिक से अधिक व्यापक प्रचार प्रसार किये जाने का आग्रह किया गया। एवं लोक अदालत की आवश्यता एवं लाभ के विषय पर कार्यक्रम कर लोक अदालत में अपने-अपने मामलों को सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाने हेतु जनपद के वादकारियों से अपील की गयी।

कलेक्ट्रेट परिसर से जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन और अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर एडीएम देवेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत त्वरित,

सरल एवं किफायती न्याय प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वाद–जैसे दाखिल-बंदी, बिजली बिल, बैंक रिकवरी, बीमा दावे, वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद तथा अन्य आपसी सहमति से निस्तारित होने योग्य प्रकरण–सहजता से समाधान किए जाते हैं।

प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि, प्रक्रिया तथा इसके लाभों के बारे में जागरूक करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लेकर अपने लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करा सकें।

मंत्री ने कार्यकर्ताओं को समझाई एस आई आर की प्रक्रिया, अखिलेश पर साधा निशाना

जन एक्सप्रेस। कन्नौज। भाजपा कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए समाज कल्याण मंत्री ने बैठक की। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर निशाना भी साधा। शहर के सरायमीरा के कटियार मोहल्ला स्थित हरदेव मन्दिर परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बैठक की। यहां कार्यक्रम के बाद मंत्री असीम अरुण ने मीडिया से बात की और एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहाकि एसआईआर को लेकर अखिलेश यादव भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह सफल नहीं होते। उत्तर प्रदेश और भारत के लोग स्मार्ट हैं। उन्हें पता है कि वोटर लिस्ट की शुद्धिकरण का काम है एसआईआर। जो लोग फर्जी तरह से जुड़े हुए थे उन्हें हटाने और जो लोग वोटर हैं, उन्हें अधिकारपूर्वक जोड़ने के लिए एसआईआर है। ये कोई नई प्रक्रिया नहीं है। ये हमेशा से चलती रही है।

चकबंदी रोकने की मांग कर रहे किसानों ने दी सामूहिक आत्मदाह की धमकी

- बन्दोबस्त अधिकारी ने दिया न्याय का भरोसा, मंत्री ने कहा रुकवा देंगे प्रक्रिया

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जलालाबाद क्षेत्र में चल रही चकबन्दी प्रक्रिया को निरस्त कराने के लिए शनिवार को सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां प्रदर्शन करते हुए बन्दोबस्त अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए इसे निरस्त कराने की मांग की। ऐसा न होने पर किसानों ने सामूहिक रूप से आत्मदाह करने की बात कही है।

जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र में इन दिनों चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है। आरोप है कि चकबन्दी से जुड़े लेखपाल व अधिकारी कीमती जमीनों को दूसरों के हिस्से में शामिल करने की सेटिंग कर के किसानों का शोषण कर रहे हैं जबकि सड़क से दूर सस्ती जमीनें किसानों के खाते में जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरी चकबन्दी प्रक्रिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

कस्बे से लेकर ग्राम पंचायत सचिवालय तक चकबन्दी के विरोध में किसान प्रदर्शन कर चुके, लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो शनिवार को तमाम किसान एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए।

यहां डीएम कार्यालय के बाहर किसानों ने प्रदर्शन किया और नारेबाजी भी की। किसानों का प्रदर्शन देखकर एसडीएम न्यायिक सदर/ बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अविनाश कुमार गौतम वहां पहुंच गए और किसानों से बात कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। एसडीएम ने कहा कि अभी एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। उसके बाद चकबन्दी का भौतिक सत्यापन करवाकर आगे निर्णय लिया जाएगा। हालांकि किसान सिर्फ चकबन्दी प्रक्रिया को निरस्त कराने की मांग और अड़े रहे। किसानों ने कहा कि यदि चकबन्दी प्रक्रिया निरस्त न की गई तो वह लोग आत्मदाह करने पर विवश होंगे।

किसान कन्हैया तिवारी ने कहा कि चकबन्दी के नाम पर किसानों की कीमती जमीनें दूसरों को दी जा रहीं हैं। जिससे किसानों का शोषण हो रहा है। सभी लोगों की मांग है कि चकबन्दी प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो वह लोग धरना-प्रदर्शन पर डटे रहेंगे। उधर किसानों ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से भी मुलाकात की और समस्या से अवगत कराया। मंत्री ने चकबन्दी प्रक्रिया रुकवाने का भरोसा दिया। जिस ओर किसानों ने खुशी का इजहार किया।

सेवानिवृत्ति के अवसर पर विकास भवन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

उन्नाव-जिला विकास कार्यालय उन्नाव में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात रहे अनिल कुमार शर्मा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विकास भवन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन जिला विकास अधिकारी देव कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में किया गया ज्ञात हो अनिल कुमार 29 जनवरी सन 1985 को ग्राम विकास विभाग में मृतक आश्रित कोटे में अपना योगदान अपने पिता ग्राम विकास अधिकारी के देहावसान के बाद लिपिक पद पर किया था।

आज सेवा निवृत्ति के दिन ग्राम विकास विभाग में कुल चालीस वर्ष दस माह का बेदाग सेवाकाल अनिल कुमार ने पूरा किया है।

समारोह का संचालन कर रहे ग्राम विकास अधिकारी पुत्तन लाल पाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अनिल कुमार के पत्नी सहित एक विवाहित बेटी और दो बेटे है जिसमे बड़े बेटे अनुराग बिजली विभाग में एक्जूकेटिव असिस्टेंट के पद पर जहाँ तैनात है वही छोटा बेटा आयुष अभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह मुनेश चंद्र डी सी मनरेगा ने भी समारोह को सम्बोधित किया दीपक श्रीवास्तव देवेश कुमार दीपक सिंह पूजा अंजुमन मनोज हीरा बाबू आदि स्टाफ के कर्मचारियों ने माला फूल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अनिल कुमार को सम्मानित किया इस अवसर पर अनिल कुमार की धर्मपत्नी सहित उपस्थित समस्त परिवारी जनों को भी सम्मानित किया गया अपने संबोधन में जिला विकास अधिकारी ने कहा कि अनिल कुमार कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे जिनकी कमी विभाग को महसूस होगी बतौर मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त हुए अनिल कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि चालीस वर्ष दस माह की सेवा ग्राम विकास विभाग की करके अपने आपको जहाँ गौरव की अनुभूति महसूस कर रहा हूँ वही इस विभाग ने मेरे सेवा काल में मुझे बहुत सम्मान और पहचान दी विभाग का हमेशा मैं ऋणी रहूँगा।

इस अवसर पर समारोह को परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह और डी सी मनरेगा मुनेश चन्द के अलावा अनिल कुमार की धर्मपत्नी अनीता शर्मा और उनके पुत्र आयुष और अनुराग ने भी समारोह को सम्बोधित कर सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की इस अवसर पर देशरत्न शुक्ला रमेश पाल मधुबाला जंग बहादुर राम सागर यादव शशिकांत अवस्थी उत्तम अवस्थी सहित विभिन्न विकास खण्डों से आए एक सैकड़ा कर्मचारी इस समारोह के साक्षी बने।

अधिक यूरिया का प्रयोग फसल के लिए नुकसान देय : सन्तोष

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया है कि जनपद कन्नौज में आलू एवं गेंहूँ की फसल में आवश्यकता से अधिक यूरिया का प्रयोग फसल को नुकसान पहुँचाता है। आलू की खड़ी फसल यदि बलुई मिट्टी होने पर 20 से 25 किग्रा यूरिया प्रति बीघा के हिसाब से तीन भागों में बॉटकर बुबाई के 20 से 25 के दिन बाद, 30 से 35 दिन के बाद एवं 35 से 40 दिन के बाद ओट आने पर प्रयोग करें, यदि मिट्टी दोमट होने पर 20 से 25 किग्रा0 यूरिया को दो भाग में बॉटकर बुवाई के 25 से 30 दिन, एवं 35 से 40 दिन के बाद ओट आने पर प्रयोग करें।

गेहूँ की खड़ी फसल में 11 से 12 किग्रा यूरिया को प्रति बीघा के हिसाब से दो भागों में बॉटकर प्रथम सिंचाई तथा तीसरी सिंचाई के बाद ओट आने पर प्रयोग करें, तथा धान की फसल कटाई के बाद गेंहूँ की बुवाई की गयी है तो खड़ी फसल में यूरिया 13 से 14 किग्रा0 प्रति बीघा के हिसाब से दो भागों में बॉटकर प्रथम सिंचाई के बाद तथा तीसरी सिंचाई के बाद ओट आने पर प्रयोग करें।

आवश्यकता से अधिक नाइट्रोजन (यूरिया) का उपयोग सिंचाई से पूर्व करने से यूरिया लीच होकर जमीन के अन्दर चला जाता है जो फसलों के जड़ क्षेत्र से बाहर होने के कारण पौधों को प्राप्त नहीं होता है। जिससे अर्थिक नुकसान के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता खराब होती है। किसान भाई आलू बुवाई के 50 दिन बाद यूरिया का उपयोग किसी भी दशा में न करें, क्योंकि पौधों के बढ़वार होने पर आलू के कंद की वृद्धि कम होती है, परिणाम स्वरूप उपज घट जाती है। अधिक यूरिया के प्रयोग से फसल में रोग एवं कीटों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसलिए किसान साथियों का सुझाव है कि यूरिया का प्रयोग उचित मात्रा में तथा उचित समय पर करें जिससे आपकी बचत में वृद्धि के साथ ही मृदा में जीवांश की मात्रा संतुलित बनी रहे।

एसआईआर के फॉर्म भरवाने में कोई भी मतदाता छूटने ना पाए, जिला अधिकारी

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, एसआईआर फॉर्म भरवाने में तेजी लाने पर दिया जोर, जिलाधिकारी बोले, बीएलओ गंभीरता से कार्य करें,कोई भी मतदाता फॉर्म भरने से वंचित न रहे जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के सम्बंध में नागरिको से की अपील, विशेष ध्यान देकर सभी मतदाता अपना-अपना गणना प्रपत्र भरकर बी एल ओ को दें

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

शनिवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के दृष्टिगत,विशेष प्रागढ़ पुनरीक्षण के चल रहे कार्य का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विधानसभा 165-उन्नाव क्षेत्र में जाकर भाग संख्या 216 मैचलेस स.वि.म.इ.का.आदर्श नगर कक्ष संख्या 1 व भाग संख्या 217 मैचलेस स0वि0म इ0 का0 आदर्श नगर कक्ष संख्या 2 का औचक निरीक्षक किया गया। जहाँ पर उपस्थित बी.एल.ओ.के साथ क्षेत्रीय आंगनबाडी, आशा बहुएं, सुपरवाईजर तथा सभासद उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने भाग संख्या 216, 217, 218, व 219 के बी.एल. ओ. से कुल मत दाता डुप्लीकेट तथा शिफ्टेड मत दाताओं की संख्या व जमा किए गए एस आई आर फॉर्म की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने वीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान में तेजी लाई जाए एसआईआर के फॉर्म भरवाने में कोई भी मतदाता छूटने ना पाए यह विशेष ध्यान दिया जाए। सक्रिय रूप से कार्य करें। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित, सभासदों से अपील कि वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के सम्बन्ध में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएं, डुग्गी पिटवायें तथा गाडियों के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार कराये, ताकि उक्त कार्य की महत्ता को समझकर मतदाता बी.एल.ओ.को अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करे ताकि शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत उक्त कार्य पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी ने उपस्थित बी.एल.ओ. को डुप्लीकेट तथा शिफ्टेड मतदाताओं को सूचीबद्ध कर स्थानीय बी.एल.ए. व सभासदों के माध्यम से उक्त सूची का सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये।

कहा कि कोई भी मतदाता छूटने न पाये गंभीरता से कार्य करें। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी सदर ऋतिज कुमार द्विवेदी सहित व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

राजमार्ग स्थित कालेज में रोजगार मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। जिला सेवायोजन कार्यालय के निर्देशानुसार शनिवार को चमरौली गांव में स्थित दयानंद दीनानाथ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के सभागार में बेरोजगार युवाओं की भर्ती हेतु एक बड़ा साक्षात्कार आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के अधिकारियों ने प्रतिभागी युवाओं का चयन किया, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े।

आयोजन में मध्य प्रदेश के बदनावर की प्रसिद्ध कंपनी सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड सहित कई अन्य कंपनियों ने भाग लिया। सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड, जो पवनचक्की में ब्लेड निर्माण का कार्य करती है, ने 22 युवाओं का साक्षात्कार लिया और उनकी योग्यता तथा आवश्यकताओं के अनुसार 13 उम्मीदवारों का चयन किया। शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, जिसका मुख्यालय लखनऊ में है, कृषि क्षेत्र में फील्ड ऑफिसर के पदों के लिए युवाओं को भर्ती कर रही है। साथ ही, पंतनगर स्थित हर्बल लाइफ कंपनी ने अपने ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों के लिए स्नातक डिग्री वाले योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार के माध्यम से चुना। इस कंपनी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस. ए. अंसारी ने बताया कि आठ उम्मीदवारों में से तीन को अंतिम चयन मिला है। पुखराज हेल्थ केयर प्रा. लि. ने मैनेजर और सुपरवाइजर पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार आयोजित किए, जबकि रायबरेली के स्टार ग्रुप मेन पावर सर्विस ने लोन एडवाइजर पद के लिए युवाओं की योग्यता परखने के लिए इंटरव्यू लिया। इसके अतिरिक्त एलआईसी ने एजेंट पद के लिए भी भर्ती प्रक्रिया पूरी की। कुल मिलाकर इस भर्ती कार्यक्रम में करीब पचास युवाओं ने आवेदन किया और उनके साक्षात्कार लिए गए।

दस दिव्यांगजनो को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिलें

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

विकास भवन परिसर में आज एक सामाजिक उत्थान कार्यक्रम का आयोजन किया गया,

जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण द्वारा दिव्यांगजनों को 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिलों का वितरण किया गया।

यह वितरण उत्तर प्रदेश सरकार की मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण योजना के अंतर्गत किया गया है।

इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को प्रदत्त ट्राईसाइकिल पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 25,000 रुपये तथा विधायक निधि से 20,000 रुपये का सहयोग प्रदान किया गया,

जिससे पात्र लाभार्थियों को बेहतर गतिशीलता तथा आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में प्रोत्साहन प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया गया तथा लाभार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

टीकाकरण के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मासूम की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। विकासखंड के गांव मकूर में टीकाकरण के बाद बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को गांव में बच्चे का टीकाकरण किया था। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नवाबगंज विकासखंड की ग्राम सभा मकूर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम बच्चों का टीकाकरण करने के लिए गई थी। इस दौरान आशा निशा देवी के क्षेत्र मार्क्स नगर में 12 बच्चों का टीकाकरण एएनएम द्वारा किया गया। जिसमें सूरज के तीन माह के बेटे का भी टीम ने टीकाकरण किया था। परिजनों का आरोप है कि बच्चे को 4 टीके लगाए गए। जिसके बाद घर आने पर बच्चा सुस्त हो गया। उसके बाद शरीर में लाल चकत्ते जैसे होने लगे और नाक से खून भी आया। जबतक कुछ समझ पाए बच्चे की मौत हो गई। शनिवार सुबह बच्चे की मौत की जानकारी गांव में फैलने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी पर अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह पहुंचे तो परिजन टीका लगाने वाली टीम पर कार्यवाही और मुकदमा की मांग के साथ हंगामा करने लगे।

जिसके बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविंद चौरसिया ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ पंकज वर्मा ने बताया कि मकूर में एएनएम पद रिक्त है, शुक्रवार को अन्य क्षेत्र की एएनएम ने गांव में टीकाकरण किया था। बच्चे की मौत होना जांच का विषय है। मामले की जांच के लिए टीम गठित की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

डायल-112 द्वारा नुक्कड़ नाटक व एल.ई.डी.वैन से प्रचार-प्रसार

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

आपातकालीन सेवा डायल-112 और उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु आज जनपद में एक विशेष जन-जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के तहत डायल-112 मुख्यालय, लखनऊ से कन्नौज आयी 14 सदस्यीय टीम(पुलिस कर्मी, नुक्कड़ नाटक के कलाकार, उद्घोषक और एल0ई0डी0 वैन दल) द्वारा आज अभियान के प्रथम दिवस पर उक्त टीम द्वारा कोतवाली कन्नौज क्षेत्र के प्रमुख भीड़-भाड़ वाले स्थानों कन्नौज बस स्टैंड, गोमती देवी इंटर कॉलेज व गोल कुआं चौराहे पर नुक्कड़ नाटक और एल0ई0डी0 वैन के प्रदर्शन के माध्यम से महिला सुरक्षा पुलिस सहायता, आगजनी, या मेडिकल इमरजेंसी में तत्काल 112 की उपलब्ध सेवाओं के बारे में जनता को जागरूक किया गया। इस नुक्कड़ नाटक और प्रचार अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस, महिलाओं और छात्र-छात्राओं को यह समझाना है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति (जैसे- पुलिस सहायता, आगजनी, या मेडिकल इमरजेंसी) में तत्काल 112 डायल करें।

एक्सप्रेस खबरें...

ईएमटी प्रशिक्षण का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राम नगर में बीती 11 नवंबर से 108 और 102 ईएमटी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हो रहा है, जिसमें बाराबंकी, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती इन चार जिलों के प्रतिभागी शामिल हैं। प्रशिक्षण के 10वें बैच के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में संजय तिवारी, ब्लॉक प्रमुख राम नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थिति दर्ज की। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राम नगर के अधीक्षक, डॉ प्रणव कुमार श्रीवास्तव, चीफ फार्मासिस्ट मो. अल्ताफ तथा सभासद गण भी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में लखनऊ से आए ट्रेनर अभिषेक कुमार, महाराज दीन ओझा और क्वालिटी ऑडिटर कपिल देव सिंह ने ईएमटी को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों, इक्यूपमेंट और दवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान 108 जिले के प्रभारी नवीन कुमार और इरफान अहमद ने ईएमटी को उनके ऑपरेशन पैरामीटर के बारे में जानकारी प्रदान किया। मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों ने सभी ईएमटी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें समय पर मरीज तक पहुंचने, उपचार प्रारंभ करने एवं मरीजों को अस्पताल तक सुरक्षित और शीघ्र पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दक्षता भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करेगी।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 183 जोड़ो का हुआ विवाह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। शनिवार को राजकीय इण्टर कॉलेज के आडिटोरियम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में 178 हिन्दू तथा 05 मुस्लिम कुल 183 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस मौके पर राजरानी रावत ने कहा कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित करके पुनीत कार्य किया है। इस योजना के कारण अब ऐसी कोई भी बेटी नहीं है, जिसकी गरीबी के कारण शादी न हो पाये क्योंकि सरकार अब वंचित बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में करा रही है। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत एमएलसी अंगद कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविन्द सिंह, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बनायी गयी सोलर हेल्प डेस्क

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर आवेदको, उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु सोलर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसमें विद्युत वितरण खंड वार कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। विद्युत वितरण खंड बाराबंकी में सोलर हेल्प डेस्क के लिए कार्मिक हर्षवर्धन गुप्ता, कार्यकारी सहायक और मोहम्मद शाहबाज, कंप्यूटर ऑपरेटर, मो.की ड्यूटी लगाई गई है। विद्युत वितरण खंड हैदरगढ़ में शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु बनाए गए हेल्पडेस्क में कार्मिक श्री पुष्पेंद्र कुमार, शिविर सहायक और श्री सुजीत कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है। विद्युत वितरण खंड रामसनेहीघाट में पीएम सूर्य घर योजना पटल का कार्य नियमित अनुसरण व संपादन विष्णु यादव कार्यकारी सहायक के द्वारा किया जाएगा। विद्युत वितरण खंड रामनगर में हेल्प डेस्क के लिए कार्मिक राजमणि सिंह, कार्यकारी सहायक की ड्यूटी लगाई गई है। विद्युत वितरण खंड फतेहपुर में उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु स्थापित किए गए सोलर हेल्प डेस्क में कार्मिक सुरेश कुमार यादव, कार्यकारी सहायक और आलोक वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की हकीकत जांचने निकली डिप्टी कलेक्टर राय

जन एक्सप्रेस। कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के प्रभावी संचालन की समीक्षा हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली एवं डिप्टी कलेक्टर नवनीता राय ने आज विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक भ्रमण किया। अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का मौके पर जाकर जायज़ा लिया तथा संबंधित कार्मिकों से मतदाता सूची अद्यतन कार्य की स्थिति, घर-घर सर्वे, दावों/आपत्तियों के निस्तारण एवं प्रपत्रों की उपलब्धता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएलओ एवं संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने और त्रुटियों के शुद्धिकरण के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची को शत-प्रतिशत अद्यतन सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो सके।

कागजो पर ही चला गड्ढामुक्त अभियान, नागरिकों का चलना हुआ दुश्वार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज ब्लॉक इलाके में सड़कों की मरम्मत में कथित खानापूर्ति को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बंभनावा से चन्द्रसिहाली, भिखारीपुर मार्ग और मसुरिहा से सालपुर कुटी तक की सड़कों पर पीडब्ल्यूडी द्वारा हाल ही में गड्ढा मुक्ति अभियान के तहत सड़क दुरुस्तीकरण का काम कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग और ठेकेदार ने केवल औपचारिकता निभाई है। स्थानीय निवासी जिसमें गिरिजा शंकर, रामसेवक राममूर्ति, सत्येंद्र चैहान, रामू, अमित, बबलू और धर्मेंद्र चैहान ने बताया कि दोनों मार्गों पर विभागीय अधिकारी और कर्मचारी के साथ ठेकेदार की मिली भगत से सिर्फ खाना पूर्ति की गई है दोनों सड़कों पर अधिक से अधिक गड्ढे बरकरार हैं। कई जगहों पर केवल ऊपर से थोड़ी सी गिट्टी और डामर डालकर काम पूरा कर दिया गया, जिसके कारण सड़कें और अधिक खराब हो गई हैं। सड़कों की बदहाली के कारण आवागमन पहले से भी अधिक मुश्किल सा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि सड़कों का पुनः निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए। लोक निर्माण विभाग के क्षेत्रीय जेई ज्ञानेंद्र मौर्य ने बताया कि पैचअप का कार्य विभाग द्वारा जितना दिया गया था उससे अधिक कार्य कराया गया है फिर भी यदि कहीं-कहीं छोटे मोटे गड्ढे छूट गए होंगे उन्हें भी दुरुस्त कराया जाएगा। ग्रामीणों की माने तो विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों किमली भगत से इस तरह के कार्य हो रहे हैं

ऑपरेशन सिंदूर : नागरिक-सैन्य सहयोग का मिसाल: राजनाथ सिंह

- मसूरी में एलबीएसएनएए के समापन समारोह को संबोधित
- प्रशासन और सेना ने मिलकर जनता में भरोसा बढ़ाया : राजनाथ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक और सैन्य तंत्र के बेहतरीन तालमेल का शानदार उदाहरण है। उनके मुताबिक, इस ऑपरेशन में प्रशासन और सेना ने मिलकर अहम जानकारी लोगों तक पहुंचाई और उनमें भरोसा पैदा किया। राजनाथ सिंह उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सैनिकों की तरह हमेशा तत्पर रहें लोक सेवक: राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने युवा लोक सेवकों से कहा कि वे देश के हितों की रक्षा में अपनी अहम जिम्मेदारी समझें और कठिन परिस्थितियों में भी सैनिकों की तरह हमेशा तैयार रहें। उन्होंने दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर में प्रशासनिक मशीनरी और सेना ने बिना किसी बाधा के काम किया और जनता तक जरूरी जानकारी पहुंचाई, जिससे लोगों में भरोसा बढ़ा।

'सेना ने संतुलित तरीके से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को बनाया निशाना'

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को संतुलित और स्थिति न बढ़ाने वाले तरीके से नष्ट किया। लेकिन पड़ोसी देश के व्यवहार ने सीमा पर हालात को सामान्य होने नहीं दिया। रक्षा मंत्री ने सैनिकों की बहादुरी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने भी जरूरी सूचनाएं साझा करके और देशभर में मॉक ड्रिल करवाकर बहुत अहम भूमिका निभाई। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच तालमेल और बढ़ाना जरूरी है।

'तकनीक से हल करें जनता की समस्याएं'

राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकजनता के सेवक हैं, शासक नहीं। उनका व्यवहार ईमानदारी और निष्पक्षता से भरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों के काम में ऐसी संस्कृति दिखनी चाहिए, जहां ईमानदारी कोई विशेष नहीं, बल्कि रोजमर्रा का सामान्य हिस्सा हो। उन्होंने कहा कि यह तकनीक का दौर है और नए अधिकारी जनता की समस्याओं का हल तलाशने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करें। तकनीक से लोगों तक पहुंच बढ़ेगी, पारदर्शिता आएगी और सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।

'भारत के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी महिलाएं'

उन्होंने यह भी कहा कि लोक सेवकों को हर नागरिक से सहानुभूति और समझ के साथ मिलना चाहिए। गरीब और कमजोर वर्गों से बात करते समय यह समझना चाहिए कि उनकी कठिनाइयां केवल उनकी अपनी कोशिशों की वजह से नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों की वजह से भी होती हैं। राजनाथ सिंह ने लोक सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस बार की संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में एक महिला ने पहला स्थान हासिल किया है और शीर्ष पांच में से तीन महिलाएं हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि 2047 तक कई महिलाएं कैबिनेट सचिव के पद तक पहुंचेंगी और भारत के विकास में बड़ी भूमिका निभाएंगी।

'आत्मनिर्भर भारत बनाने में लोकसेवकों की अहम भूमिका'

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन और सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र का जिक्र किया और कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में लोक सेवकों की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब (भाजपा के नेतृत्व वाली) सरकार बनी थी, तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। पिछले 9-10 वर्षों में भारत चौथे नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि मॉर्गन स्टेनली जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था भी कह रही है कि भारत अगले दो-तीन साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

यूएस-चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता

जयशंकर बोले, सप्लाई चेन पर बढ़ा रहा दबाव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और आर्थिक समीकरणों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय ऐसे मोड़ पर है जहां अमेरिका और चीन की नई नीतियों ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। बदलते हालात में देशों के सामने यह तय करना मुश्किल हो गया है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उन समझौतों पर जो बैक चैनल में होते रहते हैं। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका अब पुराने ढांचे के तहत दुनिया का नेतृत्व नहीं कर रहा, बल्कि एक-एक देश के साथ सीधे और नई शर्तों पर बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर, चीन भी अपने नियमों पर ज्यादा कठोरता से काम कर रहा है। इस स्थिति में दुनिया के कई देश असमंजस में हैं और संभावित जोखिमों से बचने के लिए सभी विकल्प खुले रख रहे हैं।

वैश्विक दबाव और देशों की रणनीति

उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण, सप्लाई असुरक्षा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण देश हर आकस्मिकता के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जहां संभव हो, वे कठिन विकल्पों से बच रहे हैं और जहां फायदा दिख रहा है, वहां तुरंत निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण विभिन्न क्षेत्रों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स की मांग और उत्साह में तेजी आई है।

चीन की हिस्सेदारी और सप्लाई चेन संकट

जयशंकर ने बताया कि वैश्विक उत्पादन का एक तिहाई हिस्सा आज चीन में होता है, जिससे सप्लाई चेन की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं। संघर्षों और जलवायु संकटों ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। ऊर्जा के मामले में अमेरिका अब बड़ा निर्यातक बन गया है, जबकि चीन नवीकरणीय ऊर्जा पर हावी है। यह बदलाव वैश्विक संतुलन को प्रभावित कर रहा है।

व्यापार, मांग और वित्तीय अस्थिरता

उन्होंने कहा कि व्यापार में मांग की अनिश्चितता और सप्लाई की बाधाएं जोखिम बढ़ा रही हैं। टैरिफ रेट्स में उतार-चढ़ाव से वैश्विक व्यापार पर अस्थिरता आई है। वित्तीय क्षेत्र में प्रतिबंधों का बढ़ता उपयोग, संपत्तियों की जब्ती और ब्लॉकचेन तकनीक का उभार नए वैश्विक वित्तीय ढांचे का संकेत दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया एक ऐसी स्थिति में प्रवेश कर रही है जहां हर देश अपनी सुरक्षा, आर्थिक हितों और भविष्य की रणनीति को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। अमेरिका और चीन दोनों के साथ सीधे संवाद करते हुए देश समानांतर विकल्प भी तलाश रहे हैं ताकि किसी भी संकट में वे प्रभावित न हों।

डॉ. शाहीन के फ्लैट से मिले 18.5 लाख सोने के बिस्किट और विदेशी करेंसी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फरीदाबाद

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग की कमांडर डॉ. शाहीन चार साल सऊदी अरब में भी रही है। साल 2014 से 2018 के दौरान उसने सऊदी अरब के मेडिकल कॉलेज में बतौर प्रोफेसर नौकरी की। साल 2018 में भारत लौटने के बाद 2021 तक तीन साल उसने कुछ नहीं किया। वो घर पर ही रहती थी।

तीन साल खाली रहकर फैलाया आतंकी नेटवर्क

फिर 2021 में उसने अल फलाह यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की नौकरी हासिल कर ली। जांच एजेंसी के सूत्रों की मानें तो सऊदी अरब से जब वो लौटी तो आतंकी संगठन के संपर्क में आ चुकी थी। इसी दौरान जब वो तीन साल खाली रही तो वो आतंकी गतिविधियों में लिप्त हो गई और अपना नेटवर्क फैलाने लगी। इस दौरान उसे टेरर फंडिंग के रुपये भी काफी मिले। साल 2021 में अल फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत होने के बाद उसने यहां व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल के तहत अन्य डॉक्टरों से संपर्क बढ़ाया। इसमें वो डॉ. मुजम्मिल के बेहद करीब आ गई थी। दोनों के बीच नजदीकीयां काफी बढ़ गईं और प्यार और शादी तक ये रिश्ता पहुंच गया। इसके पीछे भी मकसद अपने नेटवर्क को बढ़ाना और अन्य लोगों को उसमें शामिल करना ही रहा। मामले में अब तक की जांच जम्मू कश्मीर पुलिस, दिल्ली स्पेशल सेल की टीम ने की थी। इस दौरान दोनों ही टीमों ने अल फलाह यूनिवर्सिटी में डॉ. शाहीन के फ्लैट नंबर 32 के लॉकर आदि की जांच की। यहां पर टीम को एक डिजिटल लॉकर भी मिला था, जिसे टीम पहले खोल नहीं सकी थी। गुरुवार रात एनआईए की टीम डॉ. शाहीन को निशानदेही के लिए लेकर पहुंची तो टीम ने उससे ये डिजिटल लॉकर खुलवाया।

लॉकर से 18.5 लाख कैश, सोने के बिस्किट और गहने मिले

लॉकर खोला गया तो उसमें कई सारे पैकेट दिखे जिसमें खाकी रंग की टेप भी लगी थी। शाहीन से उनके बारे में पूछा तो बोली कि इन पैकेट में सामान है। पैकेट खोलकर चेक किया तो उसमें 500 के नोट भरे थे। सभी पैकेट खोलकर चेक किए तो इनमें 18.50 लाख रुपये नकद, सोने के दो बिस्किट, गहने मिले। सोने के बिस्किट व जूलरी का कुल वजन 300 ग्राम पाया गया। इसके साथ ही सऊदी अरब की करेंसी भी लॉकर से टीम को मिली।

'ओडिशा में माओवाद को मार्च 2026 तक पूरे नेटवर्क को करेंगे खत्म'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा में माओवाद के खिलाफ लड़ाई को निर्णायक मोड़ देने के लिए सीमा सुरक्षा बल ने मार्च 2026 तक राज्य को माओवादी प्रभावित क्षेत्रों से पूरी तरह मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। भुवनेश्वर में बीएसएफ के आईजी शिव अधर श्रीवास्तव ने बताया कि यह लक्ष्य बल का शीर्ष ऑपरेशनल टारगेट है और इसके लिए लगातार तेज, सटीक और टेक्नोलॉजी आधारित अभियानों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि अब तक की प्रगति बेहद महत्वपूर्ण है और माओवादियों की पकड़ स्पष्ट रूप से कमजोर हुई है। श्रीवास्तव ने कहा कि बीएसएफ ओडिशा पुलिस और अन्य केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर तकनीक-संचालित और ह्यूमन-हिंट आधारित अभियानों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि इन ऑपरेशनों का मकसद न सिर्फ माओवादी नेटवर्क को तोड़ना है, बल्कि उन रास्तों को भी बंद करना है जिनसे नक्सली छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश से ओडिशा में प्रवेश करते हैं। आईजी ने कहा कि माओवादी गतिविधियों को रोकने के लिए जमीनी सूचना, लंबी अवधि के ऑपरेशन और दुर्गम इलाकों में लगातार दबाव बनाने की रणनीति अपनाई गई है।

माओवादियों की कमजोर होती पकड़

बीएसएफ के मुताबिक 2010 से ओडिशा में चल रहे अभियानों में अब तक 86 माओवादी मारे गए हैं, 710 को गिरफ्तार किया गया है और 2,508 ने सरेंडर किया है। इसके अलावा 566 आईईडी और लाइव बमों को निष्क्रिय किया गया। आईजी ने बताया कि कभी माओवाद का गढ़ माना जाने वाला 'कट-ऑफ क्षेत्र' अब 'स्वाभिमान अंचल' बन चुका है, जो अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कंधमाल जिले में नई तैनाती और नए यूनिटों की स्थापना ने स्थिति को और मजबूत किया है।

सात जिलों में बीएसएफ की मजबूत मौजूदगी

बीएसएफ की छह बटालियन वर्तमान में कोरापुट, मलकानगिरी, बौध, कालाहांडी, कंधमाल, रायगढ़ा और नबरंगपुर जिलों में तैनात हैं। अधिकारी ने बताया कि दुर्गम इलाकों में लंबी अवधि के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जहां माओवादियों की मौजूदगी और आईईडी का खतरा अभी भी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पुनर्तैनाती और लगातार दबाव ने माओवादियों को कमजोर कर दिया है और बड़ी संख्या में वे आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

लोगों का भरोसा जीतने की कोशिश

श्रीवास्तव ने कहा कि बीएसएफ केवल अभियान नहीं चला रही, बल्कि स्थानीय आबादी का भरोसा जीतने पर भी जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि नागरिक एक्शन कार्यक्रम और आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम चलाए गए हैं। राज्य सरकार की सरेंडर पॉलिसी और 10 फीसदी अतिरिक्त प्रोत्साहन भी माओवादियों को मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा। हालांकि कालाहांडी, कंधमाल और बौध के घने जंगलों में अभी चुनौतियां बनी हुई हैं। माओवादी नेटवर्क से जुड़े नशा कारोबार और गांजा खेती भी एक बड़ी समस्या है।

समुद्र में भारत की बढ़ी ताकत : नौसेना को मिली ब्रह्मोस से लैस स्टेल्थ फ्रिगेट 'तारागिरि'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) ने प्रोजेक्ट 17-ए के तहत तैयार की गई स्टील्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) 'तारागिरि' को भारतीय नौसेना को सौंप दिया। यह निलगिरि-क्लास की चौथी और एमडीएल में बनी तीसरी फ्रिगेट है। इसे 28 नवंबर को मुंबई में सौंपा गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रोजेक्ट 17-ए फ्रिगेट्स बहुउद्देश्यीय युद्धपोत हैं, जिन्हें मौजूदा और भविष्य की समुद्री चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 'तारागिरि' उसी नाम के पुराने युद्धपोत का आधुनिक रूप है, जिसने 1980 से 2013 तक नौसेना में 33 वर्षों तक सेवा दी थी। नई 'तारागिरि' उन्नत स्टेल्थ तकनीक, बेहतर मारक क्षमता, अत्याधुनिक ऑटोमेशन और मजबूत सर्वाइवेबिलिटी से लैस है। मंत्रालय ने इसे युद्धपोत निर्माण में आत्मनिर्भर भारत की बड़ी उपलब्धि बताया है। इस युद्धपोत वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और वॉरशिप ओवरसीइंग टीम (मुंबई) की देखरेख में तय समय के भीतर बनाया गया। प्रोजेक्ट 17-ए के जहाजों में पिछली पी-17 (शिवालिक) क्लास की तुलना में अधिक आधुनिक हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए गए हैं। फ्रिगेट में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, एमएफस्टार रडार, एमआरएसएएम एयर डिफेंस सिस्टम, 76 मिमी गन, 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन वेपन सिस्टम के साथ पनडुब्बी रोधी रॉकेट व टॉरपीडो भी शामिल हैं।

तीन युद्धपोत 2026 तक नौसेना को सौंपे जाएंगे

पिछले 11 महीनों में नौसेना को यह प्रोजेक्ट 17-ए का चौथा जहाज मिला है। पहले दो जहाजों के अनुभव के कारण 'तारागिरी' का निर्माण समय घटाकर 81 महीने कर दिया गया, जबकि शुरुआती जहाज 'निलगिरि' में 93 महीने लगे थे। प्रोजेक्ट के बाकी तीन जहाज 2026 के अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से नौसेना को सौंपे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना में 75 प्रतिशत स्वदेशी हिस्सेदारी है।

शीतकालीन सत्र : इंडिया गठबंधन के नेता कल करेंगे बैठक, घेरने की रणनीति पर होगी चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता 1 दिसंबर को बैठक करेंगे। यह बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में आयोजित होगी। शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा, जिसकी घोषणा केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू कर चुके हैं। कांग्रेस, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का नेतृत्व कर रही है। सत्र के दौरान कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। पार्टी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम में मध्यस्थता के दावे पर संसद में विस्तृत चर्चा की मांग करेगी। इसके साथ ही चीन के साथ व्यापारिक और रणनीतिक मुद्दों को भी प्रमुख रूप से उठाया जाएगा।

'2029 में हर हाल में झांसी से लड़ूंगी लोकसभा चुनाव'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। टीकमगढ़

भारतीय राजनीति की प्रखर और स्पष्टवादी नेता पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार की शाम टीकमगढ़ स्थित अपने बड़े भाई स्वर्गीय स्वामी प्रसाद के फार्महाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। सबसे पहले उन्होंने बिहार की शराबबंदी का उल्लेख करते हुए कहा कि उसके पीछे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दृढ़ इच्छा शक्ति थी। उमा भारती ने कहा कि बिहार में नीतीश के विधायक भी शराब बेचते रहे, लेकिन नीतीश डटे रहे, तभी शराबबंदी संभव हो सकी। उन्होंने मध्य प्रदेश में भी समाज की भागीदारी को शराबबंदी की अनिवार्य शर्त बताया। आगामी चुनावों को लेकर उन्होंने बड़ा राजनीतिक बयान देते हुए स्पष्ट कहा कि 2029 में वह हर हाल में झांसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि 2024 का चुनाव उन्होंने केवल इसलिए नहीं लड़ा, क्योंकि उस समय वह गंगा सफाई अभियान में पूरी तरह व्यस्त थीं। देश में चल रही एसआईआर बहस पर उन्होंने कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि यह देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम है, जिसे राष्ट्रीय हित में देखा जाना चाहिए। हिंदू राष्ट्र पर अपनी राय देते हुए उमा भारती ने कहा कि भारत सांस्कृतिक रूप से हिंदू राष्ट्र है और हमेशा रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विचार सांप्रदायिकता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का विषय है। प्रेम विवाह को लेकर उन्होंने प्रगतिशील रुख अपनाते हुए कहा कि यदि दोनों परिवार सहमत हों तो जाति कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संतोष वर्मा के विवादित बयान की भी निंदा की। शराबबंदी पर बात करते हुए उमा भारती ने बताया कि टीकमगढ़ के कई ग्रामीण इलाकों में समाज ने स्वयं पहल कर शराबबंदी लागू की है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी और गौ सेवा समाज का काम है।

बहुमंजिला इमारत और स्थान परिवर्तन से मतदाता पुनरीक्षण हो रही प्रभावित

- जिला प्रशासन द्वारा एफआईआर के बाद सक्रिय हुए बीएलओ
- फटकार और सख्ती के बाद सम्मान भी दे रहे जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद जिला प्रशासन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए नित नए प्रयोग कर रहा है। बीते दिवस सख्त तेवर दिखाते हुए 22 बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाकर पूरे प्रदेश में संदेश दिया तो आज सफल बीएलओ को सम्मान देकर पुरस्कार राशि देकर सम्मान भी किया। एक बीएलओ को 10 हजार तो शेष को 5 हजार की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जिला प्रशासन सहित बीएलओ के पसीने छूटने लगे हैं। जिसके बाद जिला प्रशासन सख्त और सम्मान को रास्ता चुनने पर बाध्य सा हुआ है। बहुमंजिली इमारतों में रहने वाले में अधिकांश नौकरीपेशा होते हैं। जो सुबह शाम ही घरों पर उपलब्ध होते हैं। कुछ तो आवासीय पते बदल लेते हैं। जिसके कारण उन्हें समस्या आ रही है। जिला अधिकारी महानगरीय जीवन शैली को ध्यान में रखते हुए जनता से अपील किया है कि वह अपने अपने मतदाता केंद्र पर रविवार को पहुंचकर अपना फॉर्म संबंधित बीएलओ से लेकर पूर्ण करवाएं। जिससे उनका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित किया जा सके।

फटकार के बाद प्यार और दुलार

बीते दिवस विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही बरतने पर 21 बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद जनपद सहित पूरे प्रदेश में यह ख़बर सुर्खियों में रही तो शनिवार जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड़ द्वारा सफल और सराहनीय परिणाम देने वाले बूथ केवल आधिकारियों को कार्यालय बुलाकर उनके कार्यों की प्रशंसा के साथ सम्मान और पुरस्कार से सम्मानित किया । एक बीएलओ को 10000 तो शेष अन्य बीएलओ को 5000 की धनराशि पुरस्कार के रूप में दिया।

प्राथमिकी के बाद परेशान दिखे बीएलओ

जिला प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद जनपद के सुस्त पड़े बीएलओ में तेजी पकड़ लिया है । बीएलओ अपने साथ संबंधियों तक को गली गली कूचे कूचे घुमाकर फॉर्म वितरण करते देखे जा रहे हैं। कुछ बीएलओ तो अब राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं से गुहार तक लगाते दिखे ।जिससे कागजी कोरम में उनका कार्य दिखे । सबसे ज्यादा परेशानी ट्रांस हिंडन परिक्षेत्र वाले बीएलओ को हो रही है। फ्लैट संस्कृति के कारण इमारतों में अधिकांश में लिफ्ट की सुविधा का अभाव है। बिल्डर फ्लैटों में लिफ्ट की अनुपलब्धता के कारण परेशानी का सबब बन रही है। इसलिए बीएलओ भी चूक रहे हैं। लेकिन प्रशासनिक सख्ती के बाद उनके होश उड़े हुए हैं।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक, योजनाओं में गति और गुणवत्ता पर जोर

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

मेरठ मंडलायुक्त व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भानू चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण सचिव ने विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि प्राधिकरण की सभी योजनाओं के तलपट मानचित्र एक माह के भीतर तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं। इनमें अर्जित भूमि का कुल क्षेत्रफल, विकसित भूखंडों और भवनों का प्रतिशत, विवादित भूमि की स्थिति तथा न्यायालय में लंबित वादों का विवरण स्पष्ट रूप से शामिल हो। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया योजनाओं का सटीक मूल्यांकन करने और बैठकों में प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होगी। नई हरनंदीपुरम योजना पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने भूमि क्रय प्रक्रिया में गति लाने और तकनीकी विशेषज्ञता सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी सेवानिवृत्त अधिकारियों की शीघ्र भर्ती के निर्देश दिए। साथ ही योजना की प्लानिंग व डिजाइन एकसाथ तैयार कर उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप चरणबद्ध रूप से लागू करने पर बल दिया। औद्योगिक टाउनशिप परियोजना से जुड़े सर्वेक्षण कार्यों को भी जल्द पूरा करने के आदेश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क, सीवर, नाली और अन्य जनसुविधाओं से संबंधित कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा न करने पर ठेकेदारों के विरुद्ध पेनल्टी की कार्रवाई की जाएगी। शहर की पहचान और सौंदर्य बढ़ाने के लिए परियोजनाओं को आकर्षक व एकरूप स्वरूप में विकसित करने पर जोर दिया गया, ताकि उनका प्रभाव जयपुर की पिंक सिटी और लखनऊ के हजरतगंज जैसा दिखे। अंत में निर्देश दिया गया कि सभी अनुभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हर माह समीक्षा बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए, जिससे प्रगति की सतत निगरानी बनी रहे और बाधाओं का समय पर समाधान हो सके।